CMYK

अधिकतम : 29° C
न्यूनतम : 23° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, बुधवार 9 जुलाई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 329 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 13 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



यूपी में महिला आर्थिक सशक्तिकरण करेगा महिला सशक्तिकरण का मूल्यांकन पेज 2



टी-20 गेंदबाजों की सूची में शीर्ष स्थान के करीब पहुंची दीप्ति शर्मा खेल टाइम्स



ई-डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान सम्पादकीय



संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान पर प्रस्ताव के मतदान से अलग रहा भारत पेज 12

### यूपी की शिक्षा मंत्री गुलाब देवी का हापुड़ में एक्सीडेंट सिर में गंभीर चोट

**हापुड़।** यूपी की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी (70 साल) का मंगलवार को हापुड़ में एक्सीडेंट हो गया। उनकी एक्सयूवी पुलिस जीप से टकरा गई। सिर में चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हुई हैं। वहीं, ड्राइवर सतबीर के हाथ में चोट लगी है। हादसे के बाद मंत्री की गाड़ी में लगे एयरबैग नहीं खुले। मंत्री और ड्राइवर को रामा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। डीएम अभिषेक पांडे और एसपी ज्ञानंजय सिंह मौके पर पहुंचे। सीएमओ डाक्टर सुनील त्यागी की टीम मंत्री का इलाज कर रही है। मंत्री के सिर की एमआरआई कराई जा रही है।

### ट्रेड यूनियन्स का दावा 25 करोड़ कर्मचारी आज हड़ताल पर

**नई दिल्ली।** बैंक, बीमा, डाक, कोयला खनन, हाईवे, निर्माण, और कई राज्यों में सरकारी परिवहन जैसी अहम सेवाएं बुधवार (आज) 9 जुलाई को प्रभावित हो सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और उनके सहयोगी संगठनों का दावा है कि देशभर में बुधवार को 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। ट्रेड यूनियंस निजीकरण और 4 नए लेबर कोड्स के विरोध में हैं। ये केंद्र की उन नीतियों का विरोध कर रही हैं, जिन्हें वे मजदूर-विरोधी, किसान-विरोधी और कॉर्पोरेट समर्थक मानती हैं। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के मुताबिक देश में पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर में 56 करोड़ कर्मचारी है। इसमें इनफॉर्मल सेक्टर में 50 करोड़ और फॉर्मल सेक्टर में 6 करोड़ कर्मचारी है। फॉर्मल सेक्टर मतलब वो नौकरियां या बिजनेस जहां सब कुछ साफ-साफ और नियमों के तहत होता है।

### निष्क्रिय जन धन खाते नहीं होंगे बंद: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले वित्तीय सेवा विभाग ने स्पष्ट किया है कि उसने बैंकों को निष्क्रिय पड़े प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों को बंद करने के संबंध में कोई निर्देश नहीं दिया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को एक वक्तव्य जारी कर मीडिया में आई उन खबरों का खंडन किया जिनमें बैंकों को निष्क्रिय पड़े प्रधानमंत्री जन धन योजना खातों को बंद करने का निर्देश देने की बात कही गई है। वित्तीय सेवा विभाग ने स्पष्ट किया है कि उसने बैंकों को इस तरह का निर्देश नहीं दिया है।

### उत्तरकाशी में भूकंप के हल्के झटके

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में मंगलवार अपराह्न भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। इस दौरान, किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र और भूकंप एप से मिली जानकारी के अनुसार भूकंप का केंद्र तहसील मोरी क्षेत्र के ग्राम जखोल के जंगलों में था। इसकी तीव्रता 3.2 मैग्नीट्यूड और गहराई पांच किलोमीटर दर्ज की गई। भूकंप का केंद्र 31.22 उत्तरी अक्षांश और 78.22 पूर्वी देशांतर पर स्थित था।

## पुलवामा अटैक के लिए विस्फोटक अमेजन से खरीदा गया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल हुआ विस्फोटक ई- कॉमर्स वेबसाइट अमेजन से खरीदा गया था। दुनियाभर में आतंकी फंडिंग पर नजर रखने वाली संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। एफएटीएफ ने इस रिपोर्ट में 2022 में यूपी के गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर पर हुए हमले का भी जिक्र किया है।

यहां हमलावर आतंकी को ऑनलाइन मनी ट्रांसफर प्लेटफॉर्म पेपल के जरिये पैसे दिए गए थे। इन दोनों मामलों को उदाहरण के तौर पर पेश करते हुए संगठन ने आगाह किया है कि ई-कॉमर्स और



फाइल फोटो

डिजिटल भुगतान सेवाएं अगर गलत हाथों में जाएं, तो वे आतंक को बढ़ावा देने का माध्यम बन सकती हैं। एफएटीएफ की इस रिपोर्ट का नाम 'कॉम्प्रिहेंसिव अपडेट ऑन टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क' है। 131 पेज की यह रिपोर्ट बताती है कि कैसे आतंकवाद की फंडिंग के तरीके बदल रहे हैं। रिपोर्ट में यह बताया गया है कि आतंकी संगठन अब

**FATF की रिपोर्ट में खुलासा, गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले आतंकी को PayPal से हुआ था पेमेंट**

पारंपरिक फंडिंग तरीकों के साथ-साथ डिजिटल माध्यमों जैसे ऑनलाइन पेमेंट, गेमिंग प्लेटफॉर्म्स, सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स साइट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आतंकवाद से जुड़ी फंडिंग (टीएफ) की रणनीतियां एक जैसी नहीं होतीं, बल्कि अलग-अलग जगहों पर, अलग परिस्थितियों के हिसाब से अलग तरीके अपनाए जाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुत से देशों में आतंकवाद की फंडिंग को समझने और रोकने की क्षमता में अब भी बड़ी कमियां हैं और अगर इन्हें समय पर ठीक नहीं किया गया, तो आतंकी संगठन मौजूदा कमजोरियों का फायदा उठाते रहेंगे। इसमें यह बताया गया है कि किस तरह आतंकी संगठन अंतर्राष्ट्रीय फाइनेंशियल सिस्टम का इस्तेमाल अपनी गतिविधियों को जारी रखने और हमले करने के लिए करते हैं। एफएटीएफ ने दुनियाभर की सरकारों और डिजिटल कंपनियों को चेतावनी दी है कि वे इन प्लेटफॉर्म्स के दुरुपयोग को रोकने के लिए ठोस उपाय करें, क्योंकि ये अब आतंकी संगठनों के लिए एक नया और प्रभावशाली जरिया बनते जा रहे हैं।

## क्रिकेटर यश दयाल पर यौन शोषण का मामला दर्ज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**गाजियाबाद।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और उप्र के तेज गेंदबाज यश दयाल पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 के तहत यौन शोषण, शारीरिक हिंसा, मानसिक उत्पीड़न और शादी का झूठा वादा कर धोखाधड़ी करने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

उप्र के गाजियाबाद के इंदिरापुरम पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। गाजियाबाद की एक महिला द्वारा



दर्ज कराई गई शिकायत में दयाल के साथ उसके पांच साल के रिश्ते का जिक्र है। उसके अनुसार, क्रिकेटर ने उसे गुमराह करके यह विश्वास दिलाया कि वह उनसे शादी करेंगे और यहां तक कि उसे -शेष पृष्ठ दो पर

## ट्रम्प की टैरिफ स्ट्राइक, 14 देशों को झटका, भारत सुरक्षित

### जापान व स. कोरिया पर 25%, म्यांमार पर 40% टैरिफ, एक अगस्त से होगा लागू

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को बांग्लादेश- जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया है। ट्रम्प प्रशासन ने सोमवार को सभी प्रभावित देशों को औपचारिक रूप से लेटर भेजकर इस निर्णय की जानकारी दी। टैरिफ बढ़ाने के दायरे में भारत शामिल नहीं है।

इस फैसले के तहत कुछ देशों पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाया गया है, जबकि कुछ पर 30प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक का भारी शुल्क लगाया गया है। दक्षिण कोरिया और जापान के नेताओं को ट्रम्प ने सबसे पहले लेटर भेजा और कहा कि उनके



**भारत, यूरोपीय यूनियन के साथ ट्रेड डील जल्द जापान- साउथ कोरिया से नहीं हुई ट्रेड डील**

**ट्रम्प बोले- यूएस, भारत के साथ डील करने के करीब, भारत व अमेरिका वाशिंगटन में वार्ता कर रहे**

देश से आने वाले सामान पर अब 25 प्रतिशत शुल्क लगेगा। उन्होंने लिखा कि ये टैक्स इसलिए जरूरी हैं, ताकि अमेरिका और इन देशों के बीच व्यापार में जो असंतुलन है, उसे सुधारा जा सके। ये टैरिफ एक अगस्त से लागू होंगे। इसके साथ ही ट्रम्प ने एक अगस्त से ग्लोबल टैरिफ लगाने की घोषणा की। पहले ट्रम्प 9 जुलाई को इसका ऐलान करने वाले थे। ट्रम्प ने अप्रैल में पहली बार सभी अमेरिकी आयात पर 10 प्रतिशत बेसलाइन टैक्स और 60 देशों पर अलग-अलग टैक्स लगाने की बात की थी। उस घोषणा के बाद दुनियाभर के शेयर और बॉन्ड बाजारों में उथल-पुथल मच गई थी, इसलिए उन्होंने टैरिफ को कुछ समय के लिए टाल दिया था और देशों को अमेरिका के साथ नई डील करने का मौका दिया था। पहले उन्हें 8 जुलाई तक का वक्त दिया गया था, ताकि 9 जुलाई से नए टैरिफ -शेष पृष्ठ दो पर

## ड्रीमलाइनर क्रैश: 26 दिन बाद आई शुरुआती जांच रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने अहमदाबाद विमान हादसे के 26 दिन बाद प्राइमरी जांच रिपोर्ट मंगलवार को केंद्र सरकार को सौंपी। प्राइमरी रिपोर्ट शुरुआती जांच में मिले सबूतों और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर तैयार की गई है।

इससे पहले 28 जून को केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया था कि विमान हादसे की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है, जिसमें साजिश (सैबोटाज) की संभावना को भी खंगाला जा रहा है। वहीं, 3 महीने में विस्तृत जांच रिपोर्ट आ सकती है। 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो



**एएआईबी ने सरकार को सौंपी, विस्तृत रिपोर्ट तीन महीने में आने की संभावना**

गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा था कि हादसे की वजह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह इंजन फेलियर, फ्यूल सप्लाई की समस्या या कोई तकनीकी गड़बड़ी की वजह से हुआ। ब्लैक बॉक्स भारत में ही है, उसे विदेश नहीं भेजा जाएगा। इसमें मौजूद सीवीआर और एफडीआर की जांच की जा रही है। विस्तृत 3 महीने में रिपोर्ट आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि डीजीसीए (नागर विमानन महानिदेशालय) के आदेश पर एयर इंडिया के सभी 33 ड्रीमलाइनर विमानों की जांच कर ली गई है और सब कुछ सुरक्षित पाया गया है। ये हादसा एक अपवाद था, अब लोग बिना डर के यात्रा कर सकते हैं। एएआईबी इसकी हर एंगल से जांच कर रहा है। सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं और कई एजेंसियां मिलकर जांच में जुटी हैं। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171 ने 12 जून को दोपहर 1.38 बजे उड़ान भरी थी और 1.40 बजे हादसा हो गया। उस समय प्लेन 200 फीट की ऊंचाई पर था। एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर प्लेन हादसे की जांच में संयुक्त राष्ट्र शामिल होगा। संयुक्त राष्ट्र की विमानन संस्था आईसीएओ (इंटरनेशनल सिविल -शेष पृष्ठ दो पर

## खेमका हत्याकांड: शूटर देने वाला अपराधी मारा गया

**पटना।** बिहार के बड़े कारोबारी और मगध अस्पताल के मालिक गोपाल खेमका की हत्या से जुड़ा संदिग्ध अपराधी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि सोमवार को पुलिस ने खेमका हत्याकांड के शूटर उमेश उर्फ विजय को मालसलामी इलाके से गिरफ्तार किया था।

गोपाल खेमका की हत्या से जुड़े एक संदिग्ध विकास उर्फ राजा को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस मंगलवार को जब मालसलामी थाना क्षेत्र स्थित उसके घर पर पहुंची, तभी उसने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। पुलिस ने भी अपनी सुरक्षा में गोली चलाई और इस मुठभेड़ में राजा मारा गया। शूटर उमेश को राजा ने हथियार उपलब्ध कराया था। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि राजा पर पहले से कई मामले दर्ज थे। कई हत्याओं में उसका नाम शामिल है।

### देश में अब तक 254 एमएम बारिश, 15 प्रतिशत ज्यादा

**नई दिल्ली।** देशभर में दक्षिण-पश्चिम मानसून जमकर बरस रहा है। मानसून सीजन में अब तक सामान्य से 15 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। इस समय तक 221.6 एमएम बारिश होनी थी, लेकिन 254एमएम हो चुकी है। मध्य प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से बालाघाट, मंडला, सिवनी, इटारसी और कटनी समेत कई जिलों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। अनूपपुर में पुल टूटने से कार बह गई।

## छांगुर बाबा की आलीशान कोठी जमींदोज

बलरामपुर, वार्ता

**उप्र के बलरामपुर** जिला प्रशासन ने अवैध धर्मांतरण कांड के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की कोठी को बुल्डोजर से नेस्तानाबूद कर दिया।

जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने मंगलवार को बताया कि धर्मांतरण समेत कई काले कारनामों का मास्टमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की उतरौला तहसील में तीन बीघे में बनी करोड़ों की आलीशान कोठी को बुलडोजर से गिराया जा रहा



है। जमालुद्दीन को आंतक निरोधक दस्ता (एटीएस) ने गिरफ्तार किया था। जांचोपरांत आरोपी पाए गए स्वयंभू पीर की संपत्तियों पर शिकंजा कसने के साथ छांगुर बाबा की सभी चल-अचल संपत्तियों का विवरण तत्काल उपलब कराया गया, जिसमें कई संपत्तियां नगर क्षेत्र और देहात में उसके और रिश्तेदारों के नाम पर मिली है। उनकी -शेष पृष्ठ दो पर

### अवैध धर्मांतरण के आरोपियों की संपत्ति होगी जब्त: योगी

**लखनऊ।** धर्मांतरण के आरोपी जमालउद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की गतिविधियों को राष्ट्र विरोधी बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरोपी और उसके गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियां जब्त की जाएंगी और उन्हें ऐसी सजा दिलाई जाएगी, जो समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत करेगा। योगी ने एक्स पर पोस्ट किया कि हमारी सरकार बहन-बेटियों की गरिमा और सुरक्षा के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है।

## पूर्व आईजी विमला व कर्नल नेगी बने उत्तराखंड में रिवर्स पलायन की नजीर

मौ. फहीम 'तन्हा'

**देहरादून।** उत्तराखंड के पर्वतीय गांव दशकों से पलायन की मार झेलते आ रहे हैं, लेकिन अब वहीं से एक नई कहानी जन्म ले रही है। एक रिवर्स पलायन की कहानी। जहां रिटायरमेंट का अर्थ विश्राम नहीं, बल्कि गांव के लिए समर्पण और पुनर्निर्माण बन चुका है।

पूर्व पुलिस महानिरीक्षक विमला गुंज्याल और पूर्व कर्नल यशपाल सिंह नेगी दो नाम, दो पृष्ठभूमियां, लेकिन एक ही

**सेवानिवृत्ति नहीं सेवा का नया अध्याय जब रिटायरमेंट बना नई शुरुआत का रास्ता**

ध्येय: अपने गांव को फिर से जीवंत बनाना। विमला गुंज्याल, जिन्होंने राज्य और देश के लिए सुरक्षा सेवा में 30 वर्षों से अधिक का समय दिया, अब सीमांत गांव गुंजी (पिथौरागढ़) की निर्विरोध ग्राम प्रधान बनी हैं। वहीं, सेना से रिटायर हुए कर्नल यशपाल सिंह नेगी ने बिरगण (पौड़ी) गांव का नेतृत्व संभाला है। उनकी जीत केवल एक चुनावी परिणाम नहीं है, बल्कि यह दर्शाता है कि अब गांवों में योग्य नेतृत्व की वापसी हो रही है।

### गांवों में लौट रहा विश्वास, बनाना होगा टिकाऊ समाधान

यह बदलाव सिर्फ नेतृत्व का नहीं, सोच का भी है। गांव जिन्हें कभी पीछे छोड़ दिया गया था, अब उन्हें 'सपनों का क्षेत्र' बनाने का प्रयास शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि त्रागुंज्याल और नेगी जैसे लोग गांव लौटकर जिस तरह से नेतृत्व कर रहे हैं, वह रिवर्स पलायन की एक मिसाल है। राज्य सरकार ऐसे प्रयासों को हर संभव सहयोग देगी। गुंजी और बिरगण को अब मॉडल ग्राम पंचायतों के रूप में विकसित करने की योजना है। बुनियादी ढांचे से लेकर डिजिटल कनेक्टिविटी, आजीविका से लेकर जैविक खेती तक, नई दिशा में काम शुरू हो चुका है। बिमला गुंज्याल बताती हैं कि गांव की महिलाओं के लिए स्वरोजगार कार्यक्रम, बच्चों के लिए ऑनलाइन शिक्षा, और बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य शिविर जैसे अहम काम उनकी प्राथमिकताओं में हैं। उनका कहना है कि मुझे लगा अब मेरी जरूरत गांव में है। यहां के बच्चों, महिलाओं, किसानों के लिए कुछ ठोस करना है। कर्नल नेगी का फोकस बागवानी और सेना से जुड़े युवाओं को प्रेरित करने पर है। गांव लौटे शिक्षित और अनुभवी लोगों को स्थानीय शासन में लाना, पहाड़ों की सबसे बड़ी ज़रूरत बन गया है। इससे न सिर्फ -शेष पृष्ठ दो पर

## हज-2026 के लिए आवेदन शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** हज 2026 के लिए आवेदन मंगलवार से शुरू किया गया और ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने कहा कि हज 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है।

हज यात्रा पर जाने वाले इच्छुक यात्री हज पोर्टल एचटीटीपीएस:// हजकमेटी डॉटजीओवीडॉटआईएन या 'हज सुविधा' मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर

**ऑनलाइन आवेदन विंडो 31 जुलाई रात 11:59 बजे तक खुली रहेगी**

सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन विंडो मंगलवार से 31 जुलाई रात 11:59 बजे तक खुली रहेगी। आवेदन की अंतिम तिथि को या उससे पहले जारी किया गया पासपोर्ट होना अनिवार्य है और यह कम से कम 31 दिसम्बर 2026 तक वैध होना चाहिए। हज समिति आवेदकों को आवेदन करने से पहले अपनी तैयारियों पर सावधानीपूर्वक विचार करने की सलाह दी है।

# पूर्व विधायक के बेटे की कार पर गिरा पेड़

## वन निगम कटवा रहा था पेड़, कार क्षतिग्रस्त





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नूरपुर मार्ग पर किठौर विधानसभा के पूर्व विधायक के पुत्र की गाड़ी पर वन निगम द्वारा काटे जा रहे पेड़ में से एक यूकेलिप्टस का पेड़ इनोवा गाड़ी पर गिर गया। जिसको लेकर अफरा तफरी मच गई। पेड़ गिरने के दौरान गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि पूर्व विधायक पुत्र मामूली रूप से चोटिल हो गया। सड़क पर पेड़ गिरने के दौरान जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम को खुलवाया। दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

जानकारी के अनुसार के किठौर विधानसभा के पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी के पुत्र प्रदीप त्यागी नगीना क्षेत्र के गांव हुरनंगला में भाजपा के संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह की माता के निधन होने पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए हुरनंगला जा रहे थे।

इसी दौरान मंगलवार को नहटौर नूरपुर मार्ग पर गांव सराय के पास वन निगम द्वारा काटे जा रहे यूकेलिप्टस का एक पेड़ उनकी गाड़ी पर गिर गया। जिसको लेकर हड़कंप मच गया। काम कर रहे मजदूर मौके से फरार हो गए। पेड़ गिरने के दौरान उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई और शीशा टूटने के दौरान उनके हाथ में लगने से मामूली रूप से घायल हो गए। उन्हें नीजि अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सड़क पर पड़े पेड़ को हटवा कर जाम को खुलवाया।

थाना अध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि दोनों पक्षों में आपकी समझौता हो गया। किसी ने कोई कार्रवाई नहीं चाही है।

# शुद्ध पेयजल के लिए नई पाइप लाइन डालने का कार्य शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर पालिका प्रशासन ने नगर में वर्षो पूर्व डाली गई पाइपलाइन की स्थिति खराब होने पर नगर वासियों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए साढ़े चार हजार मीटर नई पाइपलाइन डालने का काम प्रारंभ कर दिया है।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका प्रशासन ने नगर के 25 वार्ड में वर्षो पुरानी पड़ी टंकी की पाइप के क्षतिग्रस्त होने के कारण दूषित पानी आने तथा अन्य समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन ने 15वें वित्त योजना में एक करोड़ 5 लाख की योजना बनाकर शासन को भेजी थी, जिस पर शासन ने एक करोड़ 5 लाख की राशि स्वीकृत कर नहटौर नगर पालिका को भेज दी। अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि मिली धनराशि से मोहल्ला नौधा, सराय रजब अली, सराय जोखा सिंह, धर्मशाला मोहल्ला अफगानान के मोहल्ले में ढाई हजार मीटर पाइपला. इन बदलने का काम प्रारंभ कर दिया गया है।

उन्होंने बताया पेयजल की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए मोहल्ला हाथी वाला मंदिर, कपड़ा बाजार, तकिया गढ़ी पश्चिम में 3 ट्यूबैल बनाए जाएंगे, जिससे पानी का प्रेशर मोहल्ले में कम ना हो। उन्होंने बताया नगर पालिका के पास वर्तमान में सात टयूबवैल है तथा तीन और बनने पर संख्या 10 हो जाएगी तब दो ओवर हैंड टैंक है तथा साढ़े चार हजार मीटर पाइप-लाइन बिछने का कार्य पूरा होने पर नगर वासियों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। पालिका की आय में भी बढ़ोतरी होगी।

## एक नजर

### कैबिनेट मंत्री का स्वागत




**नहटौर।** उत्तर प्रदेश सरकार के उद्योग एवं निर्यात कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल नहटौर में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र - छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी देश और प्रदेश का भविष्य है तथा आपके माता - पिता और शिक्षक - शिक्षिकाओं को आपसे बहुत उम्मीदें है। इसलिए अपने जीवन का प्रत्येक क्षण अपने भविष्य के निर्माण में लगाना चाहिए। उन्होने ये भी कहा कि पढ़ाई के साथ - साथ आपको अपने नैतिक और शारीरिक विकास पर भी ध्यान देना है और अपने सभी बड़ों एवं साथियों का सम्मान भी करना है। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबन्ध निदेशिका लीना सिंघल ने मंत्री का स्वागत करते हुए विद्यालय के वार्षिक परीक्षाफल की चर्चा करते हुए टॉपर बच्चों से परिचय कराया। इससे मंत्री का विद्यालय पहुँचने पर विद्यालय के अध्यक्ष इं. आशीष सिंघल, प्रबन्ध निदेशिका लीना सिंघल, प्रधानाचार्य इदरीस अहमद, हैड बॉय अभिनव त्यागी, हैड गर्ल कशिश चौधरी, भाजपा नगर अध्यक्ष वैभव गोयल, राजेश जैन, शैलेन्द्र जैन, सिद्धान्त जैन, प्रशांत शर्मा, राकेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, डॉ. संजीव गौढ़, नवाब अहमद, वीर सिंह, अनिल शर्मा, रविन्द्र कुमार त्यागी, महबूब आलम, अनुज कुमार, त्रिमोहन गंगोत्री, सचिन कुमार आदि ने पुष्प गुच्छ एवं फूल मालाओं से उनका स्वगात किया।

### खुर्शीद मंसूरी के मिशन को समर्थन का वादा

**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी के मोटा आम स्थित कैम्प कार्यालय पर 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें इस बार चुनाव में नजीबाबाद में बदलाव लाने का संकल्प लिया गया। सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर आजाद समाज पार्टी व खुर्शीद मंसूरी के मिशन को समर्थन देने का वादा किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पिछले 15 सालों में नजीबाबाद विधानसभा विकास के मामले में पिछड़ गई है। समस्याओं का हल भी नहीं हो पा रहा है। बैठक में सबलपुर बीतरा, दिनौड़ा, कोटसराय, भागूवाला, जटपुरा, मंडावली, साहनपुर, जलालाबाद, गाजीपुर, पठानपुर, जलालाबाद, गाजीपुर, पठानपुरा, ताहरपुर इशहाक, पुण्डरी कला के सम्मानित लोगों हाजी नफीस, नसीम प्रधान (दिनौड़ा), मौ. आबिद, फैम, उजेर, रियाज, लतीफ, मौहम्मद इरफान, नासिर, मतलब, हनीफ, शोएब, मुख्तयार, छोटे सलमानी, मौहम्मद नसीर, मौहम्मद राशिद, आफताब, जाफर, नदीम, इकबाल, बुंदू, अय्यूब, साबिर, सादिक, मंजूर, मास्टर निसार, फरीद अहमद, मौहम्मद अहसान, मौलाना साजिद, खालिद प्रधान, अफजाल, डॉ. अलीमुद्दीन, अ. मलिक, खुर्शीद अहमद, फिरोज, नफीस अहमद, वसीम, मुकीम अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक की सदारत अनीस सलमानी ने की।

### स्कूल बस की टक्कर से बच्ची घायल

**स्योहारा।** नगर के मोहल्ला मिलकियान निवासी सरफराज पुत्र इरशाद ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह सुबह अपनी डेढ़ वर्षीय भांजी को दुकान से सामान दिलाने आया था। इसी दौरान तेज रफ्तार गति से आ रही गोल्डन बिल्स स्कूल की डग्गामार बस ने बच्ची को साइड से टक्कर मार दी। घटना में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई । घटना के बाद बस ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घायल बच्ची को स्थानीय निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। जहां बच्ची का उपचार चल रहा है और उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपी ड्राइवर के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की। मालूम हो कि शासन की सख्ती का असर स्कूल संचालकों पर नहीं दिख रहा है। स्कूल वाहन के नाम पर अनट्रेंड हाथों में स्टेयरिंग और डग्गामार वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। फिटनेस फेल बस और मिनी बसों में बच्चों को स्कूल लाया और पहुंचाया जा रहा है। परिवहन विभाग सिर्फ चालान तक सिमटकर रह गया है।

# विद्यालयों का विलय संविधान और शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन

## सरकार से नीति वापस लेने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों को 'पेयरिंग' के तहत मर्ज कर बंद किए जाने के फैसले का विरोध तेज हो गया है। इस संबंध में नगीना लोकसभा से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह निर्णय संविधान और शिक्षा के अधिकार कानून (RTE) का खुला उल्लंघन है।

सांसद ने मीडिया को जारी बयान और अपने सोशल मीडिया (X) पर एक विस्तृत संदेश में कहा कि यह नीति गरीब, दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के बच्चों के शिक्षा के अधिकार को सीधे तौर पर प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 21-ए के तहत छह से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करने का मौलिक अधिकार है, जिसे वर्ष 2009 में लागू किए गए RTE कानून के माध्यम से सुनिश्चित किया गया।

सांसद चंद्रशेखर ने कहा कि RTE स्पष्ट करता है कि बच्चों को अधिकतम एक किलोमीटर की दूरी के भीतर स्कूल उपलब्ध कराया जाना चाहिए। लेकिन अब पेयरिंग के नाम पर स्कूलों को मर्ज कर बंद किया जा रहा है, जिससे बच्चों को स्कूल जाने के लिए एक किलोमीटर से अधिक दूर जाना होगा। यह न सिर्फ असंवे. दनशील कदम है, बल्कि शिक्षा के अधिकार के साथ अन्याय भी है।

उधर धामपुर निवासी सांसद प्रतिनिधि व जिला पंचायत सदस्य विवेक सेन ने सांसद के बयान को साझा करते हुए बताया कि चंद्रशेखर ने प्रदेश सरकार से इस निर्णय को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि एक संवैधानिक जिम्मेदारी है जिसे इस प्रकार आंकड़ों में समेटकर नहीं देखा जा सकता। सांसद ने आगे कहा कि सरकार को चाहिए कि वह ग्रामीण क्षेत्रों की जरूरतों और बच्चों की वास्तविक स्थितियों को समझे और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के नाम पर ऐसे निर्णय लेने से बचे जो गरीबों की पहुंच को और कठिन बना दें।

# कीटनाशी थोक व फुटकर विक्रेताओं की बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर। जिला** कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के समस्त किसान भाईयों को गुणवत्ता युक्त रसायन उपलब्ध कराने के लिए समस्त कीटनाशी निजी विक्रेताओं का गुणवत्ता युक्त कीटनाशी रसायन विक्रय के सम्बन्ध में अपर कृषि निदेशक (कृषि रक्षा) कृषि निदेशालय, लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में 'ग्रो सेफ फूड अभियान'- नकली, मिलावटी, घटिया, अपंजीकृत व बिना लाइसेंस वाले कीटनाशकों से सावधान के अन्तर्गत निर्दिष्ट निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए उनके व जिला कृषि रक्षा अधिकारी, बिजनौर द्वारा कृषि भवन, बिजनौर के सभागार कक्ष में जनपद के समस्त कीटनाशी लाइसेंसधारी थोक एवं फुटकर विक्रेताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि उक्त बैठक में उनके व कृषि रक्षा अनुभाग द्वारा उपस्थित जनपद के समस्त कीटनाशी लाइसेंसधारी थोक एवं फुटकर को निर्देश देते हुए अवगत कराया कि 'ग्रा सेफ फूड अभियान' रो मुद्रित पोस्टर को कृषक हित व जनहित में अपने प्रतिष्ठान पर फेम कराकर रखना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही बैठक में उपस्थित विक्रेताओं को अवगत कराया गया कि संदिग्ध गुणवत्ता, छद्म नाम एवं नकली कीटनाशी रसायनों का उत्पादन, भण्डारण, वितरण, बिक्री हेतु प्रदर्शन, बिक्री कदापी न की जायें एवं कीटनाशी रसायनों के सभी डीलर, खुदरा विक्रेता, उचित बिल, इनवॉइस के साथ बैठ प्रिंसिपल सर्टिफिकेट कीटनाशी उत्पादन अथवा मार्केटिग फर्म से प्राप्त करें व वैध आपूर्ति से ही अपना स्टॉक खरीदें।

उन्होंने बताया कि बिक्री के समय किसानी, उपभोक्ताओं को बैच संख्या, विनिर्माण और कालातीत तिथि का विवरण, बिल, इनवॉईस, पक्की रसीद अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं तथा जीएसटी का पंजीकरण कराए। सभी बैठक में उपस्थित विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि अंतिम प्रयोग तिथि के पश्चात किसी भी रसायन का वितरण न की जायें।

इसके साथ यह भी निर्देशित किया गया कि जिलाधिकारी द्वारा गठित समित के कीटनाशी निरीक्षकों द्वारा जनपद के नियमित एवं सघन निरीक्षण के दौरान यदि कृषकों द्वारा यह शिकायत प्राप्त होती है कि लाइसेंसधारी कीटनाशी विक्रेताओं द्वारा कृषको को नियमानुसार कैश मैमो/क्रेडिट मैमो उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है तो सबंधित लाइसेंसधारी कीटनाशी विक्रेता के विरूद्ध कीटनाशी अधिनियम-1968 एवं कीटनाशी नियम-1971 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत प्रतिकूल / दण्डात्मक कार्यवाही सहित तत्सम्बन्ध में आपका उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा। उन्होंने जनपद के सभी किसान भाईयों से अनुरोध किया है कि वह नियमानुसार अधिकृत कीटनाशी रसायन लाइसेंसधारी थोक, फुटकर विक्रेताओं से ही रसायन खरीदना सुनिश्चित करें तथा तत्सबंधी खरीदे गये सामान का बिल भी प्राप्त करें।

## आढ़तियों से मंडी की चुनौतियों का सामना करने का आह्वान

**नजीबाबाद।** कृषि उत्पादन मंडी समिति में व्यापारियों व मंडी अधिकारियों के बीच समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मंडी की चुनौतियों का एकता के साथ समाधान करने की कार्य योजना तैयार की गई। मीटिंग के दौरान व्यापारियों ने अपनी समस्या से अवगत कराया, तो मंडी सचिव ने भी शासन के दिशा निर्देश का पालन करने की अपील की है। सोमवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति के कार्यालय पर सचिव सचिन शर्मा की अध्यक्षता एवं हाशिम अहमद के संचालन में व्यापारियों ने स्ट्रीट लाइट, पेयजल समस्या तथा खराब सड़कों में सुधार के साथ मंडी के दोनों गेट खोलने की अपील की। मंडी में आवारा जानवर व बंदरों से निजात दिलाने को लेकर भी बात रखी हुई है। याकूब राईन ने मंडी में जाम की समस्या से अवगत कराते हुए व्यापारियों को इस समस्या से निजात दिलाने की मांग की। सदर डॉ. इदरीस ने बताया कि आरटीओ द्वारा पकड़ी गई गाड़ियों को रास्ते से हटाया जाए तथा चौक में लगने वाले जाम से निजात दिलाई जाए। इस मौके पर इफ्तिखार पहलवान, गोपाल सिंह, हाजी शहजाद, हाजी मौहम्मद अय्यूब, सरफरारज, मौहम्मद युनूस, फहीम अहमद, महबूब एड., आबिद हफीज, ताहिर, हाजी नईम, मौहम्मद कामिल आदि मौजूद रहे।

# कृषि बाजार अमेरिका के लिए खोला तो किसान बर्बाद हो जाएगा: दिगम्बर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भाकियू अराजनैतिक की ओर से किसान विषयों एवं क्षेत्र के विकास पर विचार गोष्ठी में गन्ना बकाया भुगतान के मुद्दे पर किसानों से एकजुट होकर अपने हकों के लिए लड़ने का आह्वान किया गया।

मोटा महादेव स्थित बैंकट हॉल में गोष्ठी में युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगम्बर सिंह ने कहा कि आज किसानों के सामने बहुत समस्या है, जिस तरह से चीन ने भारत के इलेक्ट्रॉनिक बाजार पर कब्जा कर लिया है, उसी तरह अमेरिका भारत के कृषि क्षेत्र पर अपना कब्जा करना चाहता है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि भारतीय कृषि बाजार को अमेरिका के लिए खोला गया, तो देश का किसान बर्बाद हो जाएगा। आज किसानों को उनकी फसलों के सही दाम नहीं मिल रहे हैं। दिगंबर सिंह ने नौजवानों को नशे से दूर रहने, कांवड़ यात्रा में संगठन के कार्यकर्ताओं को वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाकर दुर्घटनाओं से बचाव हेतु कार्य करने की सलाह दी। प्रदेश उपाध्यक्ष बलराम सिंह ने नजीबाबाद चीनी मिल की क्षमता वृद्धि व बकाया गन्ना मूल्य भुगतान का मुद्दा उठाया। जिला अध्यक्ष नितिन सिरोह ने कार्यकर्ताओं से किसानों की समस्याओं का निदान कराने व अधिक से अधिक किसानों व युवाओं को संगठन से जोड़ने का आह्वान किया।

हाजी हनीफ की अध्यक्षता एवं हितेश चौधरी के संचालन में गोष्ठी में सरदार इकबाल सिंह, अतुल कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष कुलवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, नवीन राजपूत, नीटू चौधरी, विजय सिंह, प्रशांत चौधरी, गजेंद्र सिंह, शेर सिंह चौहान आदि किसान मौजूद रहे।

# सहकारिता मंत्री ने किया समिति का निरीक्षण

## सहकारी वाटिका में पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** बहुदेशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति नहटौर दक्षिणी का सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने निरीक्षण किया। समिति के कंप्यूटराइजेशन की जानकारी ली और नैनो का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। समिति में बनाई गई सहकारी वाटिका में पौधारोपण किया।

सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर नहटौर पहुंचे। उन्होंने बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति नहटौर दक्षिणी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उर्वरकों की जानकारी ली।

इसके अलावा समिति कंप्यूटराइजेशन और समिति में नैनो की बिक्री के बारे में जानकारी लेते हुए निरीक्षण किया। उन्होंने समिति के अभिलेखों का भी अवलोकन किया और वसूली संबंधी भी जानकारी ली गई।

मंत्री जेपीएस राठौर ने नैनो यूरिया के बारे में ज्यादा से ज्यादा प्रसार करने के निर्देश दिए। समिति में बनाई गई सहकारी वाटिका में उन्होंने विभिन्न प्रकार के 50 पौधे रौपे।

इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार, महाप्रबंधक प्रवीण कुमार, डीआर वीर विक्रम सिंह, एआर कोऑपरेटिव राजवीर सिंह, एडीसीओ अमित कुमार वर्मा, देवेंद्र सिंह, पीसीएफ के जिला प्रबंधक ललित कुमार, उपमहाप्रबंधक संजय सिंह, एडीसीओ जयवीर सिंह, समिति के चेयरमैन बृजेश कुमार त्यागी, सचिव गणेश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# नगीना में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आज

## चयनित मरीजों का ऑपरेशन होगा फ्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर के नूर ऑप्टिकल्स एंड आई केयर सेंटर दारुल शिफा निकट बैंक ऑफ बड़ौदा बारादरी नगीना में कल (आज) को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगेगा। हिमालयन इंस्टिट्यूट जॉलीग्रांट देहरादून द्वारा आयोजित यह नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक चलेगा।

नूर ऑप्टिकल्स एंड आई केयर सेंटर दारुल शिफा के संचालक व नेत्र विशेषज्ञ डॉ. मुजम्मिल अजीम ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में मोतियाबिंद की जांच नि:शुल्क की जाएगी। चयनित मरीजों का आधुनिक तकनीक से ऑपरेशन भी देहरादून में नि:शुल्क ही किया जाएगा। इसके अलावा मरीजों को दवा व काला चश्मा नि:शुल्क ही दिये जायेंगे। साथ ही भोजन और ठहरने की व्यवस्था भी मुफ्त रहेगी। समिति देहरादून आने-जाने के लिए नि:शुल्क परिवहन की सुविधा भी उपलब्ध कराएगी।

मरीजों को एक जोड़ी कपड़े साथ लाने होंगे। हृदय रोग, बी.पी., मधुमेह और अस्थमा के मरीजों को अपनी दवाइयां और डॉक्टर की पर्ची लानी होगी। सभी मरीजों को आधार कार्ड की दो फोटोकॉपी और मोबाइल नंबर साथ लाना आवश्यक है।

# डब्ल्यूईई इंडेक्स करेगा महिला सशक्तिकरण का मूल्यांकन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में महिला आर्थिक सशक्तिकरण सूचकांक (डब्ल्यूईई इंडेक्स) की प्रस्तुति की गई। यह सूचकांक योजना विभाग द्वारा उदयती फाउंडेशन के सहयोग से तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य यह है कि राज्य की योजनाओं और कार्यक्रमों से महिलाओं को कितना लाभ मिल रहा है, इसका सटीक मूल्यांकन किया जा सके और सुधार के लिए दिशा तय की जा सके। मुख्यमंत्री ने इसे 'नारी गरिमा और आत्मनिर्भरता की दिशा में उत्तर प्रदेश का एक ऐतिहासिक कदम' बताया। इस सूचकांक में पांच प्रमुख विषयों, उद्यमिता, रोजगार, शिक्षा और कौशल, आजीविका तथा सुरक्षा और आवागमन से जुड़ी सुविधाओं के आधार पर प्रदेश के सभी 75 जिलों का मूल्यांकन किया गया है। यह सूचकांक यह बताता है कि किस जिले में महिलाओं को योजनाओं का लाभ मिला और कहां अभी और प्रयासों की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि यह सूचकांक मुख्यमंत्री नियंत्रण कक्ष से जोड़ा जाए और सभी संबंधित विभाग इसे नीति निर्माण और निगरानी के एक महत्वपूर्ण आधार के रूप में अपनाएं। प्रत्येक विभाग को निर्देशित किया गया कि वे इस सूचकांक के आधार पर अपने-अपने कार्यक्षेत्र में महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए ठोस कार्य योजनाएं बनाएं। प्रस्तुति में यह भी सामने आया कि कई योजनाओं में कुछ जनपदों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि कुछ जिलों में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम रही। उदाहरण के लिए, लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी जैसे जिलों में योजनाओं का लाभ महिलाओं तक बेहतर ढंग से पहुंचा है, जबकि श्रावस्ती, संभल, महोबा, बलरामपुर और सिद्धार्थनगर जैसे जनपदों में विशेष प्रयासों की आवश्यकता महसूस की गई है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प की...** लागू हो सकें। अब ये डेडलाइन बढ़ाकर एक अगस्त कर दी गई है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा है कि ट्रम्प इस हफ्ते कई देशों के साथ ट्रेड डील का ऐलान कर सकते हैं। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील बहुत करीब पहुंच चुकी है। यूरा. पीय यूनियन भी अमेरिका के साथ समझौता करने के काफी नजदीक है। इसके साथ ही पाकिस्तान, ताइवान और स्विट्जरलैंड जैसे दूसरे देश में अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने का रास्ता तलाश रहे हैं। अब तक अमेरिका ने सिर्फ ब्रिटेन और वियतनाम के साथ दो शुरुआती डील की हैं। हालांकि, इन समझौतों में ज्यादा जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। वियतनाम वाले सौदे में तो किसी भी पक्ष ने यह भी साफ नहीं किया कि वास्तव में किन बातों पर सहमति बनी है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका ने ब्रिटेन पर 10प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। इसके अलावा स्टील और एल्युमीनियम पर अलग से अमेरिका 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा। वहीं, ब्रिटेन, अमेरिकी सामानों पर 0 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। वहीं, अमेरिका ने वियतनाम पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। यानी कि वियनताम के सामान अमेरिका में 20 प्रतिशत ज्यादा कीमत पर बिकेंगे। वहीं, वियतनाम ने अमेरिकी सामानों पर 0 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। जापान और साउथ कोरिया अमे. रिका के करीबी साथी हैं, लेकिन उनके साथ अमेरिका की ट्रेड डील नहीं हो पाई। इसकी वजह यह भी है कि दोनों देशों में चुनाव होने वाले हैं। साथ ही ट्रम्प इन दोनों देशों के सबसे अहम प्रोडक्ट्स जैसे कि कार, स्टील और इलेक्ट्रॉनिक्स पर अलग से ज्यादा टैरिफ लगाने की बात भी कर रहे हैं। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहू की मेजबानी करते हुए पत्रकारों से भी बात की।

**क्रिकेटर यश...**अपने परिवार से भी मिलवाया, जिन्होंने कथित तौर पर उसे अपनी बहू के रूप में स्वीकार कर लिया। उसका दावा है कि इस कृत्य ने उसके विश्वास को और गहरा कर दिया और वह भावनात्मक रूप से कमजोर हो गई। एफआईआर में लिखा है कि पिछले पांच सालों से शिकायतकर्ता क्रिकेटर के साथ रिलेशनशिप में थी। उसने शादी का झूठा वादा करके उसका भावनात्मक, मानसिक और शारीरिक शोषण किया। धोखे का एहसास होने पर उसने विरोध किया, जिसके बाद उसे शारीरिक हिंसा और मानसिक शोषण का सामना करना पड़ा। शिकायतकर्ता ने दयाल पर वित्तीय शोषण का भी आरोप लगाया है और खुलासा किया है कि उसने अन्य महिलाओं के साथ भी इसी तरह के संबंध बनाए रखे। 14 जून को महिला हेल्पलाइन (181) से संपर्क करने के बावजूद, उसका दावा है कि स्थानीय पुलिस ने शुरू में कार्रवाई नहीं की। अब, उसने हस्तक्षेप की मांग करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय से संपर्क किया है।

**ड्रीमलाइनर:** एविएशन ऑर्गनाइजेशन) के एक विशेषज्ञ को ऑब्जर्वर के तौर पर शामिल होने की इजाजत भारत सरकार ने दे दी है। आईसीएओ ने जांच में शामिल होने की इजाजत मांगी थी। भारत ने पारदर्शिता के साथ जांच करने के इरादे से संयुक्त राष्ट्र को इसमें शामिल करने का फैसला लिया है। हादसे की जांच 13 जून से ही एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की टीम कर रही है। इसमें विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ, एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) अफसर और अमेरिका की एनटीएसबी के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

**छांगुर बाबा...**जब्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है। एटीएस द्वारा आरोपी बाबा संग गिरफ्तार की गई नसरीन उर्फ नीलू की संपत्ति को भी जब्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाबा के झांसे में धर्मांतरण कर फंसी नीतू भी धर्मांतरण में मददगार थी। यूपीएसटीएफ ने लखनऊ में करीब आठ माह पूर्व आरोपी बाबा के विरुद्ध मुकदमा कायम कराया था, जिसमें दस लोगों को नामजद किया गया था। इनमें कई आरोपियों को एटीएस गिरफ्तार कर चुकीं है। श्री अग्रवाल ने बताया कि 40 धार्मिक संस्थाओं की स्थापना के नाम पर बाबा को करीब सौ करोड़ रुपये की फंडिंग की गई। उन्होंने बताया कि प्रकाश में आए सीजीएम कोर्ट पर क्लर्क राजेश उपाध्याय और उसकी पत्नी संगीता पर भी कड़ी कार्यवाही की जा रही हैं। अवैध धर्मांतरण के गिरोह का नेटवर्क महाराष्ट्र तक फैला है। एटीएस की एफआईआर में मापुर उतरौला के जलालुद्दीन उर्फ झांगुर बाबा, महबूब, नीतू उर्फ नसरीन, नवीन उर्फ जलालुद्दीन के साथ ही मोहम्मद सवरोज, रशीद, गैडास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के रेहरामाफी निवासी शहाबुद्दीन, गोंडा के गानेपुर थाना क्षेत्र के रेतवागाड़ा निवासी रमजान, महाराष्ट्र के नागपुर शहर के मांगपुर निवासी ईदुल इस्लाम व एक अज्ञात का नाम शामिल हैं। एटीएस का दावा है कि आजमगढ़ में भी एक मुक. दमा छांगुर के सहयोगियों पर दर्ज है। यही नहीं अब नामजद के अलावा आठ अन्य लोग भी आरोपित किए गए हैं। इस तरह 18 में चार की ही गिरफ्तारी हो पाई है। 14 लोगों की तलाश के लिए एटीएस ने अलग-अलग टीमें बनाई है, जो संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

**गांवों में...**विकास होगा, बल्कि पलायन भी रुकेगा। यह सिर्फ वापसी नहीं, क्रांति है। आईपीएस विमला गुंज्याल और कर्नल यशपाल सिंह नेगी की यह वापसी भावनात्मक भी है और रणनीतिक भी। यह बताता है कि पहाड़ केवल खूबसूरत नहीं, बल्कि संभावनाओं से भरे हुए हैं। बस उन्हें देखने और संवारने की ज़रूरत है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# किशोरियों से बलात्कार में दो गुनहगार गिरफ्तार

## बिजनौर व हल्दौर थाने के मामले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस व हल्दौर पुलिस ने किशोरियों का अपहरण कर उनके साथ बलात्कार करने के आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना शहर कोतवाली में वादी ने 24 जून को तहरीर दी थी कि अभियुक्त फहीम पुत्र साकू निवासी ग्राम झकड़ी बांगर उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। तहरीर के आधार पर शहर कोतवाली पुलिस ने धारा 87 बीएनएस में मुकदमा पंजीकृत किया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था। आरोपी फहीम के द्वारा किशोरी की इज्जत लूट ली गई थी। पुलिस ने धारा 87 बीएनएस को हटाकर उसकी जगह बलात्कार की धारा 64 व 137 (2) बीएनएस सहित 3/4 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की थी। पुलिस ने फहीम को गिरफ्तार कर लिया है।

दूसरी तरफ हल्दौर थाने में कल वादी ने तहरीर दी थी कि अज्ञात युवक उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 137 (2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया है। अभियोग में बलात्कार की धारा 64 (1) बीएनएस एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गई। पुलिस ने अभियुक्त शाहनवाज पुत्र नाजिम निवासी न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, तोलावाला, कस्बा व थाना हल्दौर को गिरफ्तार कर लिया है।

# कार की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल



**सहसपुर।** कार की टक्कर से एक बुजुर्ग घायल हो गए। सहसपुर निवासी आमिर प्रधान ने बताया कि नमाज पढ़कर लौट रहे काशीपुर निवासी मुख्तियार हुसैन धामपुर की ओर से आ रही कार नंबर यूपी27जी0444 ने टक्कर मारकर फरार हो गई। मुख्तार हुसैन अपनी बेटी के घर आए हुए थे।

# धोखाधड़ी में आसिम जलाल का साथी शावेज भी गिरफ्तार

## कॉलोनी काटने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मण्डावली पुलिस ने किरतपुर के बहुचर्चित मौहम्मद आसिम जलाल के साथी शावेज को भी गिरफ्तार कर लिया है। आसिम जलाल धोखाधड़ी के मामले में जेल में बंद है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मण्डावली थाना क्षेत्र में कॉलोनी काटने के नाम पर दर्जनों लोगों से लाखों की धोखाधड़ी की गई थी। पीड़ितों ने कई दिनों तक हंगामा करते हुए अपनी रकम वापस दिलाने और आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाई थी। इस संबंध में 28 जून को मण्डावली थाने में मुकदमा अपराध संख्या 78/2025 धारा 318 (4), 338, 336 (3), 340 (2), 316 (2), 352 व 351 (2) बीएनएस एवं मुकदमा अपराध संख्या 81/2025, धारा 318 (4), 338, 336 (3), 340 (2), 316 (2) व 351 (2) बीएनएस में पंजीकृत किए गए थे। मुकदमों में किरतपुर के बहुचर्चित मौहम्मद आसिम जलाल सहित चार अभियुक्तों को धोखाधड़ी करते हुए कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बैनामा कराने के नाम पर वादी से आठ लाख सत्तर हजार रुपए तथा अन्य 13 व्यक्तियों से साठ लाख अटहत्तर हजार रुपए हड़पने का आरोप लगाया गया था। रुपए वापस मांगने पर न देने और जान से मारने की धमकी देते हुए गाली-गलौच की गई। इस मामले में मण्डावली पुलिस ने किरतपुर के मौहल्ला हसनपुरा बसी निवासी बहुचर्चित मौहम्मद आसिम जलाल पुत्र कासिम को 29 जून को ही गिरफ्तार कर लिया था। आसिम जलाल की गिरफ्तारी से पीड़ितों ने राहत की सांस ली थी। पुलिस ने अब नजीबाबाद थाना क्षेत्र के कस्बा जलालाबाद स्थित मौहल्ला राईयान निवासी शावेज पुत्र मौहम्मद असलम को गिरफ्तार कर लिया है। शावेज के खिलाफ मण्डावली थाने में तीन अभियोग पंजीकृत है।

# नजीबाबाद क्षेत्र में बढ़त बना रहे मौ. खुर्शीद मंसूरी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मण्डल के प्रभारी एवं साहनपुर नगर पंचायत के चेयरमैन मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी को बेवजह भविष्य का विधायक नहीं समझा जा रहा है। नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र में उनके द्वारा जनसमस्याओं के समाधान एवं विकास के मामले में बढ़त बना ली गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी वैसे तो पूरे मंडल और जनपद की समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर है। लेकिन वह नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र में ज्यादा सक्रिय है। उनके द्वारा गांव-गांव घूम कर समस्याओं को देखा व समझा जा रहा है। जिन समस्याओं का समाधान वह अपने स्तर से करा सकते है, उसका समाधान वह जरूर कराते है। साहनपुर नगर पंचायत क्षेत्र में तेजी के साथ विकास कार्य कराने के साथ ही वह पूरे विधानसभा क्षेत्र में आम जनता से रूबरू हो रहे है। उन्होंने जन समस्याएं सुनने का अभियान चला रखा है। वह क्षेत्र के सांसद व राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर को भी क्षेत्र की समस्याओं के बारे में पूरी जानकारी देते है। जिसका परिणाम यह है कि आम जनता में उनकी छवि निखर रही है। आम जनता का मानना है कि उनके विधायक बनने से कोई भी उन से सीधा मिल सकता है। वह भारी सुरक्षा घेरे में नहीं रहते है। सादगी से रहना एवं जनता के बीच घुल मिल जाना उनकी पहचान बन गई है।

## स्वयं के खर्च पर लगवाए हैंडपम्प

उन्होंने स्वयं के खर्च पर बेहद जरूरी जगह हैंडपम्प भी लगवाए है। वह प्रशासनिक अधिकारियों से भी सम्पर्क कर क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान करा रहे है। विधानसभा क्षेत्र से अब एक ही आवाज आ रही है कि मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी के विधायक बनने से वह खुद को भी विधायक समझेंगे। उन्हें भटकना नहीं पड़ेगा। आम जनता का मानना है कि जनप्रतिनिधियों को उनके बीच रहना चाहिए। ताकि वह अपना दुख-दर्द उनके सामने रख सकें।

# संदीप गुप्ता उर्फ पुच्ची का निधन

## नगर में शोक की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** नगर के मौहल्ला किला निवासी संदीप गुप्ता उर्फ पुच्ची का बीती रात लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार संदीप गुप्ता बेहद मिलनसार, हंसमुख और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। समाज के हर वर्ग से उनके आत्मीय संबंध थे। उनका व्यवहार इतना सौम्य और विनम्र था कि जो भी उनसे एक बार मिला, वह उनका मुरीद हो गया। व्यापारिक क्षेत्र में भी वह एक जिम्मेदार और ईमानदार व्यक्ति के रूप में पहचान रखते थे। उनकी अंतिम यात्रा में नगरवासियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हर आंख नम थी और हर चेहरा गमगीन। अंतिम संस्कार मंगलवार को स्थानीय श्मशान घाट पर पूरे विधि-विधान के साथ किया गया।

इस दौरान नगर के गणमान्य लोगों, व्यापारी संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और उनके शुभचिंतकों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके निधन से न सिर्फ परिवार, बल्कि पूरे नगर ने एक नेकदिल इंसान और सच्चा मित्र खो दिया है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को यह असहनीय दुःख सहन करने की शक्ति दें।

# प्रोपर्टी डीलर की लाश बरामद

## रहस्यमय परिस्थितियों में मौत से कोहराम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** रहस्यमय परिस्थितियों में गायब प्रोपर्टी डीलर की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। यह हत्या का मामला है या हादसा, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय मौहल्ला रहमान चौक खंदक निवासी प्रोपर्टी डीलर नईम अहमद अंसारी (45 वर्ष) की स्योहारा रोड पर आरजीएनपी इंटर कॉलेज के पास तड़के चार बजे सड़क किनारे लाश मिलने से सनसनी फैल गई। परिवार के सदस्य रात भर नईम अंसारी के न आने से परेशान थे। उनके भाई शमीम अहमद ने उन्हें इधर उधर काफी तलाश किया। मगर उनका पता नहीं चला। जब तड़के नईम के भतीजे व भाई अपनी स्कूटी से तलाश कर रहे थे, तो अचानक उनकी नजर सड़क किनारे पड़ी लाश पर गई। उन्होंने पास जाकर देखा, तो वह नईम की लाश थी। उनकी चीख निकल गई। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नईम अंसारी के छोटे-छोटे चार बच्चे हैं। उनकी पत्नी शबाना परवीन व उनके छोटे-छोटे बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल था। नईम अंसारी एक नेक दिल व मिलनसार व्यक्ति थे। उनकी रहस्यमय मौत से कस्बे में उदासी छाई हुई है। उनकी लाश को देखने के लिए आसपा के जिला अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह, सलीम अंसारी, हाफिज उस्मान अंसारी, वरिष्ठ सपा नेता सरफराज अहमद सिद्दीकी, वरिष्ठ बसपा नेता डॉ. शमशाद अहमद, पूर्व नगर पालिका चेयरमैन इरशाद अली अंसारी, सपा विधायक के पुत्र दीपक कुमार, मकसूद ठेकेदार, आखिल भारतीय प्रधान संघ के उपाध्यक्ष हाजी शमशाद फरीदी, नईम अहमद एड., हाजी लईक अहमद फरीदी, हामिद मकरानी, हाजी इरफान मकरानी, नसीम अहमद आदि मौजूद थे।

उधर थाना प्रभारी जयभगवान ने बताया कि हर पहलू पर जांच चल रही है। घटना का बहुत जल्दी खुलासा कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## एक नजर

### डीएम व एसपी ने किया सम्मानित



**बिजनौर।** डीएम श्रीमती जसजीत कौर एवं एसपी अभिषेक ने मण्डावली थाना अंतर्गत मोटा महादेव मंदिर परिसर में पीस कमेटी व कांवड़ सेवा समिति के सदस्यों के साथ आगामी कांवड़ यात्रा तथा महाशिवरात्री के दृष्टिगत महत्वपूर्ण चर्चा की। इस मौके पर कांवड़ सेवा समिति के सदस्यों को सम्मानित किया गया।

### नगर पालिका के नए ईओ ने लिया चार्ज



**नगीना।** नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी का कार्यभार राम आसरे ने सोमवार को संभाल लिया। इसके पहले वह बिजनौर में अतिरिक्त एसडीएम के पद पर कार्यरत थे। नगर पालिका अध्यक्षा ताहिरा खलील व इनके प्रतिनिधि व पुत्र शहराज खलील ने उनका स्वागत किया। ईओ ने कहा कि नगर क्षेत्र का विकास मेरी प्राथमिकता होगी। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक इक्तेदार आलम जैदी, मौहम्मद असलम, मुनीर आलम जैदी, धीरज राय वर्मा, मौहम्मद फहद आदि सहित समस्त पालिकाकर्मी मौजूद रहे।

### घर में घुसा मगरमच्छ



**मंडावर।** थाना क्षेत्र मंडावर के गांव चाहड़वाला निवासी शीशराम सिंह के घर में सोमवार की रात्रि किसी समय पास के तालाब से निकल कर एक मगरमच्छ घुस गया। जब मंगलवार की सुबह सवेरे उन्होंने उठकर देखा, तो मगरमच्छ घर में बैठा था। जिसमें परिजनों के होश उड़ गये। गांव में हड़कंप मच गया और गांव के लोग शीशराम सिंह के घर की ओर दौड़ पड़े। फिर जाकर परिजनों ने वन विभाग को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने बामुश्किल मगरमच्छ को पकड़ लिया और अपने साथ ले गए। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। गांव के लोगों ने बताया कि शीशराम सिंह का घर तालाब के पास है। घर का पानी तालाब में जाता है। पानी के रास्ते वह घर में आ गया। क्योंकि गंगा के जलस्तर बढ़ने से मगरमच्छ गंगा के पानी से तालाब में आ गया होगा। वहीं वन विभाग के दरोगा रुचित चौधरी ने बताया कि चाहड़वाला गांव की सूचना मिली की। मगरमच्छ घर में घुस गया है। टीम मौके पर पहुंची और मगरमच्छ को पकड़ कर ले आई है। जिसके बाद मगरमच्छ को नदी में छोड़ दिया गया।

# हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल

## स्वामी अवधेशानंद चौकी के पास डिवाइडर से टकराई बाइक, एक की हालत नाजुक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** थाना मंडावली क्षेत्र अंतर्गत स्वामी अवधेशानंद चौकी से कुछ ही दूरी पर स्थित नवनिर्मित टोल टैक्स के समीप सड़क के बीचोबीच मौजूद अदृश्य डिवाइडर एक और गंभीर सड़क हादसे का कारण बन गया। सोमवार रात लगभग 10:45 पर तेज रफ्तार में आ रही मोटरसाइकिल इस डिवाइडर से टकरा गई। जिससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही मंडावली पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। घायलों की पहचान खेमचंद पुत्र चामूराम, निवासी काठगोदाम, हल्द्वानी और मुकेश पुत्र अज्ञात, निवासी शीतला खेत, अल्मोड़ा (उत्तराखंड) के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना का मुख्य कारण टोल टैक्स क्षेत्र में फैला घना अंधकार और डिवाइडरों पर चेतावनी संकेतों का अभाव था। सामने से आने वाली गाड़ियों की तेज रोशनी में यह डिवाइडर दिखाई नहीं देते। जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहली बार नहीं हुआ। इसी प्रकार की लापरवाही के कारण पूर्व में भी कई जानें जा चुकी हैं। इसके बावजूद संबंधित विभागों ने आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

घायलों को पहले नजदीकी अस्पताल लाइफ लाइन में भर्ती कराया गया, फिर परिजनों द्वारा गंभीर रूप से घायल खेमचंद को हल्द्वानी ले जाया गया है। उसकी हालत अत्यंत नाजुक बताई जा रही है।

### सावन कांवड़ यात्रा से पहले खतरे की घंटी

बिजनौर। यह हादसा ऐसे समय में हुआ है जब सावन मास की पवित्र कांवड़ यात्रा बस शुरू होने को है। लाखों श्रद्धालु इसी मार्ग से गुजरेंगे। यदि मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था और संकेतों का अभाव रहा, तो यह क्षेत्र गंभीर दुर्घटनाओं का केंद्र बन सकता है। यह हादसा केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि व्यवस्थागत लापरवाही का जीता-जागता प्रमाण है। टोल क्षेत्र और उसके आसपास उचित प्रकाश व्यवस्था तत्काल प्रभाव से की जाए। डिवाइडरों पर रिफ्लेक्टर और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। कांवड़ यात्रा से पूर्व सभी खतरनाक मोड़ों और अवरोधों की समीक्षा कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जाएं। अब और देर घातक साबित हो सकती है। यह हादसा एक चेतावनी है, जिसे अनदेखा करना भविष्य में और अधिक दुखद परिणाम ला सकता है।

# डिटर्जेंट पाउडर लिक्विड पीने से हालत बिगड़ी

**नहटौर।** फ्रिज में कोल्ड ड्रिंक की बोतल में रखे डिटर्जेंट पाउडर लिक्विड को पीने से एक किशोर की हालत बिगड़ गई। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद किशोर को घर भेज दिया गया।

गांव बूढ़पुर निवासी 15 वर्षीय मौहम्मद अफजाल पुत्र इरशाद ने अपने घर में फ्रिज में रखी एक कोल्ड ड्रिंक की बोतल में कोल्ड ड्रिंक होने को लेकर पी ली। बताया जाता है कि कोल्ड ड्रिंक की खाली बोतल में डिटर्जेंट पाउडर का लिक्विड भरकर रख गया था। किशोर ने धोखे से उसको पी लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। चिकित्सा प्रभारी डॉ. आशीष आर्य का कहना है कि प्राथमिक उपचार के बाद किशोर की हालत में सुधार होने पर उसे घर भेज दिया गया है।

# झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम भज्जावाला में झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से 35 वर्षीय एक महिला की जान चली गई। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही से गलत इंजेक्शन देने का आरोप लगाया है।

थाना क्षेत्र के गांव आसफाबाद चमन निवासी एक महिला की तीन पूर्व अचानक तबियत बिगड़ी परिजनों द्वारा उसे पास के ही गांव भज्जावाला में इलाज के लिए एक झोलाछाप डॉक्टर के पास लाया गया। जहां इलाज के दौरान झोलाछाप डॉक्टर द्वारा एक इंजेक्शन गलत तरीके से लगा दिया गया। जहां महिला की हालत और गंभीर हो गई। उसे इलाज के लिए हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो जाने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूत्रों का कहना है कि मंगलवार को झोलाछाप डॉक्टर व परिजनों के बीच आपसी समझौता हो गया है। वही परिजनों ने उच्च अधिकारियों से झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की है। उधर झोलाछाप डॉक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि परिजनों द्वारा लगाए गए सभी आरोप गलत है। ऐसा कोई मामला नहीं है। महिला की हार्ट अटैक होने की वजह से मृत्यु हुई है।

# मर्जर के विरोध में शिक्षकों का जोरदार प्रदर्शन

## मुख्यमंत्री योगी के नाम जिलाधिकारी को सौंपा 10 सूत्रीय मांग पत्र



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने प्रांतीय संगठन के आह्वान पर स्कूलों के मर्जर के विरोध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया तथा कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम 10 सूत्रीय मांग पत्र को एडीएम को सौंपा। पत्र में स्कूलों को मर्ज नहीं करने की मांग की है तथा अन्य मांगों को अविलंब पूरा करने पर जोर दिया है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान, जिला मंत्री प्रशांत सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष असीम चौहान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर एकत्रित हुए तथा अपनी मांगों को लेकर धरना देकर बैठ गए। धरना स्थल पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए भूपेंद्र कुमार चौहान ने कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी, तब तक आंदोलन को जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूलों को दूसरे स्कूलों में मर्जर करना गलत है। इससे शिक्षा व्यवस्था पर फर्क पड़ेगा। गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। अन्य वक्ताओं ने शिक्षक संघ के आंदोलन का पूर्ण समर्थन किया। कार्यालय से शिक्षक प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा यहां पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक मांग पत्र एडीएम को सौंपा गया। एडीएम को दिए पत्र में कहा गया है कि विभागीय अधिकारी समस्याओं का निस्तारण नहीं कर रहे हैं। पत्र में पुरानी पेंशन को अविलंब हल करने, विद्यालयों को किसी भी सूरत में मर्जर नहीं किया जाना चाहिए, प्रदेश का कोई भी स्कूल बंद भी नहीं किया जाना चाहिए। हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार दिया जाना चाहिए। प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों को प्रमोशन का लाभ दिया जाना चाहिए। शिक्षकों को कैशलेस की सुविधा दी जाए। 12 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान का लाभ दिया जाना चाहिए। शिक्षकों को राज्य कर्मचारियों की भांति उपार्जित व चिकित्सा अवकाश व आदित्य शनिवार का अवकाश भी दिया जाए। भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालयों का समय सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 तक किया जाए। शिक्षण कार्य को उच्च स्तर का बनाने के लिए शिक्षकों को ब्लू की दृष्टि से मुक्त किया जाए। आकाशी जनपद से शिक्षकों के अंतर्जनपदीय तबादले किए जाने चाहिए। आश्रित के पदों पर ऐसे अभ्यर्थी जो बीएड व्यक्ति आईटीआई उत्तीर्ण है। उन्हें शिक्षकों के पद पर नियुक्ति दी जानी चाहिए। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चौधरी, गुलशन सिंह, गिरीश कुमार, नितिन चौहान, कुलदीप चौधरी, गर्वित चौधरी, नवनीत कुमार, मनीष कुमार, चंद्रपाल सिंह, जूनियर शिक्षक संघ के महामंत्री राहुल राठी, अटेवा के प्रांतीय उपाध्यक्ष चंद्रहास, धर्म सिंह, अंकित कुमार, विपिन कुमार शर्मा, तरनजीत कौर मलिक, लता, रितु चौधरी, अर्चना चौधरी, देवेंद्र कुमार शर्मा, अनीता रानी, नजमा खातून, अर्चना, अल्फिया, जावेद, मीनाक्षी, गीता रानी, शालू त्यागी, प्रियंका, इंदु चौधरी, संजय कुमार चौहान, सुहेल अख्तर बेग, अंकित कुमार, विकुल तोमर, मंजीत ठाकरान सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# गरमाया जा रहा बिजनौर का माहौल

## रॉबिन चौधरी के घर पहुंचे संजीव बालियान, मोईन के चौराहे पर पुलिस तैनात



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रोबिन चौधरी और कारोबारी खालिद के बीच पैदा हुआ विवाद नेताओं को सियासत चमकाने के लिए मसाला बन चुका है। भाजपा नेताओं ने रॉबिन चौधरी के घर पहुंचकर पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन किया जाएगा।

प्राप्त समाचार के अनुसार पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान आज रोबिन चौधरी के घर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उनके साथ पूर्व सांसद कुंवर भारतेन्द्र सिंह एवं जिला पंचायत साकेंद्र प्रताप सिंह भी थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हमले से एक दिन पहले उसी स्थान पर पुलिस की पिटाई हुई थी। फिर भी पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से पकड़े गए दो आरोपी शाम तक जमानत पर रिहा हो गए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि गिरफ्तार आरोपियों को कूलर में बैठाकर वीआईपी जैसा व्यवहार किया गया। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष और पुलिस अधीक्षक से फोन पर बात की। बालियान ने दो दिन में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

बालियान ने आरोपियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने और उनके अवैध कामों की जांच की मांग की। उन्होंने प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल से भी ठोस कार्रवाई की मांग की। चेतावनी दी कि दो दिन में कार्रवाई नहीं होने पर सड़कों पर उतरा जाएगा।

इस मौके पर पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह और भाजपा नेता डॉ. बीरबल सिंह भी मौजूद रहे। दूसरी तरफ पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करती है खालिद के घर के पास चौराहे पर पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं।

## पुलिस ने किया पैदल गश्त



**शाह टाइम्स संवददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से अफजलगढ़ पुलिस द्वारा सोमवार को कस्बे के मुख्य मार्गों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सघन पैदल गश्त की गई।

गश्त दल का नेतृत्व थाना प्रभारी सुमित राठी व कस्बा इंचार्ज प्रवीण कुमार ने किया। इस दौरान हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबल आसिफ, कांस्टेबल विशाल मलिक और कांस्टेबल रजनीश कुमार आदि मौजूद रहे। पुलिस टीम ने बाजार के मुख्य सार्वजनिक स्थल, बैंक व संवेदनशील स्थानों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखी।

थाना प्रभारी सुमित राठी ने बताया कि गश्त का उद्देश्य कानून व्यवस्था बनाए रखना, अपराध पर अंकुश लगाना तथा लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि ऐसे गश्त अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे।

## नीरज व नंद किशोर का स्वागत

### मोदी-योगी राज में जनता खुशहाल



**शाह टाइम्स संवददाता**

**नूरपुर।** बीती शाम भारत सरकार में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पुत्र नीरज सिंह व लोनी से भाजपा विधायक नंद किशोर गुज्जर का नूरपुर पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शहीद परवीन सिंह तिराहे पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया।

लोनी के कद्दावर नेता विधायक नंद कुमार गुर्जर ने कहा है कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में देश उन्नति कर रहा है। मोदी योगी के राज में देश की जनता खुशहाल हैं। भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास कर रही। उन्होंने कहा है कि अपराधी गुंडे माफिया जेलों के हवा खा रहे हैं। सपा, बसपा पार्टियों व कांग्रेस ने देश के लोगों को गुमराह करने का काम किया है। इन पार्टियों ने हिन्दू-मुसलमान के बीच नफरत फैला कर सत्ता हासिल की है। आज देश व प्रदेश में कानून का राज है। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी का हर एक कार्यकर्ताओं से मेरी अपील है कि पार्टी की नीतियों के बारे में जाकर पार्टी को जागरूक करने का काम करें। क्योंकि पार्टी ही रीढ़ की हड्डी है। हिंदू समाज को अब एकजुट होने का वक्त है। अगर हिन्दू मजबूत होगा। तो देश मजबूत होगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल महामंत्री, वीर प्रकाश सिंह भुइयार, उपाध्यक्ष प्रदीप राणा, भाजपा युवा नेता वरूण त्यागी, किसान मोर्चा अध्यक्ष गोहाबर सुनीश चौधरी, नवनीत कुमार, नवीन कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मालगाड़ी से कट कर मौत

### पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मुरादाबाद नगीना रेलवे लाइन पर नगीना- पुरैनी स्टेशनों के बीच खंबा नंबर 1473 के पास डाउन लाइन पर सोमवार की शाम लगभग 6.30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष बताई जा रही है। वह सफेद शर्ट और काली पैंट पहने हुए था।

नगीना रेलवे स्टेशन मास्टर द्वारा घटना की सूचना देते ही जीआरपी, आरपीएफ और स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। यह हादसा इतना भीषण था कि शव बुरी तरह से क्षत-विक्षत हो गया, जिससे फिलहाल मृतक की पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा है। पुलिस ने व्यक्ति की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। मृतक की शारीरिक पहचान में उसकी लंबाई लगभग 5 फुट 7 इंच और रंग सांवला बताया गया है।

पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया है। साथ ही मृतक की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों में जानकारी जुटाई जा रही है। रेलवे पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि अगर किसी को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी हो, तो वे तुरंत पुलिस से संपर्क करें, ताकि उसकी पहचान हो सके और परिवार तक सूचना पहुंचाई जा सके। फिलहाल यह साफ नहीं हो पाया है कि यह आत्महत्या है या हादसा। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है।

## आरजेपी में हुआ एनसीसी कैडिट्स को ए एवं बी प्रमाण पत्र का वितरण

### कालेज परिसर में किया पौधारोपण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज के सभागार में 30 यूपी बटालियन बिजनौर द्वारा एनसीसी क्रेडिट्स को ए एवं बी प्रमाण पत्र का वितरण प्रशासनिक अधिकारी अमित कुमार मिश्रा, सूब. ेदार मेजर जगत सिंह नेगी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी अमित कुमार मिश्रा व प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल द्वारा राजा ज्वाला प्रसाद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी अमित कुमार मिश्रा ने कहा कि एनसीसी हमें एक अच्छा नागरिक और की क्षमता उत्पन्न करते हैं।

साथ ही एनसीसी कैडेट्स में नेतृत्व, अनुशासन, ईमानदारी, टीम भावना, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास, शारीरिक फिटनेस, निस्वार्थ सेवा और समाज सेवा आदि गुणों को विकसित करती हैं। इस अवसर पर नायब सूबेदार मुमताज हवलदार, रूपमान, लिम्बु, रमेश सिंह, प्रशांत कुमार, शरीफ अहमद, उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ, सुधांशु वत्स, योगेश कुमार, लेफ्टिनेंट तेजपाल सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह, सुभाष बाबू राजपूत, चंद्रहास सिंह, करनवीर सिंह, नरेंद्र कुमार, मनोज कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## विद्यालय मैनेजमेंट कमेटी ने सौंपा शोक संवेदना पत्र

### पुष्पांजलि की अर्पित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज मैनेजमेंट कमेटी के पदाधिकारियों ने ग्राम हुरनंगला पहुंच कर भाजपा संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह सैनी की माता के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके छोटे भाई यशपाल सिंह को शोक संवेदना पत्र सौंपा।

सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉक्टर संदीप शर्मा, अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, महेश सिंह प्रधानाचार्य, संजय वर्मा, हेमंत कुमार एड., मास्टर अनिल बंधु, डॉ. बालेश विश्नोई, गर्वित चौधरी, संजय अग्रवाल, इंद्रेश गंगवार आदि मंगलवार की सुबह को ग्राम हुरनंगला भाजपा संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह सैनी के आवास पहुंचे। जहां उन्होंने उनकी माता भाग्यवती को पुष्पांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह सैनी के छोटे भाई यशपाल सिंह सैनी को एक शोक संवेदना पत्र सौंपा।

पत्र में लिखा गया कि धर्मपाल सैनी की माता भाग्यवती के गोलोक वासी होने का समाचार मिला। हृदय को अत्यंत कष्ट हुआ। मां परिवार समाज एवं संस्कारों से बंधे रहती है। मां का स्थान इस संसार में कोई नहीं ले सकता। क्योंकि मां ने ही सामाज में हमें स्थापित किया है और यह कार्य आपकी माता जी ने बाखूबी निभाया है। जिन्होंने आप जैसे मां भारती की सेवा करने वाले पुत्र को जन्म दिया, जो आपके संस्कारों में दिखाई देता है।

## दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत, एक घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** धामपुर-नगीना मार्ग पर रामलीला ग्राउंड के पास मंगलवार की शाम लगभग सात बजे दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रत्यदर्शियों ने बताया कि की 46 वर्षीय ग्राम चमरा वाला निवासी सोनू पुत्र जितेंद्र जैसे ही रामलीला ग्राउंड के पास पहुंचा तभी अचानक सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उसकी बाइक टकराने से वह जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा होते ही मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर पहुंची 112 के वाहन द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पहुंचाया गया। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल बिजनौर के लिए रैफर कर दिया।

## सहसपुर-मेवा नवादा रेलवे स्टेशन रोड बदहाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** मेवा नवादा भारतीय रेलवे स्टेशन रोड की सड़क की खराब स्थिति ने स्थानीय निवासियों और यात्रियों के लिए परेशानी बढ़ा दी। रेलवे स्टेशन रोड गड्ढे व गार में तब्दील है। ऐसा लगता है कि मानो वहां कभी सड़क बनी ही नहीं।

यह वो रेलवे स्टेशन है, जो पहले स्टेशन परिसर व रेलवे टिकट खिड़की दोनों रेलवे ट्रैक के बीचो-बीच बनी थी। जनरल नॉलेज के प्रश्न के रूप में भी इसका नाम आता था। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश में रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प के दौरान इसका स्टेशन एक ही साइड में बनाया गया है। बरसात के मौसम में सड़क पर कीचड़ और जलभराव ने स्थिति को और भी बदतर बना दिया है। सड़क के गड्ढे और उबड़-खाबड़ सतह ने वाहन चालकों के लिए मुश्किलें पैदा कर दी है। स्थानीय निवासियों व दैनिक यात्री जीशान, शमशेर आलम, मौहम्मद आसिफ, मौहम्मद समीर, डॉ. मौहम्मद रमजी आदि मुरादाबाद व धामपुर दैनिक यात्रियों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण उन्हें रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क पर जलभराव और कीचड़ ने यात्रियों के लिए आवागमन को मुश्किल बना दिया है। कई बार लोग फिसलकर गिर चुके हैं और घायल हो चुके हैं।

वहीं दूसरी और अन्य यात्रियों का कहना है कि सड़क की हालत इतनी खराब है कि ई रिक्शा भी रेलवे स्टेशन पर नहीं पहुंचती, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं दूसरी ओर चुनाव के दौरान, विधायक, सांसद आदि नेता विकास की बात करते हैं। लेकिन व्यवहार में ऐसा नहीं है। यात्रियों ने नव सड़क निर्माण की मांग की है।

**प्रधान परिवार न्यायालय, बिजनौर**

वाद संख्या 753/24

**शुभांशी गुप्ता बनाम आरव अग्रवाल**

आरव अग्रवाल पुत्र विकास अग्रवाल निवासी मौहल्ला साकेत विहार अपोजिट गुल मोहर रेस्टोरेन्ट, नगीना रोड धामपुर, थाना धामपुर, जिला बिजनौर

चूंकि उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 10.07.2025 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक: 10.07.2025

**प्रिंसीपल जज**
**फैम्ली कोर्ट, बिजनौर**

## एक नजर

### मोहर्रम ताजिया का शुभारंभ



**बिजनौर।** आज ग्राम गौहावर में हजरत इमाम हुसैन की याद में मोहर्रम ताजिया का संयुक्त फीता काट कर शुभारंभ किया। सलीम अहमद संभावित प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर पांच नूरपुर ब्लॉक समा. जवादी पार्टी', देवेंद्र यादव महासचिव विधानसभा नूरपुर सपा, तुषार शेखावत जिला महासचिव युवा जनसभा सपा, मुकर्रम अल्वी सचिन नूरपुर विधानसभा सपा, इकरामुद्दीन अंसारी सैक्टर प्रभारी सपा, डॉ. वसीम सिद्दीकी युवा प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी आंदोलन पार्टी, हाजी अरशद अंसारी, चौधरी निजामुद्दीन अंसारी, इमरान सैफी पश्चिम प्रभारी समा. जवादी आंदोलन पार्टी, आबिद अहमद, जीशान अंसारी, युसूफ अंसारी, नसरुद्दीन अंसारी, नौशाद सिद्दीकी, डॉ. परवेज सिद्दीकी, हसन अख्तर अंसारी, नौशाद अंसारी, जफरुद्दीन सैफी, लईक अल्वी, अमन सैफी, मयूर खान, दानिश इदरीसी, आदि लोग मौजूद रहे।

### नगर पालिका में कार्यरत जेई का ट्रांसफर



**नगीना।** नगर पालिका नगीना में कार्यरत जेई तेजपाल सिंह का हसनपुर ट्रांसफर कर दिया गया है। मंगलवार को नगर पालिका के कर्मचारियों सहित कई समाजसेवकों ने उनको समारोहपूर्वक विदाई दी। नगर पालिका परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर अवर अभियंता को विदाई दी गई। इस दौरान तेजपाल सिंह ने सहकर्मियों एवं उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि विभाग की नौकरी में तबादला एवं सेवानिवृत्ति एक निर्धारित प्रक्रिया है। वरिष्ठ लिपिक इक्तेदार आलम जैदी ने कहा कि यहां से तबादले पर जा रहे अवर अभियंता तेजपाल सिंह विगत कई वर्ष से लगातार अविवादित सेवा दे रहे थे। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक इक्तेदार आलम जैदी, मौ. असलम, मुनीर आलम जैदी, धीरज राय वर्मा, मौहम्मद फहद आदि सहित समस्त पालिकाकर्मी मौजूद रहे।

### बच्चों को पोषण किट वितरित




**नहटौर।** नगर पालिका में गंभीर कुपोषित बच्चों का समेकित पोषण प्रबंधन कार्यक्रम के तहत 12 अति कुपोषित बच्चों को पोषण किट वितरित की गई। पोषण किट में एक किलो चना, एक किलो मूंग की हरी दाल, एक किलो दलिया, 500 ग्राम देसी घी एक बोनविटा का डब्बा दिया गया। यह किट प्रत्येक माह दी जाएगी। अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने कहा कि कुपोषित बच्चों की पहचान करके सरकार द्वारा लाभ दिया जा रहा है। इस मौके पर रमेश चंद्र, अतुल राज सिंह, विशेष कुमार, अकरम इब्राहिम, सलीम, कपिल, गजेंद्र, हर्ष स्वास्थ्य केंद्र एएनएम अनीता सभी आंगनवाड़ी सभी नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

### श्रम मंत्री पहुंचे इंडस्ट्रियल एरिया

**नगीना।** थाना क्षेत्र के ग्राम हुरनंगला में भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह सैनी की माता के देहांत पर उनको श्रद्धांजलि देने पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार में श्रम मंत्री ठाकुर रघुराज सिंह नगीना के रेलवे लाइन पार बने इंडस्ट्रियल एरिया पहुंचे और कारखाना मालिकों व श्रमिकों से मिलकर समस्याएं जानीं। उन्होंने सभी समस्याओं के शीघ्र हल करने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सबको साथ लेकर चल रही है। उन्होंने उज्जैन और बहराइच में ताजिए को लेकर हुए विवादों को दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा भेदभाव रहित होकर कार्य कर रही है। केंद्र और प्रदेश सरकारों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है। इसके बाद वे काष्ठ कला व्यापारी इश्तियाक अहमद उर्फ बाबू भाई के कारखाने भी गए। जहां पर उनका फूलमालाओं से स्वागत किया गया। श्रम मंत्री ने काष्ठ कला के बने आइटमों को देखकर कारीगरों की कला की प्रशंसा की। इस मौके पर बाबू भाई ने उन्हें काष्ठकला के कुछ आइटम भेट कर सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष हापुड़ संजय त्यागी, पूर्व सांसद नवीन भारती, सदस्य श्रम बोर्ड और जिला मंत्री बीजेपी हापुड़ सुल्तान सिंह उनके साथ रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत शेखपुरा आलम, विकास खण्ड नजीबाबाद ( बिजनौर )**

पत्रांक मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/ राज्यवित्त दिनांक:- 08/07/2025

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत विकास योजना शेखपुरा आलम में स्वीकृत राज्य वित्त के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति, सीमेंट, रेत बजरी, 40 एमएम पथर, ईट, सरिया, लोहा ग्राम पंचायत को आवंटित/उपलब्ध धनराशि से निम्नाकित विवरणानुसार निर्माण कार्य कराए जाने हेतु आहार पंजीकृत सप्लायरों/फर्मों से अल्पकालीन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | स्वीकृत कार्य का विवरण | मद का नाम | अनुमानित लागत | टैंडर खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक विद्यालय के मेन गेट से मौहम्मद अनवार के घर तक सी.सी. रोड निर्माण। | राज्य वित्त | 3,67,187.00 | 11.07.2025 |

इच्छुक पंजीकृत सप्लायरों/ फर्मों कार्य दिवस में सचिव ( ग्रा.पं. ) से निविदा क्रय कर निर्धारित अंतिम तिथि को 2 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में बंद लिफाफे में जमा करा दे। निविदा को उसी दिन 4 बजे उपस्थित टैंडर दाताओं की उपस्थिति में खोला जाएगा। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव में निहित है। निविदा संबंधी जानकारी पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**श्री भगीरथ सिंह- ग्राम प्रधान** **श्री अतुल कुमार भारती-सचिव**

**कार्यालय ग्राम पंचायत शेखपुरा आलम, विकास खण्ड नजीबाबाद ( बिजनौर )**

पत्रांक मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/ 15वां वित्त दिनांक:- 08/07/2025

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत विकास योजना शेखपुरा आलम में स्वीकृत 15वां वित्त के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति, सीमेंट, रेत बजरी, 40 एमएम पथर, ईट, सरिया, लोहा ग्राम पंचायत को आवंटित/उपलब्ध धनराशि से निम्नाकित विवरणानुसार निर्माण कार्य कराए जाने हेतु आहार पंजीकृत सप्लायरों/फर्मों से अल्पकालीन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | स्वीकृत कार्य का विवरण | मद का नाम | अनुमानित लागत | टैंडर खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अभिषेक के मकान से सलीम की दुकान तक नाली निर्माण व एक चैनर फिक्सिंग का कार्य। | 15वां वित्त | 1,21,665.00 | 11.07.2025 |

इच्छुक पंजीकृत सप्लायरों/ फर्मों कार्य दिवस में सचिव ( ग्रा.पं. ) से निविदा क्रय कर निर्धारित अंतिम तिथि को 2 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में बंद लिफाफे में जमा करा दे। निविदा को उसी दिन 4 बजे उपस्थित टैंडर दाताओं की उपस्थिति में खोला जाएगा। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव में निहित है। निविदा संबंधी जानकारी पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**श्री भगीरथ सिंह- ग्राम प्रधान** **श्री अतुल कुमार भारती-सचिव**

# राज ठाकरे व उद्धव ठाकरे का पुतला फूंका

## महाराष्ट्र में हिंदी भाषा बैन करने व उत्तर भारतीयों से अभद्र व्यवहार की निंदा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** महाराष्ट्र मे हिंदी भाषा के बैन पर शिवसेना जिला इकाई बिजनौर की बैठक का आयोजन बसंती देवी धर्मशाला रेलवे रोड में किया गया। बैठक में महाराष्ट्र के राज नेता राज ठाकरे व उद्धव ठाकरे द्वारा महाराष्ट्र राज्य में हिंदी भाषा बैन करने, उत्तर भारतीय व बिहारी भाइयों के साथ जो अभद्र व्यवहार किया जा रहा है, जिसकी निंदा की गई।

शिवसेना उपराज्य प्रमुख पंडित नरेश शर्मा ने कहा कि संपूर्ण भारतवर्ष में हमारी मातृभाषा राष्ट्रीय भाषा हिंदी का प्रयोग प्रथम किया जाता है, लेकिन महाराष्ट्र में बीएमसी चुनाव को लेकर कुछ महाराष्ट्र के राजनेता मराठी भाइयों को गुमराह करके हिंदी भाषा व उत्तर भारतीय व बिहारी भाइयों का विरोध जिस तरह महाराष्ट्र राज्य में कर रहे हैं व अत्यंत निंदनीय है। उत्तर भारत से परीक्षा देने गए छात्रों के साथ भी हिंदी भाषा ना बोलने पर मारपीट की गई। उत्तर भारत से महाराष्ट्र में व्यापार करने गए व्यापारियों के साथ भी मारपीट की गई। महाराष्ट्र के घटिया किस्म के राजनेता ध्यान रखें की महाराष्ट्र भारतवर्ष का हिस्सा है जबकि महाराष्ट्र में बनने वाली फिल्म भी मराठी भाषा में ना बनाकर हिंदी भाषा में बनाई जा रही है, जिससे वहां के लोग करोड़ों रुपए कमा रहे हैं लेकिन कुछ लोग मराठी भाइयों को गुमराह करके महाराष्ट्र के होने वाले बीएमसी चुनाव का माहौल खराब करना चाहते हैं जिस कारण वह हिंदी भाषा में उत्तर भारतीयों का विरोध कर रहे हैं व यह भी याद रखें कि महाराष्ट्र के लोग भी भारत के विभिन्न हिस्सों में अपना व्यापार करते है। राज ठाकरे के द्वारा दिए गए इस बेतुका का बयान का खामियाजा कही मराठी भाइयों को ना भुगतना पड़ें। उन्होंने कहा मराठी भाइयों को इस तरह के नेताओं की बयानबाजी से बचना चाहिए और अपनी राष्ट्रीय भाषा का प्रयोग करते रहना चाहिए।

शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह के नेतृत्व में शिव सैनिकों ने धर्मशाला, रेलवे रोड से होते हुए फव्वारा चौक के निकट राज ठाकरे का पुतला दहन किया। इस दौरान शिव सैनिकों ने राज ठाकरे व उद्धव ठाकरे के मुर्दाबाद के नारे लगाए गए कहा कि बाला साहब हम शर्मिंदा हैं तेरे पुत्र उद्धव और राज अभी जिंदा हैं।

पुतला दहन कार्यक्रम में ऋतुल शर्मा आईटी सेना प्रभारी उत्तर प्रदेश, विजय मोहन गुप्ता युवा सेना बिजनौर, संदीप बिल्ला, मुकेश लाम्बा, विवेक कुमार, शशि कुमार, अंतरिक्ष कौशिक, भूपेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, पुलकित त्यागी, जतिन कुमार, सुरेंद्र कुमार, बंटी शेरावत सहित दर्जनों शिव सैनिक मौजूद रहे।

# पूर्व पालिकाध्यक्ष कामना आर्य और व्यापारी विकास माहेश्वरी का निधन

## वैश्य समाज व नगर में शोक की लहर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में बीते 24 घंटे के भीतर वैश्य समाज को दो बड़ी क्षतियाँ झेलनी पड़ीं। नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष कामना आर्य के निधन की सूचना से जहां नगर के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं युवा व्यापारी विकास माहेश्वरी का हृदयगति रुक जाने से आकस्मिक निधन से व्यापारिक समुदाय में गम का माहौल गहरा गया।

पूर्व पालिकाध्यक्ष कामना आर्य जो लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं का दोपहर में निधन हो गया। वे वैश्य समाज से नगर की पहली महिला अध्यक्ष बनी थीं। मृदुभाषी, मिलनसार और समाजसेवा को समर्पित व्यक्तित्व वाली कामना आर्य की लोकप्रियता हर वर्ग में थी। उनके निधन की सूचना मिलते ही नगर के प्रबुद्धजनों, व्यापारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की।

दूसरी ओर नगर के प्रतिष्ठित युवा व्यापारी माहेश्वरी का गुरुवार को अचानक हृदयगति रुकने से निधन हो गया। उनका निधन अत्यंत पीड़ादायक रहा, उनका अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में नगर के श्मशान घाट पर संपन्न किया गया।

लगातार 24 घंटे के भीतर दो सक्रिय और सम्मानित व्यक्तियों की विदाई से वैश्य समाज ही नहीं, पूरा नगर शोकमग्न है। नगर के विभिन्न संगठनों व गणमान्य लोगों ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

# जनसंघ के संस्थापक का भाजपाइयों ने मनाया जन्मदिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

भारतीय जनता पार्टी भागूवाला मंडल के कार्यकर्ताओं ने महामंत्री सचिन देशवाल के साहनपुर स्थित प्रतिष्ठान पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता चौधरी ईशम सिंह ने उनके जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वास्तव में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने का काम कर रहे हैं। कश्मीर से धारा 370 हटाकर देश में ऐतिहासिक कार्य किया है। इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर अपनी अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर चौधरी ईशम सिंह, महामंत्री सचिन देशवाल, जिला प्रतिनिधि अरविंद विश्वकर्मा, अजीम अहमद, महबूब मलिक, शक्ति केंद्र संयोजक सचिन नामदेव, संजीव, राहुल शर्मा, बूथ अध्यक्ष सुमित चौधरी, सुरेंद्र चौहान, रोहित राजपूत, मयंक राजपूत, अजय पंडित आदि उपस्थित रहे।

# मंडल महामंत्री के जन्मदिन पर आम खाओ कार्यक्रम

## ऐसे आयोजनों से मिलती है पौधे लगाने की प्रेरणा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मंडल महामंत्री के जन्मदिन पर आम खाओ पार्टी का आयोजन किया गया।

भाजपा नेता अंकित राजपूत ने आज अपने पैतृक ग्राम पदारथपुर में अपने आम के बाग में भारतीय जनता पार्टी भागूवाला मंडल के महामंत्री कपिल राजपूत के जन्मदिन के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया तथा उनका जन्मदिन मनाया। साथ ही सबको मौसम के ताजे फल के रुप में आम खिलाए।

इस अवसर पर भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से हमें अपनी संस्कृति, पौधारोपण, बागवानी एवं पौधों को लगाने एवं पालने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा सुरक्षा में पेड़ों और बाग बगीचों का महत्वपूर्ण स्थान है। हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका लालन पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अंकित राजपूत के पूर्वजों ने इस आम के बाग को लगाया, पाल पोस कर बड़ा किया, जिसके हम फल खा रहे हैं। इस तरह से हम भी अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए पेड़ पौधे, बाग लगाएं ताकि हमारे आने वाली पीढ़ियां फल खाएं। हमें याद करते रहें और इसी तरह बाग में आने वाली पीढ़ियां जन्मदिन, अन्य शुभ कार्यक्रम अपने बाग बगीचों में मनायें। सभी ने आम खाकर मंडल महामंत्री को जन्मदिन की बधाई दी और अंकित राजपूत का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम में अंकित राजपूत, मंडल अध्यक्ष कमल सैनी, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, जिला प्रतिनिधि अरविंद विश्वकर्मा, चौधरी ईशम सिंह, सभासद नगर पालिका परिषद नजीबाबाद इन्दू राजपूत, अतुल रोहिल्ला, राजन राजपूत, हिमांशु तायल, मोनू वर्मा, जाहिद हुसैन, सुमित गुर्जर, सचिन देशवाल, गोपीचंद, कपिल राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जीएसटी के नकली अधिकारी ने ठगा

**नजीबाबाद।** जीएसटी के नकली अधिकारी द्वारा एक व्यापारी को ठगने की घटना के बाद शहर के बाजार में इस नकली अधिकारी को एक बार फिर बाजार में घूमता देखकर व्यापारियों में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि पूर्व में स्टेशन रोड के चूड़ी व्यापारी से नकली जीएसटी अधिकारी ने 6000 रुपए ठग लिये थे। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। व्यापारी से हजारों रुपए हड़पने वाले इस जीएसटी के नकली अधिकारी को दोबारा से नजीबाबाद के बाजार में देखा गया, जिससे बाजार के व्यापारियों में हड़कंप मच गया। चर्चा है कि हरिद्वार रोड स्थित टेंपो स्टैंड के निकट बाजार में उक्त नकली अधिकारी सफेद रंग की पर्दे लगी हुई बोलेरो गाड़ी से घूम कर व्यापारियों को ठगने का काम कर रहा है। नकली जीएसटी अधिकारी को व्यापारी पकड़ने के प्रयास में जुटे हुए है।

### भाकियू का धरने को समर्थन



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत तहसील चांदपुर जिला बिजनौर कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर देवल गुरुद्वारा साहिब पहुंचे जहाँ उन्होंने देवल गुरुद्वारा साहिब पर गलत तरीके से चल रहे हाईवे निर्माण को लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन मे अपना पूर्ण समर्थन दिया। इस मौके पर सहसपुर ब्लॉक जिला मुजफ्फरनगर से ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र बालियां, सत्येंद्र प्रधान प्रदेश महासचिव, रईसुद्दीन जिला महासचिव, विजेंद्र प्रधान, बबलू, सौरभ, जितेंद्र प्रमुख साहब व तहसील चांदपुर से जिला उपाध्यक्ष जसवंत सिंह नामधारी, जिला उपाध्यक्ष मो. याकूब, ब्लॉक उपाध्यक्ष शेख मोहम्मद आशिक उर्फ बब्बू एवं भारतीय किसान यूनियन के जिम्मेदार नेता व मीडिया प्रभारी मोहम्मद हनीफ, काफी संख्या में भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी मोहम्मद हनीफ ने बताया कि जब तक किसान यूनियन की मांग पूरी नहीं होगी, तब तक धरना प्रदर्शन समाप्त नहीं होगा।

### पेट की बीमारियों की जानकारी दी

**नजीबाबाद।** नीमा नजीबाबाद की ओर से होटल वालिया में सीएमई की मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें लीवर व पेट रोगों से सम्बंधित विभिन्न प्रकार की बीमारियों व सर्जरी के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुरादाबाद के मशहूर डॉक्टर मौहम्मद रियाजी ने पैन क्रियाज की देखभाल व सर्जरी की आवश्यकता के लिए विषय में सम्पूर्ण जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि साफ सफाई व बेहर खान पान से भी कई बीमारियों से बचा जा सकता है। मीटिंग की अध्यक्षता नीमा नजीबाबाद के अध्यक्ष डा. सुलेमान ने की। कार्यक्र में गेस्ट्रो सर्जन डा. मौहम्मद रियाज को स्मृति चिनह देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डा. मौ. शाकिर रजा, डा. उस्मान, डा. शरीफ अहमद, डा. नाजिमद, डा. उबादुर्रहमान, डा. सतीश शर्मा, डा. पवन अग्रवाल, डा. एके गुप्ता, डा. दिलशाद, डा. रियाज, डा. फुरकान, डा. वसीम, डा. हारून, डा. शम्शुल इस्लाम, डा. मुस्तकीम, डा. युसूफ, डा. समीर, डा. औसाफ, डा. जहांगीर, डा. फिरोज खान, डा. रशादुल हक, डा. नसीम, डा. नाजिम मंजूर, डा. सरफराज आलम, डा. फैजान आलम, डा. वकील, डा. सौरभ आदि मौजूद रहे।

### सीएचसी पर सफाई व्यवस्था रही दुरुस्त



**नहटौर।** नगीना क्षेत्र के गांव हुरनंगला के भारतीय जनता पार्टी के संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह की माता के निधन होने पर उनके परिवार से मिलने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के कार्यक्रम तय होने पर जिला प्रशासन ने तैयारी युद्ध स्तर पर प्रारंभ कर दी थी। इसी के तहत नहटौर ब्लॉक व सीएचसी का रविवार को जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा,उप जिलाधिकारी धामपुर रितु रानी, सीओ धामपुर अभय सिंह पांडे नगर पालिका ईओ ओम गिरी,खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह ने ब्लॉक व सीएचसी पहुंचे थे और सफाई अभियान चलवाया था। मुख्यमत्री के रुकने के लिए सीएचसी व ब्लॉक कार्यालय पर स्वास्थ्य सेवाओं सहित दो सैफ हाउस बनाए गए थे। जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं को रखा गया था। इसी क्रम में सोमवार को लखनऊ से मुख्यमंत्री के सुरक्षा के ब्लैक कमांडो की टीम ने ब्लॉक व सीएचसी का स्थलीय निरीक्षण करके व्यवस्था को देखा था। ब्लॉक परिसर में तहसील प्रशासन की ओर से नायब तहस. ीलदार विजय कुमार व सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष शेरकोट मय फोर्स के कार्यालयों पर प्रात: से ही तैनात रहे। मुख्यमंत्री गांव हुरनंगला में आने के बाद अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए। जिस पर प्रशासनिक अधिकारियो ने राहत की सांस ली।

### झोलाछाप के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**नजीबाबाद।** नगर के मौहल्ला मेहंदीबाग निवासी भाजपा कार्यकर्ता कदीर मंसूरी ने सीएम पोर्टल पर भेजी शिकायत में क्षेत्र के एक झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि नजीबाबाद के ग्राम गढ़मलपुर में एक झोलाछाप डॉक्टर मरीजों के जीवन से खिलवाड़ कर रहा है। इस डॉक्टर के पास कोई भी डिग्री नहीं है। आरोप है कि उक्त डॉक्टर अपनी जेब भरने के चक्कर में दवा के नाम पर भी मरीजों से अधिक पैसा वसूल रहा है। उन्होंने मामले की जांच कराकर उक्त डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# पाइप लाइन लीकेज की समस्या का समाधान

## कुछ ही घंटों में पाइपलाइन की मरम्मत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के मुरादाबाद रोड स्थित थाने वाले चौराहे के पास अचानक पानी की मुख्य सप्लाई पाइप लाइन में लीकेज हो जाने से क्षेत्र में जल आपूर्ति बाधित हो गई थी लेकिन इस गंभीर समस्या के समाधान में नगर पालिका प्रशासन ने तत्परता दिखाई और कुछ ही घंटों में पाइप लाइन की मरम्मत कर पानी की सप्लाई पुन: सुचारु कर दी गई।

इस कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम देने में अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल की नेतृत्व क्षमता और विजन ने अहम भूमिका निभाई। ईओ की पहचान एक कुशल जवाबदेह और धरातल पर काम करने वाले अधिकारी के रूप में होती है। वे स्योहारा के विकास कार्यों को लेकर निरंतर सक्रिय रहते हैं और जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील हैं। वहीं चेयरमैन फैसल वारसी के मार्गदर्शन में नगर पालिका टीम ने सजगता से कार्य किया। चेयरमैन वारसी ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए तुरंत संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य में कोई देरी न हो और आमजन को जल संकट न झेलना पड़े। इस पूरी प्रक्रिया में चांदनी मैडम का नाम विशेष उल्लेखनीय है। उन्होंने न केवल मौके पर पहुंचकर कार्य की देखरेख की बल्कि श्रमिकों और तकनीकी टीम को समन्वय के साथ कार्य करने में सहायता प्रदान की। उनकी तत्परता कार्य के प्रति निष्ठा और जिम्मेदारी की भावना सराहनीय है। चांदनी मैडम नगर पालिका की उन कर्मठ महिला कर्मचारियों में से हैं जो स्योहारा नगर की गरिमा को अपने कर्तव्यों से ऊंचा उठाने में लगी हुई हैं। स्थानीय नागरिकों ने इस त्वरित कार्यवाही की सराहना की और नगर पालिका की सक्रियता को धन्यवाद दिया। नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन इसी तरह से सजग रहे तो नगर के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी।

बताते चलें कि थाने वाले चौराहे पर करीब एक वर्ष से नगर पालिका की पाइपलाइन टूटी पड़ी है, जिसकी वजह से हर रोज हजारों लीटर पानी बर्बाद होता है तो वहीं लोगों के घरों में गंदा पानी और कीड़े तक पहुंच रहे हैं। नगर पालिका प्रशासन को व पालिका अध्यक्ष को इस ओर भी ध्यान देते हुए इस पाइपलाइन को भी सही कराना चाहिए ताकि नगर के लोगों को स्वच्छ और सही पानी मिल सके और हर रोज बर्बाद हो रहे हजारों लीटर पानी को बचाया जा सके।

# पीड़ित को नहीं मिला इंसाफ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के मोहल्ला इंदु चौधरीयान निवासी वीरेंद्र सिंह पुत्र घसीटा सिंह ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि 29 जून 2025 की रात्रि में चोरों द्वारा उसकी ई-रिक्शा घर के पास से चोरी कर ली गई थी। पीड़ित ने घटना की तत्काल सूचना स्थानीय थाने में दी लेकिन उसका कहना है कि पुलिस ने अब तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं किय,ा बल्कि उसे केवल झूठी तसल्ली देकर वापस भेज दिया।

पीड़ित वीरेंद्र सिंह का आरोप है कि थाने से बार-बार चक्कर काटने के बावजूद उसकी न तो सुनवाई हुई और न ही चोरी की गई ई-रिक्शा का अब तक कोई सुराग लगा है। इस लापरवाही के चलते वह दर-दर की ठोकरें खा रहा है और मानसिक रूप से बेहद परेशान है।

पीड़ित का कहना है कि मेरे पास उन सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी मौजूद है जब चोर चोरी कर कर मेरी ई रिक्शा लेकर जा रहा था। जिसे पुलिस को मैंने कई बार दिखाया, उसके बाद भी मेरी कोई सुनवाई नहीं हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की इस तरह की उदासीनता से आम जनता का कानून व्यवस्था से भरोसा उठता जा रहा है। पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाने का मन बनाया है।

# पेड़ पौधे मानव जीवन का आधार: हाजी इल्तिफात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** सामाजिक संस्था अब्दुल वहीद मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत समिति के प्रबंधक द्वारा अपनी टीम के साथ जगह-जगह पौधारोपण किया गया।

पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत समिति के प्रबंधक हाजी मोहम्मद इल्तिफात ने कहा कि पेड़ पौधे मानव जीवन का आधार होते हैं। पेड़ पौधे मनुष्य को स्वच्छ ऑक्सीजन देते हैं। साथ ही फल देते हैं और ठंडी छाया भी देते हैं और सूखने के बाद कीमती लकड़ी भी देते हैं। पेड़ों से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी देते हुए हाजी मोहम्मद इल्तिफात ने बताया कि हर इंसान को अपने जीवन में एक नहीं अनेकों बार पेड़ पौधे लगाते रहना चाहिए। इस मौके पर डॉ. मोहम्मद शोएब, मोमिन अली, आबिद खान, गुफरान अहमद, मोहम्मद इरशाद, सरदार नवजोत सिंह सिद्धू, मोहम्मद नासिर बेग एडवोकेट, मोहम्मद दानिश, संजय कुमार, खुर्शीद अख्तर, डॉ. मोहम्मद शोएब, अब्दुल रहमान, गुफरान अहमद, मोहम्मद फैज, मोहम्मद शरीफ नजीर, पुष्पेंद्र कुमार, मोहम्मद शाजी आदि उपस्थित रहे।

# आवारा पशुओं पर लगाम लगाने व स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन कृषि क्रांति अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष विमल कुमार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतजार मूसा के दिशा निर्देश पर कार्यकर्ताओं के साथ तहसील पहुंचकर एसडीएम को एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में शहर में बढ़ रहे आवारा पशुओं, कुत्तों आदि से लोगों को निजात दिलो की मांग की गई। बाजार आने वाली महिलाओं के लिए नगर में पालिका से शौचालय बनवाने, कृषि उत्पादन मंडी समिति के गेट के सामने चलने वाले तेज स्पीड वाहनों से दुर्घटना रो. कने के लिए स्पीड ब्रेकर बनवाने आदि की मांगें की गई। मांग पूरी न होने पर पालिका का घेराव कर धरना देने की चेतावनी दी गई। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष फहीम मिर्जा, तहसील अध्यक्ष हैप्पी शर्मा, युवा जिला उपाध्यक्ष कामिल, ग्राम अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, जिला महासचिव अरशद, सरताज जौहरी, मास्टर इफ्तेखार, कुनाल सिंह, गुलजार, फैसल, अहसान, आतिफ, रमेश आदि मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ रवाना

## अमरनाथ यात्रा को लेकर विशेष उत्साह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री शिव शक्ति सेवा मंडल बुढलाड़ा (पंजाब) की धामपुर शाखा के तत्वावधान में आयोजित 25वीं अमरनाथ यात्रा के तहत 51 श्रद्धालुओं का जत्था मंगलवार को धामपुर से पवित्र अमरनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। रजत जयंती वर्ष में आयोजित इस यात्रा को लेकर शहर में विशेष उत्साह देखने को मिला।

सनातन धर्म सभा शिव मंदिर, पंजाबी कॉलोनी में आयोजित धार्मिक समारोह में भक्तों को विधिवत पूजा-अर्चना और तिलक के पश्चात विदाई दी गई। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष राजू गुप्ता, धामपुर शुगर मिल के प्रबंधक विजय गुप्ता, साहित्यकार दिनेशचंद्र अग्रवाल नवीन, विहिप नगर अध्यक्ष अजय अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पवन सिंह चौहान, मनप्रीत सिंह बॉबी समेत अन्य अतिथिगण मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल संयोजक बाबा सुनील अग्रवाल पचरंगी ने की और संचालन मनोज कात्यायन द्वारा किया गया। हरी झंडी दिखाकर जत्थे को रवाना किया गया। यात्रा में शामिल प्रमुख श्रद्धालुओं में चंद्रपाल सिंह सैनी, धर्मेश सैनी, शिवानी रानी सैनी, मोहित सैनी, तेजपाल सिंह, पुलकित जैन, विनोद शर्मा सहित कई स्थानीय शिव भक्त शामिल हैं। सुनील अग्रवाल ने 'भोले बाबा तेरी नौकरी सबसे खरी' कहते हुए श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया और अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से जुड़ने की अपील की।

# बाइक चोरी कर भागा ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

## पांच और बाइकें बरामद, अपर पुलिस अधीक्षक ने किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** खेत से बाइक चोरी कर भागे ऑटो लिफ्टर को पुलिस ने पकड़ लिया। हाथ आए बाइक चोर से चोरी चोरी कर ले जायी गइ बाइक समेत आधा दर्जन बाइकें बरामद की।

अपर पुलिस अधीक्षक ने घटना का अनावरण किया। थाना असमोली पुलिस क्षेत्र के ग्राम भैंसौड़ा निवासी मुनासिब पुत्र आकिल 4 जुलाई को बाइक लेकर अपने खेत पर गया था।

उसने अपनी बाइक मायादेवी इंटर कॉलेज के सामने अपने खेत पर खड़ी कर दी और चारा काटने लगा। तभी वहां पहुंचा नौशाद पुत्र वहीद नि. ग्राम–ढाक शहीद थाना असमोली उसकी मोटर साइकिल का लॉक तोडकर चुराकर भाग गया। बाइक स्वामी ने उसकी पहचान कर ली और 6 जुलाई को पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



असमोली। आधा दर्जन चोरी की बाइकों संग पकड़ा गया ऑटो लिफ्टर।

पुलिस अधीक्षक के के विशनोई और अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी राजेश श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी/ सहायक पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार के निर्देशन व थाना प्रभारी कुलदीप कुमार के नेतत्व में अपराधियों की धर पकड़ अभियान में बाइक चोरी के आरोपी नौशाद पुत्र वहीद नि0 ग्राम–ढाक शहीद थाना असमोली को मालपुर पाकबाडा रोड पर ग्राम मालपुर से करीब 300–400 मीटर सडक पर पडी झोपडी से 01 मोटर साईकिल समेत पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की निशांदेही पर पुलिस ने अब्दुल रहमान के बन्द पडे भटटे की कोठरी से 05 अदद चोरी की मोटर साईकिल बरामद की।

## सहजन के पौधे में पाया जाता है सबसे अधिक कैल्शियम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बबराला।** वन महोत्सव सप्ताह के अन्तिम दिन इंटर कॉलेज परिसर में पौधे रोपित कर सहजन के पौधे की विशेषताओं की जानकारी दी। विकासखंड रजपुरा के ग्राम भिरावटी स्थित शांति यादव गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य व क्षेत्रीय वनाधिकारी गुन्नौर रेंज, शिक्षकों व छात्र–छात्राओं को सहजन के पौधे वितरित किय गय। चन विभाग द्वारा छात्र–छात्राओं को सहजन के पौधों की विशेषताओं की जानकारी देकर बताया गया कि सहजन की फली में केले से चार गुना अधिक कैल्शियम व संतरे से सात गुना विटामिन सी और गाजर से दस गुना विटामिन ए पाया जाता है। जबकि सहजन की पत्तियों में विटामिन सी पाया जाता है जो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखती हैं।

# निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में रोगियों का परीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय गुन्नौर द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में आयुष जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी सम्भल डा. अंजू सिंगला के आदेश के अनुसार शिविर में कुल–72 मरीजो का चिकित्सीय परीक्षण किया गया। उनको निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। बच्चो को पौष्टिक भोजन प्रोटीनयुक्त आहार, साग–सब्जियों, शरीर की साफ सफाई, व्यायाम और योग करने की सलाह दी गई। शिविर में प्रभारी चिकित्सधिकारी डा. कृति वार्ष्णेय द्वारा चर्म रोग,नेत्र रोग,मस्तिष्क रोग,पेट के रोग तथा कान नाक गला सम्बन्धी रोगों के मरीजो का उपचार किया गया। इस अवसर पर डा. कृति वार्ष्णेय, वार्ड ब्वाय तिलक सिंह, विद्यालय की वार्डन सरताज बी व शिक्षक मौजूद रहे।




कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं का परीक्षण कर दवा का सेवन कराता वार्ड ब्वॉय।

# दहकते अंगारों पर चले सोगवार

- इमाम हुसैन के तीजे पर जुलूस बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** कस्बे में नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों के तीजे के मौके पर शबीहे जुलजुनाह व अलमे मुबारक का जुलूस बरामद किया गया।

जिसकी ज्यारत को बड़ी तादाद में अज़ादार शामिल रहे। मौहल्ला शर्की के इमाम बारगाह से हर साल की तरह इस साल भी अन्जुमने जुल्फिकारे हैदरी के तत्वावधान में जुलूस निकाला गया।जुलूस में अज़ादारों ने जंजीरी मातम किया। स्थानीय अन्जुमनों ने नौहा ख्वानी व मातम किया। मस्जिद के सामने दकहते अंगारों पर भी अजादारों ने चलकर शहीदों को अपनी अकीदत का इजहार किया। जुलूस के रास्ते में अनेक स्थानों पर पानी, चाय व शर्बत की सबीलें लगायी गयी। चौकी प्रभारी शाह फैसल हमराहियों सहित मौजूद रहे।



सिरसी। इमाम हुसैन के तीजे पर मातम करते अजादार।

## शांति व सौहार्द बनाए रखने को हवन में आहूतियां

**सम्भल।** गांव में शांति व सौहार्द बनाए रखने की कामना के साथ हवन का आयोजन किया गया। विशेष हवन में ग्रामीणों ने बढ़–चढकर हिस्सा लिया और आहूतियां दीं। गुन्नौर तहसील के ग्राम खलीलपुर में आयोजित हवन में आचार्य योगेश शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहूतियाँ दी गईं। जबकि हवन समाप्ति पर सभी श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर रामौतार शर्मा, प्रदीप गुप्ता, चंदवीर, श्रृषिपाल, वीरपाल, रामकुमार, दिनेश शर्मा, नेक सिंह, सौरभ, दीपक शर्मा,हुक्म सिंह, मुन्नीलाल, ओमप्रकाश शर्मा, आसाराम समेत अनेको लोग मौजूद रहे।

# मर्जर प्रक्रिया लोकतंत्र में निर्दयी व कठोर निर्णय

## शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित डीएम को सौंपा ज्ञापन

**सम्भल।** स्कूल मर्जर प्रक्रिया का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। शिक्षकों कम छात्र संख्या वाले विद्यालय बंद करने पर रोष जताया और मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपकर निर्णय का विरोध किया।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षकों ने पेयरिंग के नाम पर सकूलों को बंद करने पर रोष प्रकट किया। मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपते हुएकहा कि प्रदेश में 150 से कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विहीन करते हुए हज़ारों प्रधानाध्यापकों सरप्लस घोषित कर दिया गया है। इसको संविलियन करके प्राथमिक विद्यालयो में प्रधानाध्यापक पद को समाप्त कर दिए गए हैं। वहीं हज़ारों रसोइयों की सेवा समाप्त हो जायेगी। ज्ञापन में सम्बंधित प्रधानाध्यापकों एवं ग्राम प्रधान/विद्यालय प्रबंध समिति पर दबाव बनाकर विद्यालय बंद करने के प्रस्ताव मांगे जाने का आरोप लगाकर कहा कि लोकतंत्र में इस प्रकार विद्यालय बंद करके नोनिहालों की शिक्षा से खिलवाड़ ओर हज़ारों प्रधानाध्यापकों व रसोइयों की सेवा समाप्ति जैसे निर्दयी एवं कठोर निर्णय की कल्पना नहीं की जा सकती है। ज्ञापन में अन्य पेंशन मांगे भी शामिल की गयी है। देन वालों मे अंजीव कुमार श्रोत्रिय, जिला मंत्री लायक सिंह यादव, मौ. रईस, मुकेश गोयल, देवेश प्रताप, सुभाष यादव, पूनम भारती, नितिन चौधरी, पंकज गुप्ता, अरविन्द्र कुमार, पंकज शर्मा, अजीत राघव, विनोद कुमार, शैलेन्द्र कुमार, मधु कुमार, अदनान साबरी खान आदि शामिल रहे।



# दूसरे दिन भी न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नायब तहसीलदार व पेशकर के विरोध में अधिवक्ताओं की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। आवश्यक कार्य को छोड़कर अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे।

मंगलवार को बार वैलफेयर एसोसिएशन तहसील गुन्नौर की एक आवश्यक बैठक अधयक्ष कैलाश यादव एड. की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में विगत सोमवार को पारित प्रस्ताव के सर्मथन में नायब तहसीलदार परगना रजपुरा तहसील गुन्नौर द्वारा न्यायिक कार्य का सम्पादन उन्हें विधिक उचित ज्ञान न होने के कारण आधार हीन आदेश पत्रावलियों एवं फर्द अहकाम पर पारित किये जा रहे हैं। तहसीलदार गुन्नौर के वर्तमान पेशकार अजयराज द्वारा पत्रावलियो की समुचित देखभाल न करने तथा अधिवक्ताओ एवं आम जन मानस से गलत भाषा एवं व्यवहार की पुनरावृति बनाए रखने के साथ ही उत्कोचि की आम जनता व अधिावक्ताओ से उत्कोचि की मांग रखकर उपरोक्त द्वारा न्यायिक वातावरण को पूर्णतः जाने के आरोप लगाकर अधिवक्ताओं ने न्यायालय नायब तहसीलदार परगना रजपुरा के न्यायालय का पूरी तरह वहिष्कार करते हुए अन्य सभी अदालतो में आवश्यक कार्य को छोड़कर न्यायिक कार्य नहीं किया।

# भागवत कथा में गोवर्धन पूजा पर झूमे श्रोता

- सिहावली आश्रम पर चल रही भागवत कथा के छठे दिन सुनाई कंस वध व गोवर्धन पूजा की कथा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सिंहावली स्थित श्रीगोपाल धाम बाबरे बाबा आश्रम पर चल रही भागवद् कथा के छठे दिन श्री कृष्ण द्वारा कंस वध व गोवर्धन पूजा की कथा सुनाई गई।

जहां भगवान श्री कृष्ण द्वारा गोवर्धन की पूजा करने की झांकी भी प्रस्तुत की गई। इसके साथ कंस वध की कथा का प्रसंग भी सुनाया गया। सिंहावली स्थित श्री गोपाल धाम बाबरे बाबा आश्रम पर भागवद कथा का आयोजन चल रहा है।



सिहावली स्थित श्रीगोपालधाम आश्रम पर श्रीमद भागवत कथा सुनते श्रृद्धालु।

भागवद् कथा के छठे दिन शास्त्री सतीश सत्यम ने गवान श्रीकृष्ण द्वारा वकासुर वध की कथा विस्तार से बताई। कालिया नाग को नाथने का प्रसंग सुनाया। सतीश सत्यम ने कहा कि अब कंस को और अधिाक चिंता सताने लगी। जहां कंस द्वारा अनेकों राक्षस श्री कृष्ण को रुप बदलकर मारने के लिए भेजा। लेकिन कोई भी भगवान श्री कृष्ण को हानि नहीं पहुंचा सका। इसके अलावा गोवर्धान की पूजा का प्रसंग सुनाया। जहां महिलाओं द्वारा गोवर्धन की पूजा खीर पकवान के साथ की गई।

सतीश सत्यम ने कहा कि इंद्र की पूजा रोकी तो घनघोर बारिश कर दी गई। लेकिन कन्हैया ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाकर गोकुल वासियों की रक्षा की। जहां आरती कर कथा के समापन किया गया। कथा के दौरान आश्रम के महंत बालक दास महाराज, अंगद महाराज, गोपाल महाराज, लंबे नारायण महाराज सहित सभी सहयोगी तथा श्रृद्वालु उपस्थित रहे।

# पानी पीने के विवाद में छात्र को किया लहूलुहान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** थाना हजरत नगर गढी क्षेत्र के राजरानी देवी सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में पानी पीने को लेकर छात्रों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक छात्र को पीट–पीट कर घायल कर दिया।

घायल छात्र के परिजनों ने थाना पहुंच कर तहरीर दी। घायल का जिला अस्पताल में उपचार कराया। थाना हजरतनगर गढ़ी निवासी आदित्य शर्मा पुत्र राजू शर्मा ने आरोप लगाते हुए बताया कि राज रानी देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इन्टर कॉलेज हजरत नगर गढ़ी में कक्षा 10 छात्र है। वह विद्यालय में पढ़ने के लिए गया था। समय करीब सुबह 10 बजे नल पर पानी पीने के लिए गया था। तभी देव चौधरी पुत्र चौ. अखिलेश सिंह नि ग्राम तिमनपुर थाना हजरत नगर गढ़ी ने मां बहन की गन्दी गन्दी गाली गलोज करते हुए नल पर आ गया। आरोप है कि गाली गलौंच का विरोध किया आरोपी ने अपनी अन्टी से तमंचा निकाल कर सामने से फायर कर दिया। जो मिस हो गया। इसके बाद आरोपी देव चौधरी ने अवाज लगाते हुए अनिकेत से कहा कि चाकू से आदित्य की गर्दन काट दे। इसके बाद अनिकेत ने आदित्य शर्मा पर चाकू से हमला कर दिया। छात्र लहुलुहान होकर स्कूल प्रागण में ही गिर गया।

# श्रावण मास में पथ प्रकाश व्यवस्था को नगर पालिका में कन्ट्रोल रूम स्थापित

## समाधन के लिए 24 घंटे क्यूआरटी टीम करेगी काम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** श्रावण मास कांवड़ यात्रा के दौरान नगर और कांवड़ यात्रियों वाले मार्ग पर सफाई व पथ प्रकाश व्यव्स्था को सुदृढ़ रखा जायेगा।

जबकि किसी भी समस्या के निदान को पालिका में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। श्रावण मास की कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से शुरू हो जायेंगी। गंगा जल लाने व लेकर आने वाले कांवड़ियों के मार्ग को पहले से ही दुरूस्त किया जा रहा है। जबकि नगर पंचायत और नगर पालिकाओं में पड़ने वाले कांवड़ियों के मार्गों पर पथ प्रकाश और पैयजल आदि व्यवस्था को चाक चौबंद रखे जायेगा। प्रमुख सचिव नगर विकास के पत्र पर नगर पालिका परिषद की और से सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद कर लिया गया है। ई ओ डा. मणि भूषण तिवारी ने बताया कि 11 जुलाई से 09 अगस्त तक कांवड़ यात्रा व सावन मेला एवं अन्य त्यौहारों के मददेनजर नगरीय निकायों में साफ,सफाई, पथ प्रकाश व पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायेगी। इसके लिए मिले निर्देशों के अनुसार नगर की साफ–सफाई और पैयजल व पथ प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए नगर पालिका में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। कन्ट्रोल रूम नगर पालिका परिषद के मुख्य कार्यालय में स्थापित किया गया है। जो 24 घंटे सक्रिय रहेगा और कन्ट्राल रूम पर आने वाली शिकायत को क्यूआरटी टीम तत्काल समाधान करेगी।

# तालाब के निकट खेला जा रहा था जुआ

## पुलिस के छापे में आठ बाइक व स्कूटी बरामद, चार को मौके से गिया गया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** ग्राम समाज के तालाब के निकट जुऐ का फड़ चल रहा था। छापामार कार्यवाही में पुलिस ने जुआ खेलते चार को धर दबौच लिया।

पकड़े गए जुआरियों से 8 मोटर साइकिलों समेत रकम बरामद की है। हयात नगर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धुरैटा से बबैना की और जा रहे रास्ते पर खान ब्रदर्स भटटे के पीछे ग्राम समाज का तालाब स्थित है। तालाब के निकट जुअे का फड़ चलाया जा रहा था। पुलिस को इसकी सूचना मिली तो तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक के के विशनोई व अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी राजेश श्रीवास्तव एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार के निर्देशन में अपराधियों की धर पकड़ अभियान में उपनिरीक्षक जितिन कुमार के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी विपिन कुमार व प्रमोद कुमार, कां. संदीप कुमार,पवन कुमार, हरेन्द्र सिंह, विवेक त्यागी की टीम ने छापा मारा। छापे के दौरान पुलिस ने मौके से जुआ खेलते ताश, 04 मोबाइल, 08 मोटर साइकिल, 01 स्कूटी व 2560 रूपयों साथ रमेश पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम चामुण्डा मंदिर कस्बा व थाना हयातनगर, साहब सिंह पुत्र सोहन लाल निवासी ग्राम धुरेटा थाना हयातनगर, उवैश पुत्र शफत निवासी ग्राम दतावली रोड थाना हयातनगर, बिन्टू पुत्र सतीश निवासी ग्राम महोरा लखुपूरा थाना हयातनगर को धर दबौच लिया। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया।



## बारिश से मिली गर्मी में कुछ राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बबराला।** नगर क्षेत्र में हुई वर्षा से गर्मी में कुछ राहत मिली है। वहीं किसानों को भी लाभ मिला है। गर्मी बेतहाशा थी।अब उसमे कुछ सकून मिला है। बारिश होने से राहत मिली है। सभी गर्मी से परेशान थे। अब बारिश होने से गर्मी कुछ कम होगी। वर्षा ने मौसम नरम कर दिया। वहीं बारिश से सड़क पर जलभराव हो गया। सड़कों पर कीचड़ फैलने से रपटन हो गयी। नगर में वर्षा से जहाँ एक ओर गर्मी से राहत मिली वहीं दूसरी ओर जलभराव होने से घरों में व सड़क पर पानी भर गया। बरसात थमने के काफी देर बाद जल भराव दूर हो सका। नगर में बारिश से सड़क जलमग्न हो गयी। नगर के गली व मोहल्लों में पानी ही पानी हो गया।

# इस बार शॉर्ट टाइम हज का भी विकल्प

## हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज आवेदन को ऑन लाइन प्रक्रिया की तिथियां की घोषित से 31 जुलाई तक किए जा सकेंगे आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आगामी वर्ष हज पर जाने वाले ज़ायरीनों के आवेदन की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। हज जायरीनों को इसके लिए 7 जुलाई से 31 जुलाई तक ऑन लाइन आवेदन हज करने का समय दिया गया है।

हज यात्रा पर जाने वाले आजमीने हज के आवेदन करने की हज कमेटी ऑफ इंडिया की और से तिथियां जारी कर दी गई हैं। ऑन लाइन आवेदन प्रक्रिया सात जुलाई से शुरू हो गयी है। हज कमेटी आफ इंडिया ने हज 2026 के लिए ऑनलाईन फॉर्म भरने के लिए 31जुलाई 2025 तक का समय निर्धारित किया है। आल इंडिया हज वेलफेयर सोसायटी के जिलाध्यक्ष डा. इफ्तेखार अहमद कुरैशी ने बताया कि इस बार शॉर्ट टाईम हज का विकल्प भी दिया गया है। जो बीस दिन का होगा।

जिसमें मदीना शरीफ में 2 या 3 दिन की रिहाईश का इंतजाम होगा। लेकिन 20 दिन के सफर–ए–हज के लिए नॉर्मल टाईम के हज से ज्यादा रकम अदा करनी होगी इसके लिए लिमिटेड सीट होंगी,जबकि अलग से कुर्राअंदाजी होगी।इसके अलावा जायरीन हज इन सात एम्बारकेशन पॉंईट में से अहमदाबाद, बैंगलोर, चेन्नई, कोचीन, दिल्ली, हैदराबाद,मुंबई किसी एक का का चुनाव कर पायेंगे। उन्होने बताया कि अगर जिन जायरीन हज का शॉर्ट टाईम हज के लिए कुर्रा में नम्बर नही लगा तो उनका नाम नार्मल टाईम हज कुर्रा में शामिल किया जाएगा शॉर्ट टाईम हज के लिए कुर्रा में नम्बर लगने के बाद नॉर्मल टाईम हज में बदलने का मौका नहीं मिलेगा। मक्का और मदीना में रिहाईश के दौरान जायरीने के लिए हज कमीटी आफ इंडिया की ओर से कॅटरींग सर्विस का इंतजाम किया जा रहा है, ये ऑप्शनल है। यदि यह कॅटरींग सर्विस शुरु होती है तो इसके लिए अलग से पैसे चुकाने होंगे।

## मृतकों के परिजनों से मिले कांग्रेसी

**सम्भल।** दर्दनाक हादसे मे दूल्हा समेत आठ लोगों की मौत पर कांग्रेस के प्रतिनिधि मण्डल ने पीड़ित परिवार से वार्ता की और घायलों का हाल जाना। प्रतिनिधि मंडल में शामिल कांग्रेसियों ने हाल ही मे बारात की गाड़ी एक्सीडेंट में मरे आठ लोगों के परिजनों से मुलाकात की तथा एक बच्ची व एक व्यक्ति घायल का हाल चाल जाना व मृतकों के परिवार जनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की गुन्नौर के पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी हाफिज गडडू, नोमान उस्मानी, सुनील यादव, सलमान तुर्की, राजेश गुप्ता, राकेश यादव,भूरे अली, भूरा निसार, पवन यादव, विजय पाल यादव, हाजी उस्मान, इकराम तुर्की, अंजार आलम आदि मौजूद रहे।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को कर दिया घायल

## पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कराया मेडिकल परीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला ने थाने पहुंचकर नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर महिला को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेजा।

जनपद मुरादाबाद की तहसील बिलारी निवासी काजल पुत्री बाबू की शादी 8 वर्ष पूर्व थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र के ग्राम भारतल निवासी विकास से हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक हुई थी। पिता ने अपनी हैसियत के मुताबिक सामान भी दिया था।

आरोप है कि शादी के बाद से ही काजल की पति विकास, सांस नेमवती ससुर लालू सभी लोग दहेज में चार पहिया वाहन की मांग करते चले आ रहे थे। जबकि देवर आकाश और बिटटू विवाहता पर बुरी नजर रखते थे। इसी को लेकर परिवार में आए दिन झगड़े होते रहते थे। इससे पहले भी कई बार ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहित को मारा पीटा लेकिन गांव के लोगों ने मामला रफा दफा कर दिया। मंगलवार फिर महिला से मामूली कहासूनी के बाद पति, सास, ससुर तथा देवर ने हमला कर महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। महिला थाने पहुंची और पति विकास ससुर लालू सास नेमवती तथा देवर विकास और बिटटू के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जॉच शुरू कर दी है।

# मंडी समिति में आढ़ती भिड़े, सात घायल

## सब्जी आढ़तियों ने अपने शेड के नीचे मक्का सुखाने का विरोध किया, हुआ विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मंडी समिति चन्दौसी में सब्जी और गल्ला आढ़तियों के बीच उस समय झगड़ा हो गया, जब सब्जी आढ़तियों ने शेड के नीचे मक्का सुखाने को लेकर विरोध किया था। उन्हें और गल्ला आढ़तियों को पुलिस ने समझाने का प्रयास किया परंतु वे नहीं माने और दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चल गए। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। बता दें कि मंडी समिति में सब्जी और गल्ला आढ़तियों की अलग-अलग शेड दिये गये हैं।

सोमवार को सब्जी मंडी के आढ़तियों ने आरोप लगाया कि गल्ला आढ़ती सब्जी वाले शेड के नीचे मक्का सुखा रहे हैं, जिससे आने-जाने में दिक्कत हो रही है। मक्का सुखाने को हटाने की बात कहने पर गल्ला आढ़तियों ने उन्हें मक्का बेचने में परेशानी हो रही है। इसी बात पर कहासुनी होने लगी। उसी समय दोनों ओर से लोग सामने आ गए और लाठी-डंडे चलने लगे। दोनों पक्षों में मारपीट हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामला शांत कराया। मारपीट में सात से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल



में भर्ती कराया गया है। मारपीट में गल्ला मंडी की ओर से धीरज कुमार, ललित कुमार व सब्जी मंडी की ओर से सोनू, विपिन, संजीव व जयवीर घायल हो गये। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मंडी समिति के सचिव से भी शिकायत की। मंडी समिति सचिव ने कहा कि घटना के बाद दोनों पक्षों को बुलाया गया परंतु सब्जी आढ़ती पक्ष की ओर से कोई नहीं पहुंचा, उन्हें अब मंगलवार को बुलाया गया। मामला पुरानी दोनों पक्षों की पुरानी रंजिश को लेकर बताया जा रहा है।

## निपुण एप से पांच बच्चों का प्रतिदिन मूल्यांकन करेंगे शिक्षक

**चन्दौसी।** परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाई का स्तर जानने के लिए शिक्षक अपनी कक्षा के 05 विद्यार्थियों का प्रतिदिन मूल्यांकन करेंगे जो कि निपुण लक्ष्य एप्प के जरिये किया जायेगा। बता दें कि जिले में करीब 1289 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालय हैं। इनमें करीब एक लाख 33 हजार बच्चे पंजीकृत हैं। इन बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार के लिए शासन की तरफ से तमाम प्रयास किये जा रहे हैं। अब शासन ने छात्र-छात्राओं के रियल टाइम परीक्षण की व्यवस्था की है। बीईओ विनोद कुमार ने बताया कि एक पांचवीं तक के बच्चों का मूल्यांकन निपुण एप्प से किया जायेगा। शिक्षक अपनी कक्षा के पांच बच्चों का प्रतिदिन मूल्यांकन करेंगे।

इस संबंध में सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित कर दिया गया है।

# नोडल अधिकारी ने वृक्षारोपण की तैयारियों को लेकर की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी/ प्रमुख सचिव सचिवालय प्रशासन अमित कुमार घोष ने जनपद में वृक्षारोपण की तैयारियों को लेकर सर्किट हाउस के सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष विभागवार तैयारी का जायजा लिया।

उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से स्थल एवं पौध की उपलब्धता के बारे में पूछा साथ ही पीएमएस पोर्टल पर वन विभाग द्वारा दर्ज किए गए स्थलों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने वन विभाग द्वारा विकसित किए जा रहे विशिष्ट




वनों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग पूरी जिम्मेदारी के साथ वृक्षारोपण के लिए निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।

# टिमिट के विद्यार्थी का एलपीजे एंटरप्राइजेज कंपनी में चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट कॉलेज के छात्र अक्षत मोदी ने अपनी मेहनत और समर्पण से एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्हें एलपीजे एंटरप्राइजेज में चयनित किया गया है। यह चयन उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और आत्मविश्वास का प्रमाण है। एलपीजे एंटरप्राइजेज एक उभरती हुई कंपनी है जो विपणन सेवाओं एवं ग्राहक केंद्रित रणनीतियों के माध्यम से उद्योग जगत में अपनी सशक्त पहचान बना रही है। कंपनी युवाओं को सशक्त मंच प्रदान कर उन्हें कॉर्पोरेट दुनिया में स्थापित होने के लिए उत्कृष्ट अवसर देती है। अक्षत कंपनी के संचालन को सुचारू बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे और ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने में योगदान देंगे। टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के डीन प्रो. विपिन जैन ने अक्षत मोदी को उनकी इस सफलता पर बधाई देते हुए कहा, "यह चयन न केवल अक्षत की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि टिमिटकॉलेज की गुणवत्ता और मार्गदर्शन का भी प्रमाण है। उनकी यह उपलब्धि कॉलेज के लिए गर्व का क्षण है और अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

" टिमिट कॉलेज निरंतर अपने छात्रों को कॉर्पोरेट जगत से जोड़ने एवं रोजगार के उत्कृष्ट अवसर दिलाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने भी अक्षत मोदी को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, "अक्षत ने अपने कौशल और आत्मविश्वास के बल पर इस प्रतिष्ठित कंपनी में स्थान पाया है। उनका यह चयन टिमिट की प्लेसमेंट प्रक्रिया और विद्यार्थियों की प्रतिभा को दर्शाता है।" अक्षत मोदी की यह उपलब्धि कॉलेज के अन्य छात्रों को उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी। अक्षत मोदी ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और कॉलेज के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा, "टिमिट कॉलेज ने न केवल मुझे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की, बल्कि सही दिशा और प्लेटफॉर्म भी दिया, जिसकी बदौलत मैं आज इस मुकाम पर हूँ।"

# बारिश से गिरी स्टेडियम व कब्रिस्तान की दीवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** मूसलाधार बरसात से नगर में अस्पताल रोड स्थित आइडिया खेल स्टेडियम और कब्रिस्तान की दीवार गिर गई। इससे नाले का पानी मैदान में भर गया खेत भी पानी से भर गए। सरकारी दफ्तर और कई सड़कें जलमग्न हो गए। गन्ना धान हरे चारे की फसल को काफी फायदा हुआ है जबकि टमाटर, पालक, धनिया, अरबी आदि सब्जियों को नुकसान हुआ है। बरसात के दौरान बिलारी नगर, देहात, रुस्तम नगर सहसपुर आदि में बिजली बाधित रही। पानी भरा होने के कारण विद्युत कर्मियों को फाल्ट सुधारने में दिक्कत आई। राजकीय पशु चिकित्सालय, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, राजकीय होम्योपैथी चिकित्सालय, स्वास्थ्य उपकेंद्र



सहसपुर के अलावा ब्लॉक प्रसार में पानी भर गया कर्मचारियों को पानी में होकर ही दफ्तर में जाना पड़ा। इसके अलावा सीएचसी में पानी ओवरफ्लो हुआ तो में रोड को पार करता हुआ व्यापार मंडल के कार्यालय में घुस गया जो काफी देर बाद उतर पाया। तहसील परिसर में भी पानी भर गया। नई सड़क, पुराना पैंठ रोड, चौधरी चरण सिंह की पार्क के पास शाहबाद रोड पर कई घंटे तक पानी भरा रहा। वर्षा से कई सड़कें भी कट रही हैं।

## एक नजर

### लाइनपार का नाम बदलना चाहिए: डा. राज कमल गुप्ता



**मुरादाबाद।** विहप के केंद्रीय प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ राजकमल गुप्ता ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद का स्पष्ट मत है की लाइनपर का नाम बदलकर उसके स्थान पर किसी महापुरुष के नाम पर रखा जाना चाहिए वे पहले भी इस विषय पर अपना विचार रख चुके है कि यह नाम परिवर्तन होना चाहिए जो लाइनपार के लाखों लोगों के लिए एक सुखद आनंद की अनुमति के साथ उन्हें गौरवान्वित करेगा इसमें डॉक्टर राजकुमार गुप्ता ने कुछ नाम पर सुझाव दिया जिसमें लाइनपर के स्थान पर माधव नगर ,केशव नगर, पीतांबर नगर आदि नाम पर विचार किया जा सकता है आज की समय और परिस्थिति में लाइनपर का नाम बदलना लाइनपर के लाखों लोगों के लिए उपयुक्त हो गया है आज का समाज भी इस नाम परिवर्तन के पक्ष में है नाम परिवर्तन का विषय समय-समय पर आता रहा है लेकिन उचित परिणाम न होने पर कारण यथा स्थिति बनी हुई है।

### लड़की भगाने के मामले में एक पर एफआईआर

**कांठ।** नाबालिक लड़की को भगाने के मामले में पुलिस ने एक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है घटना थाना क्षेत्र के दूरदराज गांव की है वहां पर रहने वाले परिवार की 14 साल की लड़की को गांव का ही युवक बहला फुसला कर भगा ले गया। लड़की के माता-पिता ने थाने में तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। सूत्रों का कहना है कि पुलिस ने लड़की को बरामद भी कर लिया है।

### एआरटीओ से घबराए वाहन चालकों के कारण बच्चे स्कूल जाने से हुए लेट

**कांठ।** एआरटीओ के कांठ आने की सूचना मिलते ही स्कूल वाहन चालकों ने अपने-अपने वाहन इधर-उधर खड़े कर दिए जिससे बच्चे स्कूल जाने के लिए लेट हो गए। बतादे की सरकार ने स्कूल में बच्चों को लाने ले जाने के लिए लगाए गए वाहनों की फिटनेस और अन्य कई चीजों पर फोकस किया है। स्कूल वाहन की अच्छी कंडीशन के बावजूद उसमें सुरक्षा उपायों के लिए भी कई मानक तय किए हैं लेकिन अधिक तर स्कूल वाहन इन मानकों से दूर है इसी का लाभ लेने के लिए परिवहन अधिकारी सड़कों पर उतरते हैं और उन्हें आर्थिक या फिर कानूनी दंड देकर चल रही कमी में सुधार की बात कहते हैं।

आज भी आरटीओ के कांठ आने की सूचना मिलते ही स्कूल वाहन चालकों ने अपने वाहन इधर-उधर खड़े कर दिए जिसके कारण बच्चे स्कूल जाने से लेट हो गए बच्चों को गर्मी के दौरान बसों में देर तक बैठने को मजबूर होना पड़ा। कुछ स्कूल वाहनो के मालिकों ने एआरटीओ की इस कार्यवाही पर नाराजगी भी जताई कहा कि उन्होंने सभी मानक पूरे किए हैं लेकिन इसके बावजूद भी एआरटीओ की चपेट में आने के बाद कुछ ना कुछ उन्हें आर्थिक या कानूनी दंड प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।

# श्री वार्ष्णेय युवा समूह करेगा वार्ष्णेय समाज के मेधावियों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** श्रीवार्ष्णेय युवा समूह (रजि.) चन्दौसी की आम सभा का आयोजन समूह प्रधान सचिव मंगेश वार्ष्णेय के निवास पर किया गया जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समूह द्वारा 31वां वार्ष्णेय मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 07 सितम्बर 2025 दिन रविवार को दोपहर 11 बजे से श्रीबारहसैनी सेवा सदन रामबाग धाम चन्दौसी में किया जायेगा जिसमें चन्दौसी वार्ष्णेय समाज के उन सभी छात्र-छात्राओं को जिन्होंने हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट परीक्षा में 70 प्रतिशत या उससे अधिक एवं स्नातक, परास्नातक परीक्षा प्रथम श्रेणी में व्यवसायिक परीक्षा उत्तीर्ण की है, को सम्मानित करेगा। बताया गया कि प्रतिभागी अपनी अंक तालिका एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ राधे कास्मेटिक्स, घास मण्डी, चन्दौसी पर जमा कर दें।

सभा की अध्यक्षता डॉ. सौरभ वार्ष्णेय एवं संचालन मंगेश वार्ष्णेय ने किया। सभा में समूह संरक्षक मुकेश वार्ष्णेय ब्रेड वाले, सौरभ वार्ष्णेय कंप्यूटर्स, सुनील गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, एड अंकित वार्ष्णेय, एड पीयूष वार्ष्णेय, जतिन वार्ष्णेय ए आर फूड्स, राहुल वार्ष्णेय आदि सदस्य उपस्थित रहे। सभा मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्ष्णेय समाज के एक अवकाश प्राप्त शिक्षक को वार्ष्णेय शिक्षक रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

# गोशाला में भारी कीचड़ में रहकर, गोवंश सिसक-सिसक कर दम तोड़ने को मजबूर, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** सादकपुर खिचड़ी की गौशाला में कीचड़ के बीच पड़े गोवंश सिसक सिसक कर दम तोड़ने को मजबूर हैं लेकिन जिम्मेदार इस और ध्यान नहीं दे पा रहे हैं यह कहना है राष्ट्रीय स्वयंसेवक गौ सेवा गतिविधि के विकास शर्मा का उन्होंने आज सादकपुर खिचड़ी गौशाला का भ्रमण किया जिसमें बारिश के कारण कीचड़ होने से गोवंशों के फिसलने का खतरा बनता दिखाई दिया उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा गौशाला में गोबर गैस प्लांट लगाया गया है लेकिन वह चालू नहीं हुआ जिला अधिकारी से कैटल सेड बनवाने की मांग पर उन्होंने वीडियो को इसका निर्माण कराने के आदेश दिए थे। लेकिन 5 माह बीत जाने के बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई आंधी के कारण गौशाला में केटल सेड टूट गया उसको भी ठीक नहीं कराया गया 260 गोवंशो के रखने की व्यवस्था के बाद इसमें 350



गोवंशो को रखा जाना भी गोवंश के साथ अन्याय है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में काफी निराश्रित गोवंश घूम रहे हैं जो सड़क दुर्घटनाओं में घायल होकर अपनी जान गवा रहे हैं लेकिन जिम्मेदारों द्वारा इन्हें भी गौशाला में नहीं पहुंचाया जा रहा गो सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल ने भी गोबर से लट्ठे बनाने की मशीन लगाने के निर्देश दिए थे मगर इस पर भी कोई काम नहीं किया गया उन्होंने कहा कि यही हाल रहा तो गौशाला की समस्या को लेकर वह मुख्यमंत्री के सामने जाएंगे।

# खेल एवं युवा कल्याण मंत्री का कांठ आगमन पर स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद यादव, श्याम मोहन अग्रवाल क्षेत्रीय संयोजक काशी आर्थिक प्रकोष्ठ कांठ मैं निरुपम बिश्नोई के आवास पर पहुंचे जहां पर उनका भाजपाइयों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र के विकास को लेकर सूक्ष्म चर्चा की गई। इस अवसर पर अनिल बिश्नोई, राजन विश्नोई , मुकेश महेश्वरी, भावेश शर्मा ,मनमोहन सिंह ,मनोज कुमार, गौरव बिश्नोई ,सुनील कुमार गौरव टोनी हिमांशु राम, सरबजीत सिंह ,सिमरनदीप सिंह ,आयुष भार्गव ,दीप बिश्नोई ,अनुराग, कुलदीप ,विशाल, दिव्यांश अग्रवाल, प्रियंक,अंशुल, शिवम कुमार, हिमांशु बिश्नोई आदि व्यापारी एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। आभार निरूपम बिश्नोई ने व्यक्त किया।



# लेखपाल ने तीन भाइयों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने का लिखाया मुकदमा

**भोजपुर।** सड़क में भरे पानी की निकासी द्वार पर पड़े घूर को हटाने को लेकर लेखपाल एवं ग्रामीणों में जमकर बहसबाजी हुई। पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर तीन भाईयों के खिलाफ सरकारी कार्य में वाधा डालने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में गांव सेहल के लेखपाल अभिषेक चौधरी ने कहा है कि 3जुलाई को कानूनगो के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर रहा था।घ ग्राम प्रधान ने मौखिक शिकायत करते हुए बताया कि मेरे घर से अशोक के घर तक रास्ते में पानी भरा हुआ है। जल निकासी के द्वार पर ग्राम समाज की जमीन पर सचिन शर्मा, मोहित शर्मा व अंकित शर्मा ने घूर डाल रखा है। जिससे जल निकासी पूर्ण रूप से बंद होने की वजह से घरों को आना-जाना बाधित हो रहा है। आरोपियों को घूर हटाने को मौके पर आने को कहा तो आरोपी मां-बहन के साथ आकर अनावश्यक बहसबाजी करते हुए अपशब्द कहने लगे।

उन्हें समझाने के काफी प्रयास किए पर वह सरकारी जमीन से कब्जा हटाने को राजी नहीं हुए। पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर तीन भाईयों के खिलाफ सरकारी कार्य में वाधा डालने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है।

## दंपति समेत तीन के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस ने गांव सिढ़लऊ नजरपुर निवासी किसान दिलशाद की तहरीर पर बड़े भाई भूरा, भाभी तालिम जहां व साली अकिला के खिलाफ खेत में जबरदस्ती धान की फसल लगाकर कब्जा करने एवं मना करने पर मारपीट कर घायल करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय मुरादाबाद**
**तारीख पेशी:** 21.07.2025
**उत्तरा० वाद सं०:** 135 सन् 2025
श्रीमती मोहनिया **बनाम** नन्हूं सिंह आदि
श्रीमती मोहनिया आयु लगभग 66 वर्ष पुत्री स्व. बाबूराम पत्नी कन्हई निवासी ग्राम संदलपुर, तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद-244001 उ0प्र0।
**बनाम**
1. नन्हू सिंह आयु लगभग 46 वर्ष पुत्र स्व. बाबूराम निवासी ग्राम पटपुरी उर्फ पर्वतपुर दम्बू थाना भगतपुर, तहसील व जिला मुरादाबाद-244001 उ.प्र.।
2. **जनता आम -विपक्षीगण।**
इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती मोहनिया हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमती मोहनिया मुसबफा वीर सिंह अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. 1,61,181/- हरगाह मुसम्मा श्रीमती मोहनिया ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 21 मास 07 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) महोदय मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।
दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०), मुरादाबाद।**

**न्यायालय सिविल जज (जू० डि०) महोदय, मुरादाबाद।**
**निष्पादन वाद सं० :** 13/2015
**तारीख पेशी:** 10.07.2025
मौ. इकराम **बनाम** जयपाल सिंह आदि।
**बनाम**
1. श्रीमति मोर कली विधवा स्व. यशपाल निवासनी अम्बेडकर मूर्ति के पीछे ग्राम धीमरी तहसील व जिला मुरादाबाद, 2. श्रीमति सोमवती विधवा जयपाल सिंह द्वारा श्री महेन्द्र सिंह नि. ग्राम. सुल्तानपुर भीमा पो. रहटा तहसील हसनपुर जिला अमरोहा, 3. मुस्तकीम पुत्र मौ. हनीफ, 4. मौ. सलीम पुत्र मौ. मुस्तकीम निवासीगण चौकी हसन खां अन्डेवालान मुरादाबाद, 5. सफदर हुसैन पुत्र श्री अब्दुल करीम नि. फाटक दिलवरी घास मंडी, मुरादाबाद, 6. मुर्करम हुसैन पुत्र मुर्शरफ हुसैन नि. सम्भली गेट काला प्यादा, मुरादाबाद, 7. जमील अहमद पुत्र श्री सुक्खन नि. ग्राम फतेहपुर खास तह. बिलारी जिला मुरादाबाद, 8. मौ. दिलशाद पुत्र मौ. यूसुफ, 9. श्रीमती फरहीन पत्नी मौ. दिलशाद निवासीगण रहमतनगर तहसील व जिला मुरादाबाद, 10. हाजी दूल्हा पुत्र श्री जफर हुसैन नि. फतेहपुर खास तह. बिलारी जिला मुरादाबाद-मदयूनान।
चूंकि उपर्रिनामांकित डिक्रीदार के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि बयनामा निष्पादित हो अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 08 के दिवस 10 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 07 के दिवस 08 को निकाली गयी है।
**इजरा/लिपिक**
**न्यायापिक मजि०/सिविल जज (जू०डि०), मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज एफ० टी० सी० कोर्ट नं० प्रथम, मुरादाबाद।**
**सिविल अपील संख्या:**-74 सन् 2025
**तारीख पेशी:** 25.07. 2025
**श्रीमती सायरा बेगम आदि बनाम नसीम आदि।**
**बनाम**
1. नसीम पुत्र श्री मो. यासीन उम्र लगभग 56 वर्ष नि. मौ. गुईया बाग, नई आबादी तह. व जिला मुरादाबाद, 2. नजाकत हुसैन आयु लगभग 62 वर्ष पुत्र श्री दिलदार हुसैन नि. मौ. करूला इस्लाम नगर, तह. व जिला मुरादाबाद, 3. मुजाईद, 4. मुनाजिर, 5. शरफुद्दीन, 6. फैजान पुत्रगण मौ. नसीम निवासीगण गुईया बाग, शहर व जिला मुरादाबाद, 7. सारिक नाबालिग पुत्र मौ. नसीम द्वारा संरक्षक पिता हकीकी मौ. नसीम नि. गुईयाबाग, शहर व जिला मुरादाबाद, 8. फराह पुत्री मौ. नसीम नि. गुईया बाग, शहर व जिला मुरादाबाद, 9. शफीका खातून पत्नी शब्बीर अख्तर नि. सीधी सराय तह. व जिला मुरादाबाद, 10. श्रीमती मुनव्वर सुल्तान पत्नी शब्बीर अख्तर नि. सीधी सराय तह. व जिला मुरादाबाद, 11. महमूद अख्तर, 12. मोहसिन अख्तर, 13. असलम अख्तर, 14. अनवर अख्तर, 15. जमीर अख्तर, 16. सलीम अख्तर पुत्रगण शब्बीर अख्तर निवासीगण सीधा सराय तहसील व जिला मुरादाबाद। हरगाह **अपीलान्टस** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत निषेधाज्ञा व मूलवाद डिग्री कराने हेतु दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 25 माह 07 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 08 के माह 07 सन् 2025 को जारी किया है।
**प्रबंधक**
**न्यायालय एफ.टी.सी.-1, मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**
मैने व मेरे परिवार ने अपने पुत्र मुख्तार हुसैन को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मुख्तार हुसैन के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। श्रीमती शब्बीरन पत्नी मरहूम अब्दुल गफ्फार निवासी नई बस्ती कोटला बाडा शाह सफा, निकट प्रेस महानगर की आवाज थाना कोतवाली सदर, तहसील व जिला मुरादाबाद।

**न्यायालय अपर सिविल जज (जू० डि०) कोर्ट सं०-5, मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या:**-595 सन् 2023
**तारीख पेशी:** 11.07. 2025
रामचन्द्र आदि **बनाम** रामगोपाल आदि।
**बनाम**
1. रामगोपाल आयु 25 वर्ष, 2. नन्हें आयु पुत्रगण भारत सिंह निवासीगण चन्द्रनगर लोकोशेड मुंसफी व जिला मुरादाबाद।
हरगाह **वादीगण** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत स्थायी निषेधाज्ञा व विक्रय पत्र दि. 21.05.8 शून्य अवैध घोषित हेतु के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 25 माह 07 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा।
दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 08 के माह 07 सन् 2025 को जारी किया है।
**अहलमद**
**अपर सिविल जज (जू० डि०) कोर्ट नं०-5, मुरादाबाद।**

# शिया समुदाय में देर रात तक मजलिसों का सिलसिला कायम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** 12 मोहर्रम को नवासे रसूल हजरत इमाम हुसैन ओर उनके 71 साथियों के सोयम का जुलूस नगर के मुहल्ला सादात स्थित नक्कालो वाले इमामबाड़े व सदर इमामबाड़े से अहले सुन्नत का अलम मुबारक व ताजिए का जुलूस शुरू हुआ जुलूस के दौरान अकीदतमंद लोग शहादत नामे पढ़े गए ओर हजरत इमाम हुसैन की जीत का ऐलान करते चल रहे थे / जुलूस नगर के मुख्य बजार से होता हुआ नगर स्थित इतिहासिक कर्बला पर पहुंच कर समाप्त हुआ / जुलूस में हाफिज शेर अली, हाफिज इंतजार, जमीर अहमद, हबीब अहमद, अलमदार मोहम्मद रिजवान, पेंटर जुल्फिकार,



साज अली, सूफी अजहर अहमद, शोएब साबरी, मेहदी हसन, अनीस अहमद, मोहम्मद शादाब, हसन, दिलबर हुसैन, इकरार अहमद, भूरे खान, मोहम्मद इकराम, परवेश अहमद, इसरार अहमद, मोहम्मद रफी, इरशाद अहमद आदि मौजूद रहे तथा जुलूस के दौरान पुलिस बल मौजूद रहा । **शिया समुदाय के इमामबाडो ओर आजाखानो के हजरत इमाम हुसैन ओर शोहदाए कर्बला के सोयम के सिलसिले में मजलिसे हुई-** मोहल्ला सादात स्थित शिया समुदाय के इमामबाडो ओर आजाखानो के हजरत इमाम हुसैन ओर शोहदाए कर्बला के सोयम के सिलसिले में मजलिसे हुई जिसमे काशिफ अब्बास काजमी, गुलाम मेंहदी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि दस मोहर्रम को हजरत इमाम हुसैन ओर उनके साथियों को शहीद करने के बाद यजीदी फौज ने उनके परिवार व मासूम बच्चो को कैदी बना लिया ओर महिलाओ के सर से चादरे छीन ली ओर शहीदों के लाशों के सर तन से जुदा कर दिए जिक्र सुनकर आजादारों की आँखे नम हो गईं।

# शराब के नशे में युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** शराब के नशें में युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनो में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे ले लिया । बाद में परिजन पंचनामा भरकर शव को बिना पोस्टमार्टम कराए घर ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना डिलारी के मुस्ताबाद निवासी 25 वर्षीय मुकेश कुमार पुत्र दिनेश कुमार शराब पीने के लिए क्षेत्र के गांव करनपुर स्थित शराब की दुकान पर पहुंचा। जहां पर शराब अधिक पी ली और शराब पीने के बाद युवक की अचानक संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मुकेश का शव सड़क किनारे पड़े होने की सूचना थाना डिलारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर सूचना मृतक के परिजनों को दी । सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंचे। जहां पर परिजनों पोस्टमार्टम कराने से साफ इंकार दिया। इस पर पुलिस ने शव को



पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक का शव घर पहुंचने पर मृतक की मां धर्मवती, भाई व वहन का रो रो कर बुरा हाल था। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया मृतक के पिता दिनेश सैनी ने किसी प्रकार की कार्रवाई करने से मना कर दिया था। बताया मृतक शराब पीने का आदि था। शराब के नशे में इधर उधर पड़ा रहता था। मंगलवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## शांतिभंग के आरोप में दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट पर उतारू दो व्यक्तियों को शांति भंग के आरोप में गिरफतार किया गया है।

उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि शाने आलम पुत्र रईस अहमद व गांव के ही मुख्तार अहमद पुत्र अब्दुल गफफार के बीच मोहर्रम का जुलूस निकालने को लेकर विवाद हो रहा था। पुलिस ने एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए शानेआलम को शांति भंग के आरोप में गिरफतार कर लिया। वहीं गांव के जमीन विवाद में मारपीट पर उतारू नन्हे सिंह पुत्र गिरधारी को शांति भंग के आरोप में गिरफतार कर लिया।

मंगलवार को पुलिस ने दोनों आरोपितों का शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां पर सुनवाई के बाद दोनों आरोपितों को जमानत पर छोड़ दिया गया है।

# भाजपा राज में भ्रष्टाचार का बाजार है चालू भाजपाई बेच रहे कहके 'बालू ले लो बालू': जयवीर यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक हुई, जिसमें आगामी पंचायत और विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति तैयार की गई। कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में बढ़ती बिजलीकटौती, परिषदयी स्कूल खत्म करने,बढ़ती महंगाई, ट्रेफिक पुलिस द्वारा जबरदस्ती चेंकिंग के नाम राहग. ीरों का उत्पीड़न, पहली बारिश में महानगर स्मार्ट सिटी को झील तलाब बनने पर स्मार्ट सिटी के नाम पर जबरदस्त घोटालों की जाँच की मांग की गई। मंगलवार को मुरादाबाद स्थित सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष जयवीर यादव की अध्यक्षता जिला प्रवक्ता धर्मेन्द्र यादव के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी पंचायत और विधानसभा चुनावों की रणनीति तैयार की गई। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय करने, संगठन को मजबूत बनाने और समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। बैठक में जिले में व्याप्त बिजली संकट और खाद की भारी किल्लत को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई। नेताओं ने सरकार पर किसानों और आम जनता की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया। जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने कहा कि किसानों को न समय से बिजली मिल रही है, न ही उचित दर पर खाद। यह सरकार की विफलता का प्रतीक है। जब समाजवादी पार्टी ने मदद का हाथ बढ़ाया, तभी सरकार को फीस जमा कराने का होश क्यों आया। आज जो उदारता दिखाई जा रही है वो कल तक कहाँ थी और तब कहाँ चली गयी थी जब 'किताबवाली बच्ची' की झोपड़ी पर बेरहमी से बुलडोजर चलवाया गया था। अगर ये भाजपा सरकार का दिखावा नहीं है तो पूरे प्रदेश के प्राइवेट स्कूलों के बच्चों का जो शोषण हो रहा है भाजपा



सरकार उसे रोककर दिखाए। भाजपाई अपना झूठ अपने मन के अंदर रखें, बच्चों के मुँह से सियासत न कराएं। ये एक बेहद निंदनीय कृत्य है कि पहले तो बच्ची और उसके दीन-हीन परिवार को फीस माफी के लिए दर-दर भटकाया फिर अपने लोग भेजकर मन चाहा कहलवाया। बच्ची के परिवार के चेहरों पर सत्ता का डर और झूठ बोलने का अपराध बोध साफ झलक रहा है। भाजपा जाये तो कानून व्यवस्था आये. उन्होंने कहा कि पार्टी 2027 के लक्ष्य को लेकर पूरी तरह तैयार है। आम जनता के लिए समाजवादी पार्टी सड़कों पर जल्दी ही आंदोलन करने जा रहीं हैं। बैठक के समापन पर जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव को उनके जन्मदिन पर पुष्प माला, पुष्प गुच्छदेकर एवं मिठाई खिलाकर हार्दिक शुभकामनायें दी गईं। बैठक में जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, पूर्व विधायक हाजी रिजवान,नाजिम अली, फुरकान अली,हाजी उस्मान, जयकुमार प्रजापति, धर्मेंद्र यादव,हाजी रईसउद्दीन नाइमी,महिला सभा की जिलाध्यक्ष शीरी गुल, नवीन यादव,राकेश दानव, प्रदीप यादव, आदित्य चौधरी,योगेन्द्र यादव, हसनेन अख्तर, वेद प्रकाश सैनी नागभारती, सुनीता सिंह,प्रेमबाबू बाल्मीकि, फाखरा लाइक,सिद्धार्थ चौधरी, अशोक सैनी, गोविन्द प्रजापति, लुकमान खान, सुरेंद्र शर्मा, अमरजीत जाटव, वीरेंद्र प्रसाद, बालकिशन शर्मा,नंदकिशोर यादव, दिव्यांशु सागर,अखिलेश बच्चन,सतेन्द्र शर्मा, नन्हें सिंह, राजीव यादव,जिगरी मलिक,केदार सिंह, अनीस खान, चिराग अग्रवाल,मजीद अली, हाकम अली, असीम चौधरी, कासिम आजाद,मो आसिफ, फाजील मलिक, राशिद मलिक, रितिक गुप्ता देवेंद्र,शरीफ सलमानी, जहांनउल्ला, कादिर पाशा, असलम चौधरी, सहजाद हुसैन, सरताज सैफी आदि मुख्य थे।

# अवैध रूप से कारतूस बेचने वाले युवकों को बिलारी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** बिलारी नगर और देहात क्षेत्र के पांच युवकों को अवैध रूप से गैंग बनाकर कारतूस बचने के मामले में गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी बदायूं के गन हाउस से अवैध रूप से कारतूस खरीद कर आसपास क्षेत्र में बेचते थे। इस मामले में पांचो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। आरोपियों के पास कारतूस और तमंचे भी बरामद हुए। दरोगा विनय कुमार सिंह, हिमेश कुमार ने टीम के साथ में एक स्प्लेंडर बाइक पर कुढ़ फतेहगढ़ रोड पर एक बाइक पर सवार होकर जा रहे चार युवकों को रोककर पूछताछ की। इसमें एक आरोपी मौके से भाग गया।

पकड़े गए आरोपी में हरौरा का अर्जुन पुत्र संजीव, दूसरे का नाम बिलारी का मोहल्ला सिद्धार्थनगर का अभिषेक पुत्र विजेंद्र सिंह, तीसरा जनपद बदायूं के थाना बिसौली के मोहल्ला गदरपुर का रहने वाला सादाब पुत्र आजाद था। तलाशी लेने पर उनके पास 315 बोर के तमंचे और कारतूस भी बरामद हुए। चौथे भागने वाले व्यक्ति का नाम उन्होंने हर्षित चिल्लर पुत्र पप्पू निवासी शांतिपुरम् बताया। सभी जिस बाइक पर सवार थे। वह मुरादाबाद के व्यक्ति के नाम पर दर्ज थी। लिहाजा गाड़ी को सीज कर तीनों को गिरफ्तार किया गया। तीनों ने बताया कि वह पांच दोस्त हैं और गिरोह बनाकर कारत. ूसों को बेचने और खरीदने का काम करते हैं। जबकि पांचवा साथी गुड्डू भाई जोकि बदायूं का रहने वाला है। उसके गन हाउस से कारतूस और तमंचे को खरीदा जाता है। सभी आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# एसपी सिटी ने जनसुनवाई में सुनीं फरियादें

**मुरादाबाद।** पुलिस अधीक्षक नगर (एसपी सिटी) रणविजय सिंह ने मुरादाबाद पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई में आए फरियादियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए श्री सिंह ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्राप्त शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। एसपी सिटी ने नगर क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई एवं महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाया जाए, जिससे पीड़ितों को बार-बार थानों से



पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि जो शिकायतें थाने स्तर पर ही सुलझाई जा सकती हैं, उनका समाधान वहीं पर निर्धारित समयसीमा में किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने जनता से संवाद को बेहतर बनाने पर बल देते हुए कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एक नजर

### मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**बिलारी।** भारतीय किसान यूनियन राजनैतिक के पदाधिकारियों ने मांगों को लेकर तहसील पहुंचकर एसडीएम बिलारी को ज्ञापन दिया। मंगलवार को तहसील अध्यक्ष विकास राज सिंह उर्फ विक्की चौधरी के नेतृत्व में तहसील पहुंचे किसानों ने ज्ञापन में मांग उठाई कि चीनी मिल पर किसानों का बकाया गन्ना मूल्य है, चीनी मिल ने अभी तक बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं किया लिहाजा उनकी अधिकारियों से वार्ता कराई जाए। बिजली से जुड़ी समस्या बिलारी, सहसपुर, कुंदरकी तीनों फीडरों पर सबसे अधिक है जिसको लेकर एसडीओ व जेई से वार्ता कराने की बात कही, भूड़ावास में बने अंडरपास में जलभराव की स्थिति को लेकर रेलवे के अधिकारियों से वार्ता करने का अनुग्रह किया। ज्ञापन में कहा गया कि यातायात पुलिस द्वारा बिलारी में किसानों को जबरन चालान के नाम पर परेशान किया जा रहा है। लिहाजा ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों को बुलाकर वार्ता कराई जाए। ज्ञापन में कहा गया कि सभी अधिकारियों को बैठक में बुलाया जाए। इस बीच ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से तहसील अध्यक्ष विक्की चौधरी, प्रदेश सचिव उदय पाल सिंह, रामपाल सिंह जिला सचिव, राजपाल सिंह, सत्येंद्र लाठर, सतीश कुमार, रानू चौधरी, अंकुर चौधरी, उदित आदि सहित अनेको मौजूद रहे।

### गलत तरीके से नियुक्ति पत्र देने को लेकर जिला अधिकारी मुरादाबाद ने दिए जांच के आदेश

**डिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव सिहाली खादर में आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद के लिए नियुक्ति के लिए विभागीय अधिकारियों ने साथ गांठ कर गलत तरीके से नियुक्ति पत्र जारी कर दिया, गांव गुलरिया माफी निवासी फहीम अहमद ने जिला अधिकारी मुरादाबाद को लिखित शिकायत पत्र देकर बताया कि पड़ोसी गांव सिहाली खड्डु र में रिक्त पड़े आंगनबाड़ी पद के लिए पत्नी सोफिया परवीन ने आवेदन किया, दूसरा आवेदन अन्य महिला ने किया, फहीम अहमद ने बताया कि मेरी पत्नी की शैक्षिक योग्यता और भरती से संबंधित सभी दस्तावेज पूर्ण है, जिस पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने नियुक्ति पत्र देने को लेकर रिश्वत की मांग की, फहीम अहमद के मना करने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी और मुख्य सेविका दूसरी महिला से रिश्वत लेकर गलत तरीके से नियुक्ति पत्र सौंप दिया, पीड़ित ने बताया कि भरती से संबंधित दस्ता वेज भी पूर्ण नहीं है, जिसकी विस्तार से जांच करने की मांग की, जिलाधिकारी मुरादाबाद ने सीडीओ और एसडीएम ठाकुर द्वारा को भरती में धांधली को लेकर निष्पक्ष जांच का आदेश पारित कर दिया है।

### कोर्ट के आदेश पर पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर के रहने वाले उवैश पुत्र अब्बास ने अदालत के आदेश पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि 21 मई को दोपहर 1 बजे उनका बेटा साहवान गांव के प्राइमरी स्कूल से पढ़कर आ रहा था। तभी मोईन पुत्र वसीम भी पढ़कर आ रहा था। प्राइमरी स्कूल के पास दोनों में आपस में मारपीट हो गई। जिसका बीच बचाव लोगों ने करा दिया। उसके बाद मोईन के घर वाले वसीम, सऊद,मोईन, फईम, नसीम व दो अज्ञात लोग धारदार हथियार लेकर घर में घुस आए। घर पर उनका बेटा अकेला था। तब उनके बेटे शाहवान पर लोहे के फरसे से जानलेला हमला कर दिया। जिससे उनके बेटे के सिर में खुली छोटे आई और हालत गंभीर हो गई। इस बीच उसकी पत्नी भूरी मौके पर पहुंची।

तब उन लोगो ने अश्लील हरकतें करते हुए मारपीट की, बाद में आरोपी लोगों के पहुंचने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

## शांति समिति की बैठक का अयोजन

**मुरादाबाद।** थाना पाकबड़ा परिसर में कांवड़ यात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक का संचालन सी ओ हाईवे राजेश कुमार द्वारा किया गया बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, जायजा लिया गया साथ ही डी जे की ऊंचाई एवं कम आवाज में डीजे बजाने को लेकर चर्चा हुई। सी ओ राजेश कुमार ने डी जे की ऊंचाई लगभग 12 फिट रखने के निर्देश दिए। पाकबड़ा थाना परिसर में बैठक में समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया गया। पाकबड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद याकूब मौजूद रहे थाना क्षेत्र के आसपास के सभी ग्राम प्रधान एवं सम्मानित लोग भी मौजूद रहे दानिश मालिक, सभासद विनोद पाल, पवन चंद्रा, कपिल डी जे, राजेश सैनी, टंकी वाले राजेश पाल, नीरज सैनी, अतीक भाई, अजय सैनी,विकास सैनी, नीरज सैनी, राजू सैनी, अरमान प्रिंटिंग प्रेस,सलमान मालिक, ओर आसपास के सभी डीजे संचालक मौजूद रहे ग्राम प्रधानों के साथ नगर पंचायत के सभासद भी मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद की सभी शाखाओं में 10 को धूमधाम से मनाया जाएगा 63वां स्थापना दिवसः सुदेश विश्नोई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** देश की सामाजिक संस्थाओं में शुमार भारत विकास परिषद का 63वां स्थापना दिवस सभी शाखों में 10 जुलाई को धूमधाम से मनाया जाएगा। भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई ने बताया कि किसी भी स्वयंसेवी संगठन का 62वर्ष तक संच. ालन होना एवं उसकी गतिविधियों में उत्तरोत्तर उन्नयन होना तथा उसके व्याप में निरंतर अभिवृद्धि होना निश्चित ही उसके विकास एवं विस्तार में कार्यकताओं के परिश्रम, त्याग एवं समर्पण की ही सुखद परिणति है। किसी भी संगठन का दीर्घ काल तक संचालित होना उसके मूल विचार, दर्शन, उद्देश्य की गुणवत्ता पर ही निर्भर है। उसके मूल विचार में व्यष्टि के स्थान पर समष्टि के हित और उसके व्यापक कल्याण का भाव निहित होना अनिवार्य है। हमने अपने जीवन काल में अनेक संगठन देखे हैं, उनका उन्नयन और पतन भी देखा है। प्रायः प्रत्येक संगठन के लिखित उद्देश्य तो समाज



कल्याण के होते हैं, लेकिन इन संगठनों पर व्यक्तिवाद एवं परिवारवाद हावी हो जाने के कारण समष्टि की कल्याण भावना से परे होकर निज कल्याण की ओर अग्रसर हो जाने के कारण अल्पकाल में ही ऐसे संगठन मूल उद्देश्यों से भटक कर समाप्त हो जाते हैं। हम जिस संगठन के घटक हैं उस संगठन का इतिहास भी गौरवशाली है,और हम सभी के कृतित्व से भविष्य और भी गौरवशाली होगा। हमारे संगठन के संस्थापकों ने संगठन के दर्शन एवं उद्देश्यों की पूर्ति हेतु जिस कार्य प्रणाली की रचना की है, वह वास्तव में स्तुत्य है, एवं तत्पश्चात बाद के कार्यकताओं द्वारा समय के साथ उन प्रणालियों में व्यावहारिक एवं सकारात्मक बदलाव करने में भी समाज कल्याण के भाव को अपनी दृष्टि से ओझल न होने दिया, यही हमारे संगठन के उन्नयन का मूल कारण है एवं इसके कारण ही संगठन की प्रतिष्ठा में दिनों दिन अभिवृद्धि होती जा रही है।कनाड पैलेस के मरीना होटल में10 जुलाई, 1963 को परिषद् का गठन हुआ एवं उसे संवैधानिक स्वरुप प्राप्त हुआ। सर्वोच्च न्यायालय के निवृत्तमान न्यायाधीश एवं विचारक वी.पी. सिन्हा को प्रथम मुख्य संरक्षक एवं महान राष्ट्रवादी एवं दिल्ली के पूर्व महापौर लाला हंसराज गुप्ता को प्रथम अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

सेवाभावी सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सूरज प्रकाश को प्रथम राष्ट्रीय महामंत्री का दायित्व सौंपा गया। पर भारत माता को आराध्य स्वामी विवेकानन्द को पथ प्रदर्शक स्वीकार किया गया।वन्दे मातरम्श को प्रारम्भिक प्रार्थना और राष्ट्रगान श्जन गण मन को समापन गीत का स्थान दिया गया।

# चन्दौसी के प्रेमनगर में विद्युत लाइन में चिंगारी से दहशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बारिश के मौसम में विद्युत पोलों व तारों में नमी के कारण करंट उतरने और शॉर्ट सर्किट की घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। मंगलवार को प्रेमनगर क्षेत्र में ऐसा ही एक हादसा टल गया, जब सड़क किनारे जा रही एलटी (लो टेंशन) लाइन के तार आपस में टकरा गए। इससे तेज चिंगारी निकली और तार आपस में चिपक गए। घटना के समय आसपास के घरों में रह रहे लोग डर के मारे बाहर निकल आए। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। उल्लेखनीय है कि जिस सड़क पर यह एलटी लाइन गुजर रही है, वहां कुछ ही दूरी पर आवास हैं और बच्चे अक्सर सड़क किनारे खेलते रहते हैं। ऐसे में हादसे की आशंका बनी रहती है। स्थानीय निवासियों ने बिजली विभाग से मांग की है कि प्रेमनगर क्षेत्र में जर्जर विद्युत लाइनों की तत्काल मरम्मत कराई जाए ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# उत्तर भारतीयों का शोषण व हिंदी का अपमान नहीं करेंगे बर्दाश्त

## शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे व राज ठाकरे पर देशद्रोह का मुकदमा कायम हो: गुड्डू सैनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर भारतीयों का शोषण एवं उनके साथ मारपीट की घटना को लेकर शिवसेना ने आज जोरदार प्रदर्शन किया! महाराष्ट्र में उत्तर भारतीयों के साथ हुई मारपीट की घटनाओं को लेकर आज शिवसेना सड़कों पर उतरी शिवसेना ने राज ठाकरे एवं उद्धव ठाकरे के विरोध में प्रदर्शन किया शिवसेना के जिला प्रमुख गुड्डू सैनी के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ता इकट्ठे हुए कार्यकर्ताओं ने पीएसी के चौराहे पर उद्धव ठाकरे एवं राज ठाकरे के मुंह पर कलिख पोतकर एवं जूते मारकर विरोध प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर शिवसेना के राज्य सचिव रामप्रसाद प्रजापति ने बताया कि शिवसेना ने आज संपूर्ण पश्चिम उत्तर प्रदेश में महाराष्ट्र में हुए उत्तर भारतीयों पर हमले को लेकर देशद्रोही उद्धव ठाकरे एवं राज ठाकरे का विरोध किया है और केंद्र सरकार से मांग की इन दोनों नेताओं के विरुद्ध रासुका की कार्रवाई की जाए एवं देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया जाए क्योंकि यह लोग महाराष्ट्र में भाषा का जहर घोलकर पूरे देश में माहौल खराब




करना चाहते हैं! यह दोनों ठाकरे जिस प्रकार कट्टरपंथी मुसलमान के बजाय हिंदी भाषी लोगों को अपना निशाना बना रहे हैं उसे तो यही साबित होता है कि यह व्यक्ति देशद्रोही है इन्हीं व्यक्तियों ने अपने राज्य में हिंदी भाषा अथवा मातृभाषा का विरोध किया है! इस अवसर पर शिवसेना के मंडल प्रमुख नितिन वर्मा ने बताया कि आज संपूर्ण मुरादाबाद मंडल में उद्धव ठाकरे एवं राज ठाकरे का विरोध किया गया है! मुरादाबाद मंडल के हर नगर में विरोध प्रदर्शन किये जा रहे हैं! आज शिवसेना पश्चिम उत्तर प्रदेश इकाई केंद्र सरकार एवं महाराष्ट्र सरकार से मांग करती है कि इन व्यक्तियों के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज होना चाहिए!

इस अवसर पर शिवसेना के जिला प्रमुख गुड्डू सैनी ने बताया कि इन लोगों की इस हरकत से देश के अन्य हिस्सों में क्षेत्रवाद और भाषावाद का जहर घोला जा रहा है राज ठाकरे एवं उद्धव ठाकरे जो हिंदी भाषी लोगों से अभद्र व्यवहार कर रहे हैं उनकी गुंडागर्दी का मुंह तोड़ जवाब देने के लिए शिवसेना जनपद मुरादाबाद इकाई के कार्यकर्ता संपूर्ण जनपद में उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं व शिवसेना हर उत्तर भारतीय से अपील करती है कि इन देशद्रोहियों के खिलाफ सड़कों पर उतरकर इनको मुंह तोड़ जवाब दें! इस अवसर पर शिवसेना के महानगर प्रमुख मनोज कुमार ने उद्धव ठाकरे एवं राज ठाकरे के इस कार्य की कड़ी निंदा की! मनोज कुमार ने इन देशद्रोहियों के खिलाफ केंद्र सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग थी! आज शिवसैनिकों ने पी. ए. सी. चौराहे पर इन देशद्रोहियों के खिलाफ जमकर विरोध किया व उनके पुतलों पर कलिख पोतकर विरोध दर्ज किया! व केंद्र सरकार से इन दोनों नेताओं की पाटियों की मान्यता रद्द करने की अपील की! इस अवसर पर मुख्य रूप से राज्य सचिव रामप्रसाद प्रजापति, मंडल प्रमुख, मुरादाबाद मंडल नितिन वर्मा, जिला प्रमुख गुड्डू सैनी, महानगर प्रमुख मनोज कुमार, ओमप्रकाश सैनी, प्रमोद सागर, कपिल कुमार, जिला उप प्रमुख हरकिशोर सैनी विनय कश्यप रंजीत कश्यप जितेंद्र ठाकुर मोहर सिंह कश्यप राकेश कुमार प्रजापति, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## परिवार से नाराज युवक ने खाया जहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजननगर।** सुरजननगर चौकी क्षेत्र के गाँव में सोमवार की रात को एक युवक ने पारिवारिक विवाद के चलते जहर खा लिया। सोमवार रात को घर लौटने के बाद उन्होंने यह कदम उठाया। परिजनों ने युवक की हालत बिगड़ने पर उन्हें पहले सुरजननगर के नजदीकी अस्पताल में दिखाया।

जहाँ पर डॉक्टर ने उन्हें बचाने का प्रयास किया। लेकिन मंगलवार को युवक की मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं हुई।

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र मोहम्मद शकील व पुत्रवधू श्रीमती रेशमा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। नबाव जान पुत्र मोहम्मद जान नि. मौहल्ला मैनाठेर की पुलिया, ट्रांसपोर्ट नगर के पास करूला थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।

उत्तर रेलवे

ई-नीलामी

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा मुरादाबाद मंडल के विभिन्न डी एंड ई केटेगरी के रेलवे स्टेशनों पर कैटरिंग स्टाल (जनरल माइनर यूनिट्स) के आवंटन हेतु **ई-बोलियाँ www.ireps.gov.in** पर दिनांक **29.07.2025, 30.07.2025 & 31.07.2025** को आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2043/2025

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से, उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए सिंगल पैकेट प्रणाली के तहत खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थान | उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के कार्य क्षेत्र में मुरादाबाद और शाहजहाँपुर के बीच में उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, मुरादाबाद के कार्यालय, अधीनस्थ कार्यालय, अधिकारियों के विश्राम गृह और कर्मचारी आवासों की मरम्मत/रखरखाव हेतु विविध प्रकार के सिविल कार्य के सम्बन्ध में |
| 2. | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 3. | कार्य की अनुमानित लागत | रू 81.64 लाख |
| 4. | जमा की जाने वाली जमानत राशि | रूपये 1,63,300.00 |
| 5. | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की बृहत जानकारी | ई निविदा प्रपत्र की बृहत सूचना उत्तर रेलवे कि वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपर्युक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएम की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 08.07.2025 से दिनांक 30.07.2025 को 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेगी। उपर्युक्त टेण्डर के सम्बन्ध में अन्य सभी नियम व शर्तें टेण्डर डॉक्यूमेंट में दी गई हैं। निविदा सूचना कि बृहत जानकारी कार्यालय में निविदा सूचना बोर्ड से की जा सकती है। |
| 6. | अन्तिम तिथि/ई-निविदा अपलोड करने की तिथि | 30.07.2025 को 11:30 बजे तक। ई-निविदा दिनांक 16.07.2025 से 30.07.2025 को 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है। |
| 7. | निविदा खुलने की तिथि और समय | 30.07.2025 को 11:30 बजे तक ई-टेण्डर अपलोडिंग बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जाएगी। |

निविदा सूचना सं० – 1-डब्लू- टेण्डर-290-उप मु०अभि० नि० मुरादाबाद
दिनांक- 08.07.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2051/25

# भारत को लॉर्ड्स में तेजी और उछाल से मात देने को बेताब इंग्लैंड



● **ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि एजबेस्टन में तैयार की गई पिच और टॉस पर गेंदबाजी चुनने का इंग्लैंड का फैसला भारत के पक्ष में गया**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने इस सप्ताह लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए तेज और उछाल भरी 'जीवंत पिच' की मांग की है। इस मैच में जोफ्रा आर्चर और गस ऐटकिंसन की वापसी हो सकती है। इसके साथ ही वे भारत से एजबस्टन में मिली 336 रन की बुरी हार से भी उबरना चाहते हैं।

इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि एजबस्टन में तैयार की गई 'उपमहाद्वीप जैसी' पिच और टॉस पर गेंदबा. जी चुनने का इंग्लैंड का फैसला भारत के पक्ष में गया। वे गुरुवार से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में घरेलू हालात का बेहतर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। वे अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव करने पर भी विचार कर रहे हैं क्योंकि इन गेंदबाजों को पिछले दो टेस्ट के दौरान मैदान पर काफी मेहनत करनी पड़ी है। पिछले महीने लॉर्ड्स में हुए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान तेज गेंदबाजों का दबदबा दिखा था, जहां पैट कमिंस और कैगिसो रबाडा को अच्छी सीम मूवमेंट मिली थी। मैकुलम ने भी ऐसी ही पिच की मांग की है, जिसमें थोड़ी रफ्तार, उछाल और मूवमेंट हो। उन्होंने कह कि यह मैच शानदार होगा, लेकिन अगर पिच में जान रही तो यह और भी जबरदस्त होगा। 2018 में लॉर्ड्स की हरियाली भरी पिच पर भारत बुरी तरह फंस गया था, लेकिन चार साल पहले टीम ने यहां पर एक रोमांचक टेस्ट मैच भी जीता था। भारत बर्मिंघम में आराम दिए गए जसप्रीत बुमराह की वापसी का इंतजार कर रहा है। वह भी एक अलग तरह की पिच की उम्मीद कर रहा है।

उनके कप्तान शुभमन गिल ने कह कि देखते हैं लॉर्ड्स में हमें कैसी पिच मिलती है। मेरा अंदाजा है कि यह सपाट नहीं होगी। आर्चर ने दूसरे टेस्ट से पहले इंग्लैंड के साथ अभ्यास किया था और पूरी तरह से गेंदबाजी भी की थी। वह पिछले महीने ससेक्स के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लौटे और धीरे-धीरे अपना वर्कलोड बढ़ा रहे हैं। को. हनी और पीठ की चोटों के चलते वह फरवरी 2021 से टेस्ट क्रिकेट से बाहर हैं। मैकुलम ने इशारा दिया है कि वह वापसी कर सकते हैं। उन्होंने कह कि 'वह (आर्चर) चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। हमारे तेज गेंदबाज लगातार दो टेस्ट खेल चुके हैं और अब हमें मुख्य मैदान पर जाना है। हम इस मैच के बाद हम स्थिति का आकलन करेंगे। वहीं जोफ्रा फिट हैं, मज़बूत हैं, खेलने के लिए तैयार हैं और वह चयन के दायरे में होंगे। यह हमारे लिए एक उत्साहजनक खबर है। वह टीम के साथ रहकर काफी खुश हैं और उनका टीम के साथ होना शानदार है।

## खेल विशेष
## अंतर्राष्ट्रीय अफगान अंपायर बिस्मिल्लाह जान शिनवारी का निधन



**काबुल, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय अंपायर बिस्मिल्लाह जान शिनवारी का निधन हो गया है जिससे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट समुदाय शोक में डूब गया है। आईसीसी के अंतर्राष्ट्रीय अंपायर पैनल के सदस्य, शिनवारी ने 25 वनडे और 21 टी-20 मैचों में अंपायरिंग की, उन्होंने दिसंबर 2017 में शारजाह में अफगानिस्तान और आयरलैंड के बीच एकदिवसीय मैच की देखरेख करते हुए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। अफ़ग़ानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को अपनी श्रद्धांजलि पोस्ट की। ''एसीबी के नेतृत्व, कर्मचारी और पूरा अफगानअटलान परिवार अफगानिस्तान के एलीट अंपायरिंग पैनल के सम्मानित सदस्य बिस्मिल्लाह जान शिनवारी के निधन से बहुत स्तब्ध और दुखी है। हम बहुत दुख के साथ शिनवारी के बीमारी के बाद निधन की खबर साझा कर रहे हैं। बिस्मिल्लाह जान अफगान क्रिकेट के महान सेवक थे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड उनके परिवार, दोस्तों और पूरे अफगान क्रिकेट बिरादरी के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और गहरी सहानुभूति व्यक्त करता है। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने बिस्मिल्लाह के निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कह कि 'खेल में उनका योगदान बहुत बड़ा था और क्रिकेट समुदाय उन्हें बहुत याद करेगा। हम इस नुकसान से बहुत दुखी हैं और उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।

# भारतीय अंडर-15 कुश्ती टीमों का बिश्केक में शानदार प्रदर्शन

● **भारतीय दल ने 6 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य सहित 8 पदक जीते**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर-15 कुश्ती टीमों ने 4 से 7 जुलाई तक बिश्केक (किर्गिस्तान) में आयोजित 2025 अंडर-15 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला कुश्ती श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की गई।

भारत ने फ्री स्टाइल कुश्ती में टीम चैंपियन का खिताब जीता भारतीय अंडर-15 फ्री स्टाइल कुश्ती टीम कुल 203 अंक हासिल करके टीम चैंपियन बनी, जबकि जापान 166 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय दल ने 6 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य सहित 8 पदक जीते और प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाए रखा। फ्री स्टाइल में पदकों की होड़ की शुरुआत वंश अहलावत से हुई, जिन्होंने रोमांचक मुकाबले में अपने जापानी प्रतिद्वंद्वी को 9-8 के स्कोर से हराकर भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उनकी जीत से प्रेरित होकर, टीम ने अनुकरणीय भावना दिखाई। आर्यन (44 किग्रा) ने तकनीकी श्रेष्ठता (16-6) से किर्गिज पहलवान को हराया प्रथमेश सूर्यकांत पाटिल ने अपने उज्बेक प्रतिद्वंद्वी को 7-4 से हराया। रोहित मान ने ताजिकिस्तान पर 10-0 की तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। सचिन (68 किग्रा) ने अपने उज्बेक प्रतिद्वंद्वी को हराकर जीत हासिल की। कार्तिक (85 किग्रा) ने कजाकिस्तान को 3-1 से हराकर जीत हासिल की। भारतीय महिला पहलवानों ने टीम उपविजेता का खिताब जीता। महिला कुश्ती टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए 202 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही, जो जापान से थोड़ा पीछे है।

# सूची में शीर्ष स्थान के करीब पहुंची दीप्ति



● **दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी-20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान से आठ रेटिंग अंक दूर हैं**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा टी-20 क्रिकेट में नंबर 1 गेंदबाज बनने के करीब पहुंच गई हैं। वह आईसीसी महिला टी-20 खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष स्थान से आठ रेटिंग अंक दूर हैं। दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकांश समय टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं, लेकिन 27 वर्षीय दीप्ति कभी भी शीर्ष स्थान पर नहीं रही हैं, जबकि हाल के दिनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। टी-20 रैंकिंग में नवीनतम अपडेट में दीप्ति ने एक स्थान की छलांग लगाई है और ऑस्ट्रेलिया की तेज गें. दबाज एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया है। दाएं हाथ की यह गेंदबाज अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद पाकिस्तान की सादिया इकबाल से केवल आठ रेटिंग अंक पीछे है।

दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी-20 सीरीज के तीसरे मैच में तीन विकेट लेने के बाद अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। सीरीज के अंतिम दो मुक. ाबलों में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के साथ यह ऑफ स्पिनर अपनी पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी से शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है। टीम की साथी अरुंधति रेड्डी भी रैंकिंग में सुधार कर रही हैं। इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में सीरीज के सबसे हालिया मैच में तीन विकेट लेने के बाद इस तेज गेंदबाज ने 11 पायदान की छलांग लगाई है और टी-20 गेंदबाजों की सूची में 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

इंग्लैंड की कई गेंदबाजों ने भी लंदन के प्रतिष्ठित मैदान पर पांच रन से मिली जीत के बाद रैंकिंग में सुधार किया है। तेज गेंदबाज इस्सी वोंग (तीन पायदान ऊपर चढ़कर 57वें स्थान पर) और लॉरेन फाइलर (21 पायदान ऊपर चढ़कर 68वें स्थान पर) दो सबसे बड़ी छलांग लगाने वाली गेंदबाज हैं। वहीं तेज गें. दबाज लॉरेन बेल ने रैंकिंग में चौथा स्थान बरकरार रखा है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी मामूली बढ़त बनाए हुए हैं, हालांकि इंग्लैंड और भारत के खिलाड़ियों द्वारा अपनी मौजूदा श्रृंखला में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के बाद शीर्ष 10 के बाहर कुछ बदलाव हुए हैं।

भारत की डायनेमो जेमिमा रोड्रिग्स ब्रिस्टल में श्रृंखला के दूसरे मैच में अर्द्धशतक बनाने के बाद दो स्थान की बढ़त हासिल कर 12वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि सलामी बल्लेबाज डैनी वायट-हॉज और सोफिया डंकले ओवल में अपनी शानदार साझेदारी के बाद इंग्लैंड के दृष्टिकोण से बड़ी विजेता हैं। दोनों ने इंग्लैंड की जीत में मदद करने के लिए अच्छे समय में शुरुआती विकेट के लिए 137 रन जोड़े, जिसके परिणामस्वरूप वायट-हॉज टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीन स्थान के सुधार के साथ 14वें स्थान पर पहुंच गई।

डंकले चार स्थान की बढ़त के साथ उसी सूची में 26वें स्थान पर पहुंच गई। इंग्लैंड की प्रमुख स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन को भी कुछ लाभ हुआ है।

## जिम्बाब्वे खिलाड़ी पर आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगा जुर्माना

**बुलावायो, वार्ता।** जिम्बाब्वे के कुंडाई माटिगिमु को द. अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए दंडित किया गया। कुंडाई माटिगिमु पर बुलावायो में द. अफ्रीका के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह घटना द. अफ्रीका की पहली पारी के 72वें ओवर के दौरान हुई, जब माटिगिमु ने अपने फॉलो-थ्रू में एक गेंद को फील्ड किया और बल्लेबाज लुआन- डी प्रीटोरियस की ओर फेंका, जो काफी नजदीक से उनकी कलाई पर लगी। घटना के आधार पर, मैटिगिमु को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-9 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया।

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में ब्रंट करेगी इंग्लैंड की कप्तानी

● **नैट सिवर ब्रंट दूसरे टी-20 में बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हो गई थीं**

**लंदन, वार्ता।** ग्रोइन इंजरी से जूझ रहीं नैट सिवर-ब्रंट भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चयनित 15 सदस्यीय इंग्लैंड की टीम की अगुवाई करती दिखेंगी। नैट सिवर-ब्रंट दूसरे टी-20 में बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हो गई थीं जिसके बाद शेष सीरीज के लिए टैमी बोमॉन्ट को टीम की कमान सौंपी गई थी।

हालांकि चयनकर्ताओं को उम्मीद है कि पहले वनडे से पहले सिवर-ब्रंट फिट हो जाएंगी। इंग्लैंड की वनडे टीम में सोफी एक्लस्टोन की भी वापसी हुई है जो कि सीजन की शुरुआत में चोट से रिकवरी के चलते वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं बन पाई थीं, एक्लस्टोन को सारा ग्लेन की जगह टीम में शामिल किया गया है। माइया बाउचर जिन्हें सिवर-ब्रंट के रिप्लेसमेंट के तौर पर टी-20 सीरीज़ के लिए बुलावा आया था, उन्हें भी वनडे टीम में शामिल किया गया है। लॉरेन फाइलर जिन्होंने शुक्रवार को स्मृति मंधाना और जेमिमाह रॉड्रिग्स के अहम विकेट चटकाते हुए इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका अदा की उन्हें जनवरी में हुए एशेज टूर के बाद पहली बार इंग्लैंड की वनडे टीम में शामिल किया गया है। टी-20 सीरीज में अब तक भारतीय टीम ने इंग्लैंड टीम को काफी परेशानी में डाला है। भारत पहले दो मैच जीतकर इस समय पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है। हालांकि द ओवल में खेले गए तीसरे मैच में नियमित कप्तान सिवर-ब्रंट की अनुपस्थिति में इंग्लैंड ने भारत को एक करीबी मुकाबले में शिकस्त दी। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी जिसका आग़ाज़ 16 जुलाई को साउथम्पटन में होगा। सीरीज का दूसरा मैच 19 जुलाई को लॉर्ड्स और जबकि अंतिम मैच 22 जुलाई को चेस्टर-ली-स्ट्रीट में खेला जाएगा।

**इंग्लैंड टीम:** नैट सिवर-ब्रंट (कप्तान), एम आरलट, टैमी, लॉरेन बेल, माइया बाउचर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविड्सन, चार्ली, सोफिया, सोफी, लॉरेन, एमी, एमा लैंब, लिंसी स्मिथ।

# सलमान अली आगा बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज में पाकिस्तान की अगुवाई करेंगे

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह सीरीज इस महीने के आखिर में मीरपुर में खेली जाएगी। पूर्व मुख्य खिलाड़ी बाबर, रिजवान और शाहीन शाह टीम से बाहर रहने वाले उल्लेखनीय खिलाड़ियों में शामिल हैं। फहीम अशरफ और फखर टी-20 टीम में वापस आ गए हैं। अशरफ ने आखिरी बार 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 मैच खेला था, जबकि जमान ने इस प्रारूप में पिछली बार 2024 में हिस्सा लिया था। इस बीच, अहमद दानियाल ने पीएसएल 2025 में शानदार प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में पहली बार जगह बनाई है। तेज



गेंदबाजों में, नसीम शाह और मोहम्मद वसीम जूनियर अभी भी अपनी-अपनी चोटों से उबर रहे हैं, जबकि हारिस रऊफ यूएसए में एमएलसी 2025 में खेलते समय चोटिल हो गए हैं।

**पाक टीम:** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, अहमद दानियाल, फहीम अशरफ, फखर, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल, अब्बास अफरीदी, हारिस, मोहम्मद नवाज, फरहान, अयूब, सलमान मिर्जा, सुफियान मोकिम।

# सिनर, स्वियाटेक और बेन शेल्टर विंबलडन के क्वार्टरफाइनल में

● **हाल के वर्षों में विंबलडन में सबसे आश्चर्यजनक बदलावों में से एक में, सिनर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे**

**लंदन, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जानिक सिनर, नंबर एक महिला खिलाड़ी इगा स्वियाटेक और बेन शेल्टन ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर विम्बलडन टेनिस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

हाल के वर्षों में विंबलडन में सबसे आश्चर्यजनक बदलावों में से एक में, सिनर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जब ग्रिगोर दिमित्रोव को दो सेट से आगे होने के बावजूद मैच के बीच में ही रिटायर होना पड़ा। यह ड्रामा पहले ही गेम में शुरू हो गया, जब शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर नियमित स्लाइड के दौरान फिसल गए और उनकी कोहनी में चोट लग गई। हालांकि उन्होंने खेलना जारी रखा, लेकिन उनकी खास सर्विस लय ने उनका साथ छोड़ दिया और मैच जल्दी ही दिमित्रोव के पक्ष में झुक गया। बुल्गारियाई खिलाड़ी ने बढ़त हासिल की, पहले दो सेटों में जीत हासिल की और 2014 के बाद से अपने पहले विंबलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए तैयार दिखाई दिए। लेकिन जैसे ही दिमित्रोव एक प्रसिद्ध जीत के करीब पहुंचे, आपदा आ गई। तीसरे सेट में 2-2 की बराबरी पर, नंबर 19 सीड खिलाड़ी ने अचानक अपने दाहिने पेक्टोरल मसल को जकड़ लिया और दर्द से कराहते हुए घास पर गिर पड़ा। हालांकि उसने अभी-अभी सर्विस की थी, लेकिन वह लगभग रोने लगा था। उपचार का प्रयास किया गया, लेकिन यह स्पष्ट हो गया कि वह आगे नहीं खेल सकता। अपनी सर्विसिंग आर्म को मुश्किल से उठा पाने के कारण, दिमित्रोव को रिटायर होना पड़ा, ग्रैंड स्लैम में यह उसका लगातार पांचवां मध्य-मैच रिटायरमेंट था। मैच की शुरुआत बहुत ही जोश के साथ हुई थी, क्योंकि दिमित्रोव ने छह मिनट के शुरुआती गेम में सर्विस को बरकरार रखा। सिनर, जिनकी सर्विस पहले तीन राउंड में 36 सर्विस गेम तक बिना टूटे रही, ने तुरंत ही परेशानी के लक्षण दिखाए। दूसरे सेट की शुरुआत में, उन्होंने पहले आठ अंक गंवा दिए और 2-3 पर मेडिकल टाइमआउट की जरूरत पड़ी। एक दर्द निवारक और मालिश ने कुछ समय के लिए मदद की, लेकिन दिमित्रोव ने अपना दबदबा बनाए रखा।


## वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में अंकित ने 86 किलो भार-वर्ग में जीता रजत पदक

**सोनीपत, वार्ता।** ब्रिटेन के बर्मिंघम शहर में वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स का आयोजन किया गया जिसमें हरियाणा के सोनीपत के लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के अंकित दहिया ने 86 किलो भारवर्ग में खेलते हुए भारत के लिए रजत पदक जीता। बॉक्सिंग कोच रो. हतास कुमार ने बताया कि अंकित दहिया ने क्वार्टरफाइनल मुक़ाबले में कनाडा के टेलर बेयर्ड को 0-5 के स्कोर से हराकर अपने सेमीफाइनल मुक़ाबले में मैक्सिको के जेवियर अलेजांद्रो को 5-0 के स्कोर से हराकर रजत पदक जीतकर अपने देश व एकेडमी का नाम रोशन किया। अंकित दहिया ने इससे पहले लखनऊ में आयोजित ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में भी स्वर्ण पदक जीतकर अपनी एकेडमी का नाम रोशन किया हैं।

# मैं जोकोविच-अल्काराज को फाइनल में देखना पसंद करूंगा: विराट

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने कहा है कि वह नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज को विम्बलडन के फाइनल में देखना पसंद करेंगे और उन्हें उम्मीद है कि नोवाक यह मैच जीतेंगे।

विराट ने स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार विंबलडन 2025 के विशेषज्ञ, दिग्गज विजय अमृतराज से विशेष बातचीत की, जो 7 जुलाई को नोवाक जोकोविच और एलेक्स डी मिनौर के बीच मुकाबला देखने के लिए अनुष्का शर्मा के साथ मौजूद थे। कोहली ने हाल के वर्षों में विंबलडन खेलों में भाग लेने के अपने अनुभव और अपने वर्तमान पसंदीदा टेनिस खिलाड़ी के बारे में बताया। विराट कोहली ने अपने पसंदीदा पुरुष एकल खिलाड़ी के बारे में कह कि मैं पिछले कुछ समय से नोवाक



● **नोवाक निश्चित रूप से सभी समय के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में चर्चा में है**

जोकोविच के संपर्क में हूं। हमने संदेशों का आदान-प्रदान किया है, और वह बहुत दयालु रहे हैं। मैं नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज को फाइनल में देखना पसंद करूंगा - और मुझे उम्मीद है कि नोवाक यह मैच जीतेंगे। पूर्व भारतीय टेस्ट कप्तान ने कहा कि यह उनके करियर के इस चरण में एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वह निश्चित रूप से सभी समय के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में चर्चा में हैं। यदि महानतम नहीं हैं - सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम खिताब के साथ। वह वास्तव में अपनी कड़ी मेहनत के लिए इसके हकदार हैं। मुझे वास्तव में उम्मीद है कि वह फाइनल में कार्लोस से खेलेंगे और जीतेंगे। विराट कोहली ने विंबलडन में भाग लेने के अपने पहले अनुभव पर कहा कि यहां फिर से आना बहुत अच्छा लग रहा है। अनुष्का और मैं 2015 में आए थे। यह शानदार सेंटर कोर्ट में होने का हमारा पहला अनुभव था।

# युवा खिलाड़ियों से जुड़ने और उन्हें प्रोत्साहित करने की धोनी की क्षमता वाकई खास है: रोहित

**नई दिल्ली, वार्ता।** 7 शेड्स ऑफ एमएस धोनी' नामक नए शो में, जियोहॉटस्टार ने क्रिकेटरों और विशेषज्ञों, जैसे विराट कोहली, रोहित शर्मा, जोस बटलर, मैथ्यू हेडन, संजय मांजरेकर और आकाश चोपड़ा से दिल को छू लेने वाले किस्से और दुर्लभ जानकारियां साझा कीं। उन्होंने अपने अनुभव, अविस्मरणीय पल और खेल और अपने जीवन पर धोनी के स्थायी प्रभाव को साझा किया।

जियो हॉटस्टार के विशेष शो '7 शेड्स ऑफ एमएस धोनी' पर विशेष रूप से बोलते हुए, स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2019 के दौरान एमएस धोनी की शांत उपस्थिति और स्थायी नेतृत्व पर विचार किया। विराट ने कहा कि उनका सबसे बड़ा कौशल सबसे कठिन क्षणों में अपना संयम बनाए रखना है। यही कारण है कि वह इतने अच्छे हैं, क्योंकि वह दबाव में सही निर्णय लेने में सक्षम हैं। वह हमेशा शांत और संयमित रहते हैं और वह खुद को उस मानसिक स्थिति में आने देते हैं,



● **माही हमेशा शांत और संयमित रहते हैं और वह खुद को उस मानसिक स्थिति में आपने देते हैं, जहां वह महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं**

जहां वह सबसे महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। उनसे सीखने के लिए बहुत कुछ है। जब मैं भारतीय टीम में आया, तो वह मेरे कप्तान थे और वह हमेशा मेरे कप्तान रहेंगे। धोनी के स्थायी प्रभाव पर, भारत के बल्लेबाज रोहित शर्मा ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2021 के दौरान ड्रेसिंग रूम में एमएसडी की मौजूदगी के बारे में बात की। रोहित ने कहा कि मेरे अपने दृष्टिकोण से, 2007 में, मैंने वास्तव में उनके नेतृत्व में अपना विश्व कप डेब्यू किया था। तब से, हमारा सफर बहुत लंबा रहा और हमने साथ में बहुत क्रिकेट खेला। युवाओं से जुड़ने और उन्हें प्रोत्साहित करने की उनकी क्षमता, चाहे खेल की स्थिति हो या खिलाड़ी का प्रदर्शन, वास्तव में कुछ खास है। वह हमेशा एक खिलाड़ी के आसपास एक शांत माहौल बनाने की को. शिश करते हैं, ताकि वे असुरक्षित महसूस न करें। मेरा मानना है कि यह एक बेहद महत्वपूर्ण गुण है। इंग्लैंड के पूर्व व्हाइट-बॉल कप्तान जोस बटलर ने 2019 में विश्व कप के दौरान धोनी की जमकर तारीफ की बटलर ने कहा,ह्एक साथी विकेटकीपर के रूप में, वह मेरे लिए एक आदर्श रहे हैं। मिस्टर कूल। मुझे हमेशा मैदान पर उनका व्यक्तित्व पसंद रहा है( जब वह बल्लेबाजी करते हैं तो वह बहुत शांत और नियंत्रण में दिखते हैं। स्टंप के पीछे उनके हाथ बिजली की तरह तेज हैं, और उन्हें खेल को गहराई तक ले जाना पसंद है।

# भाजपा सरकार में जनता को उठानी पड़ रही हैं परेशानियां: कमाल अख्तर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** भाजपा शासन में जनता को परेशानियां उठाते हुए बेरोजगारी का भी सामना करना पड़ा है उक्त विचार क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने समाजवादी पार्टी के कांठ कार्यालय पर आयोजित जनसुनवाई के दौरान व्यक्त किये।

उन्होंने भाजपा सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी बढ़ाकर जनता को परेशान करने का आरोप लगाया। सपा के जिला सचिव प्रमोद यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता परेशान है। इस सरकार में महंगाई कम होने का नाम नहीं ले रही है। युवा बेरोजगार होकर घूम रहे हैं। बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर एक ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्होंने संविधान बनाकर शोषणात्मक, नकारात्मक प्रभुत्वादी पर पाबंदी लगाने का काम किया था। आज केंद्र व प्रदेश की सरकार महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बढ़ाकर जनता को महंगाई के मुंह में धकेलना चाहती है। लगातार भाजपा सरकार संविधान विरोधी कार्य कर रही है। इस दौरान क्षेत्र से आए लोगों ने विधायक को अपनी-अपनी समस्याएं बताईं।इस मौके पर विक्रम सिंह यादव अतीकुररहमान, तस्लीम प्रधान, अमजद अली, फुरकान अली, डा जुवेर, मुजीब चौधरी, भूरे खान, डाक्टर दानिश, नासिर सलमानी, आदिल चौधरी, कृपाल सिंह चढा, फिरासत, रिहासत अली आदि कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।



## नागरिक एकता परिषद की हुई बैठक

**बिलारी।** नागरिक एकता परिषद द्वारा सिहारी, लड्डा, कूवरी, और मानक गांवों के लोगों की एक बैठक पूर्व प्रधान नेमपाल सिंह के दालान पर आयोजित की गई। इस बैठक में जलवायु परिवर्तन के कारणों, प्रभावों और समाधानों पर चर्चा हुई, जिसमें पौधरोपण को प्राथमिकता दी गई। बैठक जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक सकारात्मक कदम है। पौधरोपण के माध्यम से न केवल पर्यावरणीय संतुलन बहाल किया जा सकता है। बैठक में गुलाबसिंह, कश्यप, गब्बरसिंह कश्यप, भगवान दास यादव ठाकुर भजनसिंह, पूर्व प्रधान ठाकुर नेमपाल सिंह, आशु सिंह, ठाकुर धर्मेन्द्र सिंह, संजय कश्यप, तोताराम कश्यप, सीताराम कश्यप, मोहनलाल कश्यप, अदित्य यादव, संजीव कश्यप, नंदकिशोर कश्यप, नईम सैफी, सोमपाल कश्यप, विशेष शर्मा जी, भूपसिंह कश्यप, प्रेम पाल कश्यप पूर्व प्रधान सत्यपाल सिंह कूवरी मानक, आदि ने भाग लिया।

# भाकियू ने एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** भाकियू टिकैत के वरिष्ठ नेता भयराज सिंह, आशु बालियान अर्जुन सिंह आदि ने एसडीओ बिजली को ज्ञापन देकर कहा है कि विद्युत उपकेंद्र मुबारकपुर और जरगांव क्षेत्र में कर्मचारियों की लापरवाही से किसानों को शासन द्वारा घोषित पूरी बिजली नहीं मिल पा रही है, शाम चार बजे के बाद लाइनमैन फोन नहीं उठाते। आरोप है कि दारु पीने में व्यस्त हो जाते हैं। निजी नलकूप का ट्रांसफार्मर बदलने हो या किसी केबिल को ठीक कराना हो तो उससे अवैध वसूली करते हैं। समस्याओं का समाधान नहीं होने पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई है। एसडीओ ने सुधार का आश्वासन दिया। दूसरी ओर भाकियू अराजनीतिक गुट के विक्की चौधरी, उदयपाल सिंह, अंकुर चौधरी, रानू चौधरी, सत्येंद्र राठौर आदि ने उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह को ज्ञापन देकर चीनी मिल पर किसानों को बकाया 49 करोड़ का बकाया दिलाने और मशीनों को ठीक करना शान द्वारा नहीं मिलने भूड़ गांव के पास अंडरपास में पानी भरने से बंद रास्ते का समाधान कराने की मांग की गई है।



# पीएम श्री विद्यालय के बच्चों ने निकाली स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** शासन के निर्देश पर मंगलवार को नगर में स्टेशन रोड स्थित पीएम श्री विद्यालय के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के लिए जागरूकता रैली निकाली स जागरूकता रैली में बच्चेष आधी रोटी खाएंगे स्कूल जरूर जाएंगेष ष्कोई न छूटे अबकी बार शिक्षा है सबका अधिकार ष एक भी बच्चा छूटा संकल्प हमारा टूटाष नारे लग रहे थे। नगर में स्टेशन रोड स्थित पीएम श्री विद्यालय के बच्चे आज विद्यालय प्रांगण में रैली निकालने के लिए एकत्रित हुएस स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के लिए बच्चों ने यहां से रैली निकाली, रैली विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ हुई जो स्टेशन रोड,श्री रामलीला मैदान मार्ग, थाना मार्ग,स्टेशन रोड होती हुई विद्यालय में पहुंचीस रेलों में बच्चे लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न नारे लगा रहे थेस इस अवसर पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक उदयवीर सिंह, वंदना बिश्नोई, पारुल जैन सोनी, बदर जहां, दिवेश कुमार, सुमन कुमार आदि मौजूद रहे।




# जामिया कादरिया तालीमुल कुरआन में त्रैमासिक परीक्षा का हुआ आयोजन

**भोजपुर।** जामिया कादरिया तालीमुल कुरआन कस्बा भोजपुर में त्रैमासिक (तिमाही) परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया और पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ इम्तिहान में शरीक हुए परीक्षा का उद्देश्य बच्चों की अब तक की पढ़ाई का मूल्यांकन करना था, ताकि यह देखा जा सके कि उन्होंने क्या-क्या सीखा है और किन विषयों में और मेहनत की जरूरत है। बच्चों ने पूरी तैयारी के साथ परीक्षा दी। शिक्षकों ने उन्हें मार्गदर्शन दिया और संस्था की ओर से परीक्षा की अच्छी व्यवस्था की गई।

इस तरह की परीक्षाएं बच्चों को मेहनती, समय के पाबंद और लक्ष्य की ओर केंद्रित बनाती हैं। अंत में, हम सभी बच्चों की कामयाबी की दुआ करते हैं और जामिया कघदरिया की शिक्षा सेवाओं की सराहना करते हैं। जिस में प्रिंसिपल मुफ्ती शरीफुल हक मंजरी , मुफ्ती आकिल रजा मिस्बाही नईमी, मुफ्ती मुहम्मद रजा मंजरी, मुफ्ती चांद मंजरी, मौलाना अहमद रजा मिस्बाही, कारी दानिश व कघरी बिलाल आदि शिक्षक मौजूद रहे।



## एक नजर

### कोर्ट के आदेश पर छह के खिलाफ मारपीट व छेड़खानी का केस दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस ने अदालत के आदेश पर गांव रूस्तमपुर तीगरी निवासी छह लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने एवं छेड़छाड़ करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर में पीड़िता ने कहा है कि 19जून की शाम को 5बजे अकेले घर घरेलू कामकाज कर रही थी। अचानक मौहम्मदउमर,नजाकत,रहीस,कामिल,शादाब और उवैस घर में घुसकर तोड़फोड़ करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने गंदी गालियां देते हुए मारपीट कर जमीन पर गिरा दिया। कामिल ने तमंचे से वार किया और कपड़े फाड़ कर छेड़छाड़ की। शोर-शराबा होने पर पड़ोसी छिद्दा और जलीस मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### क्रिकेट टूर्नामेंट: पिंको टीम ने पंकज टीम को हराया



**मुरादाबाद।** आरटीओ ऑफिस के निकट मैदान में खेले गए क्रिकेट टूर्नामेंट में पिंको टीम ने पंकज टीम को पराजित किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए लवी पाशा ने कहा कि खेलों का व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण रोल है खेलों के माध्यम से जहां युवा अपने भविष्य को बना सकता है वहीं दूसरी ओर खेल स्वास्थ्य के लिए फायदे मंद साबित होते हैं। इस अवसर पर लवी पाशा आने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से छोटू पंकज सलमान खान गुड्डू खान बंटी राजू मोहम्मद उमर गुरविंदर सिंह हैदर पाशा जुनैद कुरैशी विकास समी पाशा आदि मौजूद थे।

### पालिका अध्यक्ष ने सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश



**बिलारी।** पालिकाध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने पालिका सभागार बैठक लेकर सफाई नायक व सफाई कर्मचारियों का आवश्यक निर्देश दिए। बेहतर सफाई को प्रेरित किया। मंगलवार को पालिका कर्मचारी एवं सफाई नायकों के साथ एक मीटिंग का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने नगर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के सफाई नायकों को निर्देश दिए एवं नगर में पीने के पानी की व्यवस्था को सुचारू रूप से चालू करने के जल कल विभाग को निर्देश दिए। कहा कि नगर की जनता को जब भी लाइट आए पानी की सप्लाई मिलनी चाहिए। जहां भी पीने का पानी नहीं पहुंच पा रहा है वहां पीने के पानी की सप्लाई होनी चाहिए, सफाई नायकों को निर्देश दिए कि बुधवार को नई सड़क पर गंदे पानी के निकासी हेतु सफाई अभियान चलाया जाएगा।

### सपा व्यापार सभा की बैठक में व्यापारियों के उत्पीड़न पर चर्चा



**बिलारी।** सपा कार्यालय पर समाजवादी व्यापार सभा की बैठक का आयोजन हुआ।जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष चिराग अग्रवाल बिलारी ने की और कहा कि व्यापारियों को हर तरफ से उत्पीड़न किया जा रहा है। व्यापारियों ने अब मन बना लिया हैं कि अबकी बार समाजवादी सरकार बना कर रहेंगे।

जीएसटी के नाम पर छापे मारे जाते है और सर्राफा कारोबारियों के गिरवी के लाइसेंस रिन्यूअल भी नहीं हो रहे है। समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश सचिव पंडित सतेंदर शर्मा ने अपने विचार रखे कि व्यापारियों के साथ बहुत ही उत्पीड़न हो रहा है। जीएसटी के नोटिस आ रहे है। व्यापारी परेशान है कहा कि 2027 में समाजवादी सरकार बनने जा रही है। जिसमे समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश सचिव पंडित सतेंदर शर्मा ,बिलारी व्यापार सभा के विधान सभा अध्यक्ष चिराग अग्रवाल,हर्षित शर्मा,विकास नाथ,राजीव शर्मा,गजेंदर यादव, व्यापार सभा जिला सचिव खलील अहमद, मनोज सैनी फैसल अंसारी आदि सहित अनेकों मौजूद रहे।

# चन्दौसी में आवारा गोवंशीय पशुओं की बढ़ रही संख्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गर्मी के मौसम में चंदौसी नगर और आस-पास के गांवों में आवारा गौवंशीय पशु आक्रामक रूप धारण कर रहे हैं, जिससे आमजन में भय व्याप्त है।

कभी भी यह पशु किसी दुर्घटना को अंजाम दे सकते हैं। राज्य सरकार ने आवारा गौवंशीय पशुओं के लिए ग्राम पंचायतों में गौशालाओं का निर्माण करवाया है, जहां इन्हें सुरक्षित रखने की व्यवस्था की गई है। केयर टेकर तैनात हैं जो इनकी देखरेख करते हैं। इसके साथ ही नगरपालिका एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कैटल कैचर वाहन भी भेजे गए हैं, ताकि आवारा पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा सके। इसके बावजूद, चंदौसी शहर में आवारा गौवंशीय पशुओं की संख्या सौ से अधिक बताई जा रही है। ये पशु शहर और आस-पास के गांवों में खुलेआम घूमते नजर आते हैं, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक आवारा गौवंश सुबह और शाम के समय मेला ग्राउंड के सामने राज मोहल्ले से गुजरने वाली सड़क पर देखे जाते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि इस क्षेत्र में अभी तक इन पशुओं को पकड़ने की कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस दिशा में तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके और आमजन को राहत मिल सके।

# प्राइमरी स्कूल जटपुरा में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत बैठक हुई आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** कुंदरकी ब्लाक के प्राइमरी स्कूल जटपुरा में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत एक बैठक आयोजित की गई जिसमें रसोइयाँ और माँ समूह ने प्रतिभाग किया ।बैठक का संचालन प्रधानाध्यापिका शालिनी ने किया ।सभी को समझाया गया कि संचारी रोग ऐसे रोग होते हैं जो जीवाणु, विषाणु आदि के कारण होते हैं। संचारी रोग मानव शरीर से दूसरे शरीर में फेलते हैं। इस तरह के संचारी रोगों को हम संक्रामक रोग भी कहते हैं जो हमारे चारों ओर गंदगी आदि की वजह से फेलते हैं, चारों ओर गंदगी होने की वजह से इन संचारी रोगों से लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हम सभी को संक्रामक रोगों से बचना चाहिए। संक्रामक रोगों में हैजा, मलेरिया, टाइफाइड आदि जैसे रोग आते हैं। संक्रामक रोगों का परिवार में एक दूसरे को फैलने का डर होता है इस वजह से इस तरह के रोग होने पर हमें उसका तुरंत इलाज कराना चाहिए, इससे संक्रमण आगे ना फैलें। अक्सर बरसात के मौसम में संचारी रोग अधिकतर फेलते हैं। संचारी रोगों को फैलने से रोकने के लिए हम सभी को चाहिए कि हम अपने घरों के बाहर पानी इकट्ठा ना होने दें जिससे घरों में संचारी या संक्रामक रोग ना फैले।संचारी रोगों के प्रसार को रोकने के तरीकों में अच्छी स्वच्छता का पालन करना शामिल है, जैसे हाथ धोना और सतहों को कीटाणुरहित करना, कुछ खाद्य पदार्थों को अच्छी तरह से पकाना, और आवश्यक होने पर दवाएँ लेना।सभी को शपथ भी दिलवायी गई ।बैठक में सहायक अध्यापिका रीदा और अर्चना रानी का सहयोग रहा।



# परिषदीय विद्यालयों का सत्र प्रारंभ

■ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व शत-प्रतिशत नामांकन पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** 01 जुलाई से परिषदीय स्कूलों का नया शैक्षिक सत्र प्रारंभ हो चुका है। शासन और प्रशासन की ओर से सभी अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें, क्योंकि हर बच्चे को शिक्षा प्राप्त करना अनिवार्य और अधिकार है। राज्य सरकार का प्रयास है कि ग्रामीण हो या शहरी क्षेत्र, सभी बच्चे स्कूल पहुंचे और कोई भी शिक्षा से वंचित न रहे। छात्र संख्या कम होने के कारण कई प्राथमिक विद्यालयों का पास के विद्यालयों में विलय किया गया है। जिन स्कूलों में छात्रों की संख्या 43 से कम थी, उन्हें समायोजित किया गया है।

इस संबंध में प्राथमिक विद्यालयों के विलय को चुनौती देने वाली याचिकाएं हाईकोर्ट में दाखिल की गई थीं, जिन्हें न्यायालय ने खारिज कर दिया है। सरकार ने यह निर्णय शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और संसाधनों के समुचित उपयोग को ध्यान में रखते हुए लिया है।

जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया स्वयं शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के प्रयासों में सक्रिय हैं। कई विद्यालयों को 'पीएम श्री विद्यालय' के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां बच्चों को आधुनिक प्रयोगशालाएं खेलकूद के संसाधन, स्मार्ट कक्षाएं और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

शिक्षकों से अपील की गई है कि वे बच्चों की संख्या बढ़ाने हेतु प्रयास करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो। यह नामांकन अभियान 31 मार्च से चल रहा है। त्रजिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। अभिभावकों से पुनः अपील की गई है कि जो बच्चे अब तक नामांकित नहीं हो सके हैं, उनका जुलाई माह में शत - प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें।

# हापुड़ में सड़क हादसे में राज्य मंत्री गुलाब देवी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** हापुड़ नेशनल हाईवे पर मंगलवार को एक सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश सरकार में माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी घायल हो गईं।

यह दुर्घटना थाना पिलखुआ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत छिजारसी पुलिस चौकी के पास उस समय हुई जब मंत्री गुलाब देवी दिल्ली से मुरादाबाद की ओर जा रही थीं। छिजारसी टोल प्लाजा के पास आगे चल रही एक गाड़ी ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इसके बाद मंत्री की सुरक्षा में तैनात वाहन को भी रुकना पड़ा। मंत्री के वाहन का ड्राइवर समय पर ब्रेक नहीं लगा पाया। इस कारण गाड़ी सामने चल रहे वाहन से टकरा गई। हादसे के तुरंत बाद मंत्री को अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। हापुड़ पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और अस्पताल में मंत्री के स्वास्थ्य की जानकारी ली। घटना की जांच जारी है।



# ओवर लोडेड ट्रक रेलवे फाटक पर फंसा, मची अफरा-तफरी

**चन्दौसी।** अधिक मुनाफा कमाने की होड़ में वाहन स्वामी ट्रकों में निर्धारित क्षमता से अधिक माल भर रहे हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। मंगलवार को ऐसी ही लापरवाही उस समय देखने को मिली जब भैंतरी रेलवे फाटक पर लकड़ी से भरा एक ओवरलोडेड ट्रक लोहे के एंगिल में फंस गया। घटना उस समय घटी जब ट्रक संख्या यूपी 20 टी 7206, जो चंदौसी से बदायूं की ओर जा रहा था, रेलवे क्रॉसिंग को पार करने का प्रयास कर रहा था। चूंकि रेलवे क्रॉसिंग के दोनों ओर ऊंचाई नियंत्रण के लिए लोहे के एंगिल लगे हुए हैं, ट्रक की ऊंचाई अधिक होने के कारण वह उनमें फंस गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोडिंग पर सख्ती से रोक लगाई जाए और ऐसे लापरवाह ट्रक चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।




# नगरपालिका परिषद् ने मनाया 162वां स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगरपालिका परिषद चंदौसी का 162वां स्थापना दिवस नगर के बहेड़े वाला ताल के समीप स्थित स्थाई गौशाला में मंगलवार को मनाया गया। इस अवसर पर गौशाला में गौमाताओं को हरा चारा, गुड़ व पशु आहार खिलाया गया तथा परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका परिषद चंदौसी की अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने की। उन्होंने बताया कि इस बार स्थापना दिवस को सेवा और संवेदनशीलता के प्रतीक रूप में गौसेवा एवं वृक्षारोपण के माध्यम से मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर सभासदगण मौजूद रहे जिनमें तरुण कुमार नीरज, नवकांत देव, अमन कोरी, शिव कुमार सैनी, सचिन रस्तोगी, मोहित दिवाकर, किशन प्रजापति, गौरव वार्ष्णेय (रिंकू) प्रमुख रूप से शामिल थे। पालिका प्रशासन से सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, सुनील कुमार, आर.आई. ऋषभ कुमार, जेई अनुज कुमार, प्रभाकर गुप्ता, रविन्द्र कुमार, अवनेश गुप्ता, चंद्रमोहन, लवित वार्ष्णेय, मुकुल शर्मा, अर्पित श्रीवास्तव, संजय यादव, प्रमोद कुमार, नरेश कुमार एवं राजकुमार सहित अन्य कर्मचारीगण भी इस आयोजन में उपस्थित रहे।



# सम्पादकीय

बुधवार, 9 जुलाई 2025

## टैरिफ वॉर तेज

सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बांग्लादेश, जापान समेत 14 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया है। साथ ही समय सीमा में भी इजाफा किया। जैसाकि हम जानते हैं कि ट्रम्प ने टैरिफ को लेकर नौ जुलाई डेडलाइन बताई थी, जो अब एक अगस्त तक के लिए बढ़ा दी गई है। इन 14 देशों में भारत शामिल नहीं है। भारत की बातचीत बराबर चल रही है और ऐसी खबरें आ रही हैं कि अमेरिका व भारत ट्रेड डील करने के बेहद करीब पहुंच गए हैं, लेकिन यह भी कहा जा रहा है कि अगर एक अगस्त से पहले समझौता नहीं हुआ तो भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लागू हो सकता है।

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारत का रुख स्पष्ट करते हुए कहा है कि भारत राष्ट्रीय हितों को सबसे ऊपर रखेगा। मतलब साफ है कि भारत अपने हितों के अनुसार ही अमेरिका से व्यापारिक डील करेगा। अब तक अमेरिका ने सिर्फ ब्रिटेन और वियतनाम के साथ दो शुरुआती डील की हैं। अमेरिका ने म्यांमार पर 40 प्रतिशत टैरिफ लगाया है जो एक अगस्त से लागू होगा, जबकि जापान, साउथ कोरिया पर 25 प्रतिशत है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि ट्रम्प टैरिफ को लेकर बेहद गंभीर हैं और किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। ब्रिक्स से जुड़े देशों को वह चेतावनी दे चुके हैं और कह चुके हैं कि अगर ब्रिक्स देशों ने अमेरिका के हितों को चोट पहुंचाई, तो वे उन पर अतिरिक्त टैरिफ लगाएंगे। मतलब साफ है कि ट्रम्प सारे हथकंडे अपना रहे हैं। उनका व्यवहार भी स्थिर नहीं है वह कब क्या कर दें कुछ नहीं कहा जा सकता। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करते हुए जो पत्रकारों से बात की, वह उनके व्यवहार को बताने के लिए काफी है। उनका कहना था कि अमेरिका ने ब्रिटेन और चीन के साथ समझौता किया है। भारत के साथ वह व्यापार समझौते पर पहुंचने के करीब है, लेकिन यह कहते हुए वह दावा करने से नहीं चूके कि उनकी सरकार ने भारत-पाक के बीच बहुत बड़ी लड़ाई रुकवा दी थी। यह दावा पहले ही वह 14 से अधिक बार कर चुके हैं और यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मजे की बात यह है कि वह इस संघर्ष को रुकवाने में जिस धमकी का इस्तेमाल कर रहे हैं वह व्यापार की है। उनके अनुसार व्यापार ही वह शक्ति है जिसके बल पर उन्होंने भारत-पाक के बीच संघर्ष रुकवाया था। चीन ने भी ट्रम्प के रवैये की आलोचना की है, जिस तरह वह व्यापार को लेकर देशों से बात कर रहे हैं। चीन उससे नाखुश है। चीन का कहना है कि वह किसी भी प्रकार के टैरिफ और ट्रेड वॉर का विरोध करता है। टैरिफ लगाने के नाम पर धमकाना अथवा गैर जरूरी दबाव डालने का हर रास्ते पर विरोध करने की बात चीन ने कही है। अब देखना यह है कि डोनाल्ड ट्रम्प अपनी सोच को किस तरह आगे बढ़ाते हैं, लेकिन अब तक जो अमेरिकी राष्ट्रपति की जो छवि बनी है वह कोई विशेष उत्साह नहीं जगाती। उनके फैसलों से दुनिया में उथल पुथल ही अधिक मचती दिखाई दे रही है। सबसे बड़ी दिक्कत तो उनका व्यवहार है, जो किसी के समझ में नहीं आ रहा है। अब देखना है कि एक अगस्त के बाद किस तरह के समझौते सामने आते हैं।

## न्यायपालिका में कार्यपालिका का दखल नहीं होना चाहिए



डा.बीआर आंबेडकर ने संविधान सर्वोपरि की बात की थी, उनका मानना था कि न्यायपालि.का को कार्यपालिका के हस्तक्षेप से मुक्त होना चाहिए, यानी न्यायपालिका में कार्यपालिका का दखल नहीं होना चाहिए, आंबेडकर ने कहा था कि हम सभी संविधान की सर्वोच्चता में विश्वास करते हैं, जो शांति और युद्ध के दौरान देश को एकजुट रखेगा, संविधान तीनों अंगों कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका को अधिकार देता है, न्यायपालिका को नागरिकों के अधिकारों के प्रहरी और संरक्षक के रूप में काम करना चाहिए, आंबेडकर ने यह भी कहा था कि संविधान स्थिर नहीं रह सकता, इसे जैविक होना चाहिए और निरंतर विकसित होना चाहिए।

**-भूषण रामकृष्ण गवई, मुख्य न्यायाधीश**

## ई डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान

कल्पना कीजिए कि आप किसी जंगल या शहर की सड़क पर चल रहे हैं और आपको दूर-दूर तक किसी जीव या इंसान का नामोनिशान तक न दिखे, फिर भी वैज्ञानिक यह बता दें कि वहां से कौन-कौन से जीव गुजरे चुके हैं, कौन से वायरस मौजूद थे और यह भी बता दें कि वहां से गुजरने वाले लोग किस मूल के हैं और यदि यह कहा जाए कि यह कोई कोरी कल्पना नहीं, बल्कि हकीकत है तो? यह संभव हुआ है पर्यावरणीय डीएनए (ई-डीएनए) का विश्लेषण करने की एक नई तकनीक नैनोपोर सिक्वेंसिंग से। शोधकर्ताओं ने इसका इस्तेमाल किसी क्षेत्र में मौजूद जैव-विविधता की तस्वीर पेश करने में किया है।


गौरतलब है कि हर सजीव, चाहे वह इंसान हो, जानवर हों या वनस्पतियां, अपने आसपास के वातावरण में त्वचा की झिल्ली, लार, बाल या को.शिकाओं जैसे बहुत बारीक कण छोड़ते रहते हैं, जिनमें उनका डीएनए होता है। वैज्ञानिक इन कणों को मिट्टी, पानी या हवा से इकट्ठा कर यह पता लगा सकते हैं कि वहां कौन-कौन से जीव मौजूद हैं या थे। इस तरह प्राप्त डीएनए को पर्यावरणीय डीएनए या ई-डीएनए कहते हैं। पहले वैज्ञानिक मेटाबारकोडिंग नामक तकनीक से ई-डीएनए का अध्ययन करते थे। इससे यह पता चलता था कि किस तरह के जीव वहां थे, लेकिन यह तरीका धीमा, महंगा और सीमित जानकारी वाला था। फिर आई शॉटगन सिक्वेंसिंग तकनीक। इसमें किसी खास डीएनए को ढूंढने की बजाय नमूने के सम्पूर्ण डीएनए के छोटे-छोटे टुकड़ों का अनुक्रमण किया जाता है और उन्हें किसी पजल की तरह कंप्यूटर की मदद से जोड़कर पहचान की जाती है।

अब, एक नई तकनीक (नैनोपोर सिक्वेंसिंग) विकसित की गई है। इसकी मदद से वैज्ञानिक एक बार में डीएनए की लंबी श्रृंखला पढ़ सकते हैं। इससे नतीजे और भी सटीक मिलते हैं और तो और यह तकनीक न सिर्फ तेज और सस्ती है, बल्कि इतनी कॉम्पैक्ट है कि इसे लैपटॉप से जोड़ा जा सकता है। इस तकनीक को आजमाने के लिए वैज्ञानिकों ने अप्रैल 2023 में फ्लोरिडा के वॉशिंगटन ओक्स गार्डन्स स्टेट पार्क में हवा के नमूने इकट्ठा किए। उन नमूनो में डीएनए का विश्लेषण करके बताया कि वहां एक जंगली बिल्ली (बॉबकैट), एक जहरीला सांप, चमगादड़, मच्छर, एक पक्षी (ऑस्प्रे), और अफ्रीकी, यूरा.पीय और एशियाई मूल के इंसान मौजूद थे। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने वहां इनमें से कोई जीव नहीं देखा था।

इसी तरह का एक अध्ययन आयरलैंड की राजधानी डबलिन की हवा के नमूने लेकर भी किया गया। यहां वैज्ञानिकों को इंसानों की ज्यादा विविध जेनेटिक जानकारी मिली। उन्हें 221 प्रकार के इंसानी वायरस और बैक्टीरिया के डीएनए मिले जो फ्लोरिडा के मुकाबले 7 गुना अधिक थे। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह तकनीक जंगलों और शहरों में जैव विविधता की निगरानी करने में काफी उपयोगी है। इसके अलावा, बाहरी और संकटग्रस्त प्रजातियों पर नजर रखने, बीमारियां फैलाने वाले वायरस या बैक्टीरिया की पहचान करने और बिना संपर्क के इंसानी उपस्थिति तथा वंश का अध्ययन करने में भी मददगार होगी। इससे किसी भी जगह पर मौजूद जीवन की एक पूरी तस्वीर सिर्फ हवा के विश्लेषण से मिल सकती है, लेकिन इसके साथ एक चिंता भी है। यदि वैज्ञानिक हवा से इंसानी डीएनए पहचान सकते हैं, तो इसका इस्तेमाल किसी व्यक्ति पर नजर रखने के लिए भी किया जा सकता है। हालांकि अब तक के अध्ययनों में सिर्फ सामान्य वंश की जानकारी मिली है, किसी व्यक्ति विशेष की नहीं। लेकिन भविष्य में यह तकनीक इतनी विकसित हो सकती है कि व्यक्ति विशेष की जानकारी भी दे सके। कानून विशेषज्ञ नताली राम का कहना है कि सरकारें या निजी कंपनियां इस तकनीक का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर निगरानी के लिए कर सकती हैं। एक प्राइवेट कंपनी तो ऐसे छोटे ई-डीएनए स्कैनर बना रही है जो चुपचाप किसी कमरे में वायरस या इंसानी डीएनए की निगरानी कर सकता है।

हालांकि, यह तकनीक है तो बहुत रोमांचक, लेकिन अभी इस पर कफी काम किया जाना बाकी है। उदाहरण के तौर पर, वैज्ञानिकों को फ्लोरिडा के समुद्री पानी में काऊपॉक्स वायरस के डीएनए के अंश मिले हैं, जबकि वहां ऐसा वायरस पाया ही नहीं जाता है। इससे यह सवाल उठता है कि कहीं इतने छोटे डीएनए अंश झूठी या भ्रामक जानकारी तो नहीं दे रहे? वैज्ञानिकों को ऐसे नतीजों को बहुत सोच-समझकर देखना चाहिए, क्योंकि सिर्फ डीएनए का मौजूद होना यह नहीं साबित करता कि वह जीव वास्तव में वहीं है या वह सक्रिय है।

**-स्रोत फीचर्स**



## अमेरिकी बच्चों की सेहत पर 'महा' रिपोर्ट

मेक अमेरिका हेल्दी अगेन (महा - MAHA) आयोग ने हाल ही में अमरीकी बच्चों की सेहत को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में अमरीकी बच्चों में तेजी से बढ़ते जीर्ण रोगों पर चिंता व्यक्त की गई है। आयोग ने कहा है कि अमेरिका में बच्चों की सेहत पर सर्वाधिक असर अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खानपान, हवा, पानी व भोजन के जरिए रसायनों से संपर्क, सुस्त जीवन शैली, मोबाइल-लैपटॉप स्क्रीन पर बिताए गए समय और चिकित्सकीय हस्तक्षेप के अतिरेक का हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वास्थ्य सम्बंधी अधिकांश शोध फिलहाल कॉर्पोरेट प्रभाव में किया जा रहा है जिसे बदलने की जरूरत है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 2020 की आहार सम्बंधी सलाहकार समिति में 95 प्रतिशत सदस्यों के कॉर्पोरेट विश्व के साथ वित्तीय सम्बंध थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1970 के दशक के बाद बचपन में मोटापे की स्थिति में तीन गुना वृद्धि हुई है और आज साढ़े तीन लाख से ज्यादा बच्चे मधुमेह से पीड़ित हैं। तंत्रिका विकास सम्बंधी विकार बढ़ रहे हैं और हर 31 में से 1 बच्चा ऑटिज्म से प्रभावित है। वर्ष 2022 में हर 4 में से 1 किशोर लड़की में अवसाद की घटना हुई थी। आश्चर्यजनक खुलासा यह किया गया है कि फिलहाल किशोरों में मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण खुदकुशी है। रिपोर्ट बताती है कि एलर्जी, आत्म-प्रतिरक्षा रोग वगैरह भी तेजी से बढ़े हैं। और तो और, रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि कम से कम 40 प्रतिशत अमरीकी बच्चे किसी-न-किसी एक जीर्ण तकलीफ से ग्रस्त हैं। देखा जाए तो शायद रिपोर्ट के कई निष्कर्ष गलत नहीं हैं, लेकिन विशेषज्ञों ने इसे लेकर कई सवाल भी उठाए हैं। मजेदार बात यह है कि महा रिपोर्ट महज 3 माह में तैयार कर ली गई है और यही आलोचना का प्रमुख बिंदु बना है। कई विशेषज्ञों का मत है कि रिपोर्ट एआई (कृत्रिम बुद्धि) द्वारा तैयार करवाई गई है। इसे लेकर कई अन्य प्रमाण भी प्रस्तुत किए गए हैं। बहरहाल, रिपोर्ट को लेकर अन्य दिक्कतें भी सामने आई हैं। जैसे एक संस्था नॉटअस द्वारा विश्लेषण पर पता चला कि इसमें कई ऐसे अध्ययनों का हवाला दिया गया है जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। कई मामलों में शोधकर्ताओं के नाम गलत दिए गए हैं, पूरा संदर्भ नहीं दिया गया है। कई शोधकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि उनके जिस शोध पत्र का हवाला दिया गया है, वह अस्तित्व में ही नहीं है। कई मामलों में अध्ययनों के निष्कर्षों को गलत प्रस्तुत किया गया है। जैसे आईकान स्कूल ऑफ मेडिसिन की मरिआना फिगेरो के पर्चे को इस बात के प्रमाण के रूप में उद्धरित किया गया है कि स्क्रीन पर बिताया गया समय बच्चों की नींद में गड़बड़ी पैदा करता है, हालांकि यह अध्ययन कॉलेज के छात्रों पर किया गया था और इसमें नींद का मापन शामिल नहीं था। विशेषज्ञों का मत है कि ट्रम्प सरकार एक ओर तो विज्ञान में सर्वोच्च मानक स्थापित करने की बात कर रही है, वहीं ऐसे फर्जी संदर्भों, गलतबयानी वाली रिपोर्ट के आधार पर भविष्य की योजना बनाने की बात कर रही है।

## सोनमर्ग जहां हर कदम पर बिखरा है सौंदर्य

**सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं और स्वर्ग जैसी जगह का अनुभव करना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।**

जम्मू और कश्मीर राज्य के गंदरबल जिले में स्थित सोनमर्ग जिसका अर्थ है सोने की घाटी एक सुरम्य पर्यटन स्थल है, जो प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण और रोमांचक गति.विधियों का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। समुद्र तल से लगभग 2,800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह जगह गर्मियों के मौसम में हरे-भरे घास के मैदानों और जाड़ों में बर्फीले चादरों से ढकी होती है।

**प्राकृतिक सौंदर्य की अद्भुत झलक**

सोनमर्ग चारों ओर से बर्फ से ढकी ऊंची-ऊंची चोटियों, देवदार और चीड़ के घने जंगलों तथा कलकल बहती नदियों से घिरा हुआ है। यहां की सबसे प्रसिद्ध नदी है सिंध नदी, जो बर्फीले ग्लेशियरों से निकलती है और यहां के जीवन को जीवन्त बनाती है।

**प्रमुख आकर्षण स्थल**

1. **ठाजीवास ग्लेशियर**- यह सोनमर्ग से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित है और यहां का सबसे प्रमुख पर्यटन स्थल है। पर्यटक यहां घोड़ों पर सवारी करके जाते हैं और बर्फ में खेलते हैं। गर्मियों में भी यहां बर्फ देखने को मिलती है।

2. **जोजिला पास**- यह दर्रा नगर को लेह-लद्दाख से जोड़ता है। साहसिक पर्यटकों के लिए यह स्थान बेहद रोमांचक है। यह रास्ता ऊंचा, घुमावदार और रोमांच से भरपूर होता है।

3. **बालटाल**- यह अमरनाथ यात्रा का प्रमुख पड़ाव है। सोनमर्ग से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित यह जगह अमरनाथ गुफा तक ट्रेकिंग के लिए जानी जाती है।



**रोमांच और गतिविधियां**

**ट्रेकिंग**- सोनमर्ग से कई खूबसूरत ट्रेक शुरू होते हैं, जैसे गंगाबल झील ट्रेक, किशनसर और विषनसर झील ट्रेक आदि।

**फिशिंग**- सिंध नदी ट्राउट मछली पकड़ने के लिए प्रसिद्ध है।

**कैम्पिंग**- घास के मैदानों में टेंट लगाकर रात बिताने का अनुभव बेहद खास होता है।

**प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग**

सोनमर्ग उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है जो भीड़भाड़ से दूर, शांतिपूर्ण वातावरण में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेना चाहते हैं। फूलों से ढके मैदान, नीले आसमान के नीचे बर्फ से चमकते पहाड़ और पंछियों की मधुर चहचहाहट यह सब किसी चित्रपटल जैसा लगता है।

**कैसे पहुंचें**- हवाई मार्ग- निकटतम हवाई अड्डा नगर (लगभग 80 किमी) है।

**सड़क मार्ग**- नगर से सोनमर्ग तक का सफर टैक्सी या बस से आसानी से किया जा सकता है। यात्रा के दौरान मनोहारी .श्य मन मोह लेते हैं।

**यात्रा का उपयुक्त समय**- मई से सितंबर तक का समय सोनमर्ग घूमने के लिए सबसे अच्छा होता है। सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण रास्ते बंद हो सकते हैं, पर बर्फ प्रेमियों के लिए यह भी एक अनोखा अनुभव हो सकता है।

सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।

**...साभार प्रभा**

## गुरु जीवन रूपी अंधेरों को मिटाकर उजाला करते हैं



ललित गर्ग

भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है-ईश्वर से भी ऊंचा। गुरु न केवल ज्ञानदाता हैं, वे जीवन के वास्तुकार, जीवन-निर्माता एवं संस्कारदाता हैं। वे शिष्य को केवल अक्षरों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि आत्मा के स्वरूप से उसका परिचय कराते हुए उसका जीवन-निर्माण करते हैं। वे न केवल अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं, बल्कि जीवन की दुविधाओं, असमंजसों और भ्रमों को दूर कर उसे सार्थक दिशा देते हैं। ऐसे ही गुरु-तत्व के पूजन का पर्व है-गुरु पूर्णिमा, जो हर वर्ष आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को श्रद्धा और समर्पण से मनाया जाता है। हिन्दू धर्म की मान्यता के अनुसार इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते है। वेदव्यास ने चारों वेदों का संकलन किया, पुराणों की रचना की और महाभारत जैसा अद्वितीय महाकाव्य रचा।

वे न केवल ज्ञान के स्रोत थे, बल्कि आत्मबोध के महामार्गदर्शक भी थे। गुरु पूर्णिमा सन्मार्ग एवं सत-मार्ग पर ले जाने वाले महापुरुषों के पूजन का पव हैं, जिन्होंने अपने त्याग, तपस्या, ज्ञान एवं साधना से न केवल व्यक्ति को बल्कि समाज, देश और दुनिया को भवसागर से पार उतारने की राह प्रदान की है। भारतीय लोकचेतना में सत्य की ओर गति कराने एवं जीवन को जीवंतता देने वाले गुरु को ईश्वर माना गया है। इसीलिए पर्वों, त्यौहारों और उत्सवों की श्रृंखला में गुरु पूर्णिमा का सर्वोपरि महत्व माना गया है। यह अध्यात्म-जगत विशेषत: सनातन धर्म का महत्वपूर्ण उत्सव है, इसे



अध्यात्म जगत की बड़ी घटना के रूप में जाना जाता है। गुरु एक नाम नहीं, एक स्थिति है। वे केवल शरीरधारी व्यक्ति नहीं, एक दिव्य ऊर्जा हैं, जो हमारे भीतर शक्ति, ज्ञान एवं संस्कार को जागृत करती है। कबीरदास ने कहा-गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाए? यह केवल काव्यात्मक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि भारतीय आध्यात्मिक चेतना की वह आधारशिला है, जिस पर जीवन की संपूर्ण संरचना टिकी है। गुरु वही है जो मैं को गलाकर तू में मिला दे, जो अहंकार को मिटाकर आत्मा को उभार दे। यह केवल पूजा का दिन नहीं, आत्म-प्रेरणा का दिवस हैय गुरु के प्रति कृतज्ञता, मार्गदर्शन और जीवन को नया मोड़ देने वाले उस आधारस्तंभ को नमन करने का दिन है। गुरु पूर्णिमा का पर्व विशेष रूप से सनातन धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म एवं भारतीय ज्ञान परंपरा में अत्यंत पूज्यनीय है। भारत की मनीषा में गुरु केवल धार्मिक या शैक्षणिक संस्था के सदस्य नहीं हैं, बल्कि वे एक आध्यात्मिक बीज हैं, जो शिष्य के अंतर्मन में चेतना का वृक्ष बनकर प्रस्फुटित होते हैं। गुरु-शिष्य का संबंध केवल औपचारिक नहीं, आत्मिक होता है। शिष्य का अर्थ ही है-जो शीघ्र ग्रहण करे, जो समर्पित हो और गुरु का अर्थ है-गु यानी अंधकार और रु यानी प्रकाश-जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए। प्राचीन गुरुकुल परंपरा में यह संबंध अत्यंत पवित्र और जीवनपर्यंत टिकने वाला होता था। शिष्य केवल विद्या ही नहीं, गुरु के जीवन से भी सीखता था।

चरित्र, संयम, श्रद्धा, विनम्रता और सेवा जैसे गुण गुरु के व्यक्तित्व से शिष्य के भीतर स्वत: उतरते थे। महावीर ने गौतम गणधर को, बुद्ध ने आनंद को, नानक ने अंगद को, कृष्ण ने संदीपनि को और फिर स्वयं अर्जुन को शिष्यत्व प्रदान किया। राम ने गुरु वशिष्ठ और विश्वामित्र से जीवन की मर्यादा सीखी, वहीं कृष्ण ने अर्जुन को युद्धभूमि में कर्मयोग का उपदेश देकर जगतगुरु का दर्जा पाया। ये उदाहरण दिखाते हैं कि सच्चा गुरु केवल ज्ञान नहीं देता-वह जीवन का दृष्टिकोण बदल देता है। आज भौतिकतावादी युग में गुरु के प्रति आस्था में गिरावट आई है। शिक्षा संस्थान सूचना का प्रसार कर रहे हैं, लेकिन जीवन मूल्यों का संचार नहीं कर पा रहे। विद्यार्थियों को डिग्रियां तो मिल रही हैं, पर दिशा नहीं। ज्ञान है, पर विवेक नहींय विज्ञान है, पर आत्मा नहींय बुद्धि है, पर करुणा नहीं। इसका मूल कारण है-जीवन में सच्चे गुरु का अभाव। आज ट्यूटर हैं, टीचर हैं, प्रोफेसर हैं-पर गुरु नदारद हैं। ऐसे में गुरु पूर्णिमा हमें याद दिलाती है कि केवल पढ़ना-पढ़ाना पर्याप्त नहीं है, जीवन जीने की कला सिखाने वाला गुरु चाहिए। गुरु जीवन की धार को नया मोड़ देते हैं। जैसे नदी जब किसी घाट से गुजरती है, तो उसका स्वरूप बदलता है, वैसे ही गुरु का सान्निध्य शिष्य के भीतर नई चेतना, नई दृष्टि और नया जीवन का संचार करता है। वे हितचिंतक, मार्गदर्शक, विकास प्रेरक एवं विघ्नविनाशक होते हैं। उनका जीवन शिष्य के लिए आदर्श बनता है। उनकी सीख जीवन का उद्देश्य बनती है। अनुभवी आचार्यों ने भी गुरु की महत्ता का प्रतिपादन करते हुए लिखा है-गुरु यानी वह अर्हता जो अंधकार में दीप, समुद्र में द्वीप, मरुस्थल में वृक्ष और हिमखण्डों के बीच अग्नि की उपमा को सार्थकता प्रदान कर सके। गुरु केवल उपदेश नहीं देता, वह जीता है। उसकी हर बात, हर चुप्पी, हर दृष्टि, हर मौन एक शिक्षा होती है।

उसका जीवन एक ग्रंथ होता है, जिसकी हर बात शिष्य के जीवन में अमिट छाप छोड़ती है। शास्त्रों में कहा गया है-गुरु बिना गति नहीं, गुरु बिना ज्ञान नहीं, गुरु बिना मोक्ष नहीं। गुरु ही शिष्य के अंतर्मन में आत्मा की चिंगारी प्रज्वलित करता है। आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती है-सच्चे गुरु की पहचान। आज ऐसे कई कथित गुरु हैं जो अपने अनुयायियों की संख्या, चमत्कारों और धन-संपत्ति के आधार पर महान कहलाते हैं। वे गुरु नहीं, व्यापारी हैं-जो मोक्ष, आत्मज्ञान, कुण्डलिनी जागरण, रोग निवारण और चमत्कारों के नाम पर लोगों की भावनाओं का दोहन कर रहे हैं। इनसे सावधान रहने की आवश्यकता है। ऐसे अज्ञानी, धन-लोलुप और पाखंडी लोगों ने गुरु परंपरा की छवि को धूमिल किया है। सही कहा गया है-पानी पीजै छान के, गुरु कीजै जान के। सच्चा गुरु न विज्ञापन करता है, न दिखावा। वह न चमत्कार दिखाता है, न भीड़ जुटाता है। वह मौन से शिक्षा देता है, दृष्टि से दिशा देता है और आशीर्वाद से शांति देता है। उसका सान्निध्य ही साधना है, उसकी चरण-वंदना ही ऊर्जा है। गुरु पूर्णिमा हमें स्मरण कराती है कि चातुर्मास काल में जब ईश्वर निद्रा में होते हैं तब गुरु ही हमें मार्ग दिखाते हैं। वे हमारे दु:खों का हरण करते हैं, मोह का निवारण करते हैं और जीवन को नई दृष्टि देते हैं। गुरु का सच्चा सम्मान केवल उनकी मूर्ति पर फूल चढ़ाना नहीं है, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलना है। उनके उपदेशों को आत्मसात करना, अपने जीवन में विनम्रता, सेवा, संयम और समर्पण जैसे गुणों को विकसित करना ही सच्ची गुरु-पूजा है। तुलसीदासजी ने हनुमान चालीसा में लिखा है-जय जय जय हनुमान गोसाईं, कृपा करहु गुरुदेव की नाई। जिनके पास कोई गुरु न हो, वे हनुमानजी को गुरु बना सकते हैं-क्योंकि गुरुत्व एक चेतना है, एक भावना है, एक समर्पण है। पश्चिमी देशों में गुरु का कोई महत्व नहीं है, वहां विज्ञान और विज्ञापन का महत्व है परन्तु भारत में सदियों से गुरु का महत्व रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अफगान मुद्दे पर भारत ने बनाई दूरी

## संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान पर प्रस्ताव के मतदान से अलग रहा भारत

**संयुक्त राष्ट्र/नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान में महिलाओं की दशा और आंतकवाद की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र में एक प्रस्ताव पर मतदान से खुद को अलग रखते हुए कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यह सुनिश्चित करने का समन्वित प्रयास करना चाहिए ताकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से घोषित आतंकवादी संगठन और व्यक्ति अपनी करतूतों के लिए अफगान क्षेत्र का दुरुपयोग न कर सकें।



**भारत एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान के निर्माण के प्रयासों में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है**

**केवल दंडात्मक कार्रवाई से अफगानिस्तान की स्थिति में सुधार नहीं होगाः पी हरीश**

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि, राजदूत पी हरीश ने प्रस्ताव पर अपने वक्तव्य में 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले की अफगानिस्तान के तालिबान शासकों की ओर से गई कड़ी निंदा का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान के निर्माण के प्रयासों में सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। हरीश ने यह कहते हुए कि केवल दंडात्मक कार्रवाई से अफगानिस्तान की स्थिति में सुधार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इसी दृष्टिकोण से 'भारत ने इस प्रस्ताव पर मतदान से दूर रहने का फैसला किया है।

उन्होंने दोहराया कि सभी संबंधित हितधारकों के साथ निरंतर जुड़ाव और एक स्थिर, शांतिपूर्ण और समृद्ध अफगानिस्तान की दिशा में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की। भारत के राजदूत ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को यह सुनिश्चित करने के लिए अपने समन्वित प्रयास इस तरह से करने चाहिए कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से घोषित संस्थायें और व्यक्ति, अलकायदा और उनके सहयोगी, आईएसआईएल और उनके सहयोगी, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद शामिल हैं, अब आतंकवादी गतिविधियों के लिए अफ़गानिस्तान की भूमि का दुरुपयोग न करें। इन समूहों में उनके क्षेत्रीय प्रायोजक भी शामिल हैं, जो उनके संचालन में सहायता करते हैं। उन्होंने अफ़गानिस्तान के लोगों के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंधों और उनकी मानवीय और विकास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने की स्थाई प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि भारत सभी प्रासंगिक हितधारकों के साथ निरंतर जुड़ाव के लिए प्रतिबद्ध है और एक स्थिर, शांतिपूर्ण एवं समृद्ध अफ़गानिस्तान की दिशा में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों का व्यापक रूप से समर्थन करता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सोमवार को अमेरिका की आपत्तियों पर एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें अफ़गानिस्तान के तालिबान शासकों से महिलाओं और लड़कियों के उत्पीड़न को वापस लेने और सभी आतंकवादी संगठनों को खत्म करने का आह्वान किया गया। ग्यारह पृष्ठ के प्रस्ताव के पक्ष में 116 मत पड़े और भारत, रूस, चीन और ईरान सहित 12 लोगों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। प्रस्ताव जर्मनी की ओर से प्रायोजित था।



जम्मू। पंजीकरण केंद्र के बाहर पंजीकरण के लिए प्रतीक्षा कर रहे अमरनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए भोजन तैयार करते हुए।

## ब्रासीलिया पहुंचे पीएम मोदी का शिव तांडव के साथ हुआ स्वागत

**ब्रासीलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों के 8 दिवसीय विदेश यात्रा पर हैं। पीएम मोदी मंगलवार को रियो डी जनेरियो से ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। यहां पर उनका स्वागत शिव तांडव स्तोत्र और भारतीय शास्त्रीय नृत्य से किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे 'यादगार स्वागत' बताया और प्रवासियों की अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी आज ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। ब्रासीलिया पहुंचे पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो मोंटेइरो फिल्हो ने स्वागत किया। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का चौथा चरण है। पीएम मोदी के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत 'भारत माता की जय' के नारों के साथ किया। इसी दौरान पीएम के स्वागत में संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

## केन्या के विरोध प्रदर्शनों में 10 लोगों की मौत, 28 घायल

**नैरोबी।** केन्या में प्रदर्शन के दौरान सोमवार को सुरक्षा अधिकारियों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में कम से कम 10 लोगों की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि अन्य 29 घायल हो गए। इस घटना में देशभर में अशांति फैल गई है।

**इस घटना में देशभर में अशांति फैल गई है**

एक सरकारी मानवाधिकार संस्था ने यह जानकारी दी है। केन्या राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (केएनसीएचआर) ने देश के 17 काउंटियों में 37 लोगों की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी है। केएनसीएचआर ने कहा कि लूटपाट और नुकसान के मद्देजर प्रमुख शहरों में व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। छह काउंटियों में लूटपाट की घटनाएं दर्ज की गई है जबकि मध्य केन्या में संदिग्ध आपराधिक तत्वों द्वारा कुछ सरकारी कार्यालयों में आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं। मानवाधिकार संस्था ने एक बयान में कहा कि केएनसीएचआर ने पाया है कि पुलिस उच्च न्यायालय के उस आदेश की लगातार अवहेलना कर रही है, जिसमें कहा गया है कि प्रदर्शनों को रोकने वाले सभी अधिकारी वर्दी में रहें और हर समय पहचाने जाने योग्य बने रहें। पुलिस ने देश के प्रमुख सड़कों और प्रवेश बिंदुओं पर बड़े पैमाने पर पुलिस अवरोधक लगाए गए थे, जिससे लोगों की आवाजाही बुरी तरह बाधित हुई, जबकि सरकार ने 06 जुलाई को निर्देश जारी कर सभी सार्वजनिक कर्मचारियों को बिना किसी बहाने के काम पर आने को कहा था।

# इजरायल-अमेरिका की और बढ़ी नजदीकियां

## इजरायल ने नोबेल के शांति पुरस्कार के लिए ट्रम्प को किया नामित

**वाशिंगटन।** इजरायल सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। अमेरिका के दौरे पर पहुंचे इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए योग्य उम्मीदवार बताते हुए कहा कि उनको (ट्रम्प) पुरस्कार मिलना चाहिए।

नेतन्याहू ने ट्रम्प को वह पत्र भी सौंप दिया है, जिसे उनकी सरकार की ओर से नोबेल पुरस्कार समिति को भेजा गया है। इस पत्र में ट्रंप की ओर से शांति प्रयासों को बताते हुए उनको नोबेल शांति पुरस्कार देने की सिफारिश की गई है। उन्होंने ट्रम्प से कहा कि आपको यह (शांति का नोबेल) मिलना चाहिए। आप इस सम्मान के लिए पूरी तरह से योग्य हैं। गौरतलब है कि इस साल जनवरी में ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद नेतन्याहू की अमेरिका की यह तीसरी यात्रा है। नेतन्याहू की इस यात्रा का मकसद गाजा में संघर्ष विराम पर चर्चा करना है। नेतन्याहू ने अब्राहम समझौते जैसे शांति समझौतों की मध्यस्थता में ट्रंप की भूमिका की प्रशंसा की, जिसका उद्देश्य इजरायल और विभिन्न अरब देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाना है। इसके साथ ही उन्होंने अन्य वैश्विक संघर्षों में शांति बनाए रखने में अमेरिकी राष्ट्रपति के प्रयासों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प आप एक के बाद एक देश और एक क्षेत्र में शांति स्थापित कर रहे हैं।

इसलिए, मैं आपको नोबेल पुरस्कार समिति को भेजा गया पत्र दिखाना चाहता हूँ। इसमें आपको शांति पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है, जिसके आप हकदार हैं। गौरतलब है कि इससे पहले पाकिस्तान भी अमेरिकी राष्ट्रपति को नोबेल का शांति पुरस्कार देने की गुजारिश कर चुका है।

### इजरायल को अमेरिका से और हथियारों की खेप मिलने की उम्मीद

**यरूशलेम/वाशिंगटन।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है उन्हें उम्मीद है कि देश को भविष्य में अमेरिका से और हथियारों की खेप मिलेगी। नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ वाशिंगटन में सोमवार को रात्रिभोज के बाद कहा कि देश को भविष्य में पेंटागन से और हथियारों की खेप मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कम से कम कुछ समय के लिए ईरान आक्रामकता नहीं दोहराएगा लेकिन उनका देश ऐसी स्थिति के लिए तैयार है। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट में कहा गया कि दोनों नेताओं ने पिछले महीने ईरान के परमाणु ठिकानों पर इजरायल और अमेरिकी हमलों की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान एक बड़ी सफलता थी। उन्होंने हालांकि इस संभावना को स्वीकार किया कि अगर ईरान शांति बनाए रखना नहीं चाहता है तो शत्रुता फिर से शुरू हो सकती है।

## टेक्सास में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 87 हुई

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 87 हो गई है और कई अन्य लोग अभी भी लापता हैं।

स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। कैंप मिस्टिक ने सोमवार को केर काउंटी में ग्वाडालूप नदी के किनारे 99 साल पुराना ईसाई ग्रीष्मकालीन शिविर के शरणार्थियों और परामर्शदाताओं के निधन पर शोक व्यक्त किया। गौरतलब है कि भारी बारिश के कारण चार और पांच जुलाई को मध्य टेक्सास में अचानक बाढ़ आई। केर काउंटी के शेरिफ लैरी लीथा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कल सुबह तक शिविर की दस बालिकाओं और एक परामर्शदाता का पता नहीं चल पाया। उन्होंने कहा कि कल सुबह तक केर काउंटी में बाढ़ में 48 वयस्कों और 27 बच्चों की मौत की पुष्टि हुई थी, जिनमें से कई की पहचान की जानी बाकी है। मध्य टेक्सास में चार अन्य काउंटियों में 12 लोगों के मरने की रिपोर्ट सामने आई है, जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं।






# सर्बिया में सैकड़ों जंगलों में लगी आग, गर्मी के कारण राष्ट्रीय आपातकाल लागू

**बेलग्रेड।** सर्बिया में भीषण गर्मी और तेज़ हवाओं के कारण जंगलों में लगी तेजी से बढ़ रही है, जिसके कारण कई क्षेत्रों में आपातकाल की स्थिति घोषित की गई है और आग पर काबू पाने के लिए सैन्य बलों को तैनात किया गया है। सर्बिया के गृह मंत्रालय ने रविवार को बताया कि पिछले 24 घंटों में आग लगने की 200 से अधिक घटनाएं सामने आई हैं और इसके कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई और कम से कम 14 अन्य लोग जख्मी हुए हैं।

दक्षिणी नगरपालिका कुर्सुमलिजा और पूर्व में बोर में आपातकाल की स्थिति घोषित की गई है। सर्बियाई सशस्त्र बल हेलीकॉप्टर पानी के टैंकरों और विशेष उपकरणों का उपयोग करके आग पर काबू पाने के काम में जुट गए हैं। स्थानीय अधिकारियों, अग्निशामकों और स्वयंसेवकों के साथ काम करते हुए वे दक्षिणी सर्बिया में कई जगहों पर आग पर काबू पाने में कामयाब रहे हैं, हालांकि कई हॉटस्पॉट अभी भी सक्रिय हैं। बोर एक ऐसा शहर है जो अपने खनन उद्योग के लिए जाना जाता है, क्रिवेलज बस्ती के पास 100 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में जंगल की आग जल रही है। चीनी संचालित ज़िजिन माइनिग सहित स्थानीय कंपनियों द्वारा समर्थित आपातकालीन दल चुनौतीपूर्ण, हवादार परिस्थितियों में आग की लपटों से जूझ रहे हैं। बोर झील के पास और आस-पास के ग्रामीण इलाकों में भी आग लगी है। मध्य सर्बिया में सोमवार को गोर्नजी मिलनोवाक के आसपास आग के 12 घटनाएं सामने आयीं, जिससे कृषि संरचनाओं और वाहनों को नुकसान पहुंचा। क्रागुजेवैक, प्रोकुप्लजे, वलजेवो और निस जैसे शहरों में भी आग लगने की खबरें आई, जिससे घर, खेत और जंगल प्रभावित हुए। सर्बिया के उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री इविका डेसिक ने कहा कि रविवार को जंगल में आग लगने की 197 घटनाएं दर्ज की गईं। उन्होंने पुलिस, बचाव इकाइयों, हेलिकॉप्टरों और स्वयंसेवकों की भागीदारी को देखते हुए कहा कि सभी उपलब्ध संसाधन लगे हुए हैं। सरकार ने नागरिकों से खुली लपटों से बचने और किसी भी आग की सूचना तुरंत देने का आग्रह किया है।



**सर्बियाई सशस्त्र बल हेलीकॉप्टर पानी के टैंकरों और विशेष उपकरणों से आग पर काबू पाने में जुटे**











